kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-177 ❒ मंगलवार, 29 जुलाई 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



दो उत्कृष्ट भारतीय शतरंज खिलाड़ियों का एक ऐतिहासिक फ़ाइनल। युवा दिव्या देशमुख के फिडे महिला विश्व शतरंज चैंपियन 2025 बनने पर गर्व है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई, जो कई युवाओं को प्रेरित करेगी।
**नरेंद्र मोदी**

**योगी आदित्यनाथ उप्र में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने** 11

**दो घंटे की बारिश में राजधानी पटना हुआ पानी-पानी** 12

## संक्षेप

### गोरखपुर एक्सप्रेसवे पर कार का टोल टैक्स 285 रुपये तय

**लखनऊ।** नवनिर्मित गोरखपुर एक्सप्रेसवे पर टोल टैक्स एक अगस्त से वसूला जाएगा। इसके लिए टोल की दरें तय हो गईं हैं। दोपहिया, तिपहिया वाहनों व टैक्टर के लिए 140 रुपये प्रति फ़ेरा लगेगा। कार, जीप, वैन या हल्का मोटर वाहन के लिए 285 रुपये लगेंगे। इस संबंध में यूपीडा ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया। यूपीसीडा के एसीईओ श्री हरि प्रताप शाही के मुताबिक हल्के, व्यवसायिक यान, हल्के माल यान या मिनी बस के लिए 440 रुपये, बस या ट्रक के लिए 840 रुपये, भारी निर्माण कार्य मशीन 1335 रुपये टोल रखा गया है। विशाल आकार यान ओवरसाइज्ड व्हीकल सात या उससे अधिक धुरीय वाहनों के लिए 1745 रुपये रखा गया है। यह टोल दरें प्रथम टोल से अंतिम टोल के बीच लागू होंगी।

### आपरेशन सिंदूर पर चर्चा राजनीति से ऊपर उठकर लें : मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में सोमवार से शुरू होने वाली चर्चा को सत्ता व विपक्ष को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लेना चाहिए। भविष्य में महिलाओं का सिंदूर ना उजड़े और मां को अपने बेटे गंवाने न पड़े इस पर सरकार विपक्ष को मिलकर ठोस रणनीति के तहत काम करना चाहिए। उन्होंने कहा है कि यही समय की मांग भी है।

### आजमगढ़ के मुख्य अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण निगमो के कार्यो की समीक्षा बैठक में अपने क्षेत्र के फीडरों के बारे में सही जानकारी न देने पर आजमगढ़ के मुख्य अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही सभी क्षेत्रों को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये प्रदेश के सभी फीडरों की लगातार मानीटरिंग करने के साथ ही अधीक्षण अभियंता से लेकर एसडीओ , जेई तक को फीडर मेनेजर बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को उप्र पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्ज़ा निगमों के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने समीक्षा करते हुये कहा कि फीडर वाइज एसडीओ, जेई, टीजी-2 एवं संविदाकर्मी की जिम्मेदारी तय हो। इसमें विद्युत आपूर्ति, विद्युत बिल वसूली, वाणिज्यिक एवं तकनीकी लाइन हानियॉं सहित विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। फीडर वाइज सारे डाटा उपलब्ध रहें। जिससे फीडर मैनेजर के कार्यो का सही मूल्यांकन हो सके। इसके लिए एक पोर्टल बनाकर फीडर मैनेजर के डाटा सहित सभी आवश्यक डाटा उपलब्ध कराइये। उन्होंने कहा कि फीडर मैनेजर के टारगेट (लक्ष्य) तय करिये। अध्यक्ष ने सभी मुख्य अभियन्ताओं को निर्देशित किया कि 1912 पर शिकायत दर्ज होती है लेकिन यदि कोई उपभोक्ता अधिकारियों से सीधे शिकायत करता है तो भी उसकी समस्या सुनें और शिकायत का निराकरण कराये। डिस्कॉम के एमडी कॉल सेन्टर का निरीक्षण कर लें।

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में 'संग्राम'

## राजनाथ बोले- परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत, कितनी पेंसिल टूटी, यह पूछना बेईमानी

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिन्दूर को किसी के दबाव में रोकने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि इस ऑपरेशन के सभी लक्ष्य तय समय में हासिल कर लिये गये थे और इसे किसी के दबाव में नहीं रोका गया ।

श्री सिंह ने आज सदन में 'पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक आपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टालरेंस की नीति को पूरी दुनिया ने देखा और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं। ऑपरेशन सिन्दूर पूरी तरह सफल रहा और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा, ल्हमने किसी के दबाव में आकर इसे नहीं रोका बल्कि हमने दुश्मन के हर मंसूबे पर पानी फ़ेरा है। हमारा मकसद युद्ध छेड़ना नहीं बल्कि हमें आतंकवादियों के ढांचों को नेस्तनाबूद करना था जिसे 22 मिनट में हासिल कर लिया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्रवाई रोक दी जाए। यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार की गई कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है और अगर भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ तो अभियान फिर प्रारंभ होगा। रक्षा मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग पूछते हैं कि

❒ **किसी दबाव में ऑपरेशन सिंदूर रोकने के आरोप निराधार : रक्षामंत्री**

हमारे कितने विमान गिरे, यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों तो अपेक्षाकृत छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किये जाते। इससे देश की सुरक्षा, सैनिकों के सम्मान और उत्साह से ध्यान हट सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष को यह सवाल पूछना चाहिए था कि हमारी सेना ने पाकिस्तान के कितने विमानों को गिराया और कितने ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पेन और पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं करनी चाहिए बल्कि परीक्षाफल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि आज अगर विपक्ष प्रश्न पूछने में असफल है तो विपक्ष को मैं मदद करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जनता ने जब हमें विपक्ष की भूमिका दी थी, तो हमने उसे निभाया था। उन्होंने कहा कि 1962 में जब चीन के साथ युद्ध हुआ था, जब दुखद परिणाम आया तो हमने यह प्रश्न पूछा था कि हमारी देश की धरती पर दूसरे का कब्जा कैसे हुए। हमने यह प्रश्न पूछा कि हमारे सैनिक कैसे बड़ी संख्या में मारे गए। मशीनों और तोपों की चिंता न करके हमने देश की सीमा और सैनिकों की चिंता की।

श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के तालमेल का बेमिसाल उदाहरण है और इसमें पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया गया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर को अंजाम देने से पहले हर पहलू पर बहुत गहराई से अध्ययन किया गया था और यह विकल्प चुना गया था कि केवल आतंकवादियों और उनके ठिकानों को ही धवस्त करना है और पाकिस्तान के आम नागरिकों को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं थी बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का निर्णायक प्रकटीकरण था। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में 2014 के बाद उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। भारत आतंकवाद के हर रूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार और सेना सब मिलकर देश की एकता अखंडता के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी जरूरी कदम उ?ठाये जायेंगे। रक्षा मंत्री ने बताया कि हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की और निर्णायक कार्रवाई की पूरी छूट दी। इसके बाद हमारी सेना ने आतंकवादियों को उनके ठिकानों में घुसकर मार गिराया। सेना ने हमारे देश की माताओं और बहनों के सिन्दूर का बदला लिया है। यह सिन्दूर अब सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि शौर्य की गाथा बन चुका है। मैं बेहद सावधानी से कह रहा हूं, इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी और उनके हैंडलर मारे गए हैं। वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है, लेकिन हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी संख्या गलत न बतायी जाये। श्री सिंह ने कहा कि हमने केवल जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान ने हालांकि हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमला ● शेष पेज 11 पर

### आपरेशन सिंदूर के दौरान मोदी और ट्रंप के बीच नहीं हुई कोई बातचीत : जयशंकर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच कोई बातचीत नहीं हुई थी और पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने ● शेष पेज 11 पर

## पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्य जनता के सामने लाये जाने चाहिए: विपक्ष

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। विपक्ष ने लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर शुरू हुई चर्चा के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्यों को सदन में रखे जाने की मांग की।

कंग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार को पहलगाम हमले को लेकर पूरी सच्चाई देश के सामने लानी चाहिए और कंग्रेस सच्चाई के साथ है, लोकतंत्र के साथ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित तभी तथ्य संसद में रखे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान के साथ युद्ध में रफाल लड़ाकू विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसकी जानकारी देश को देनी चाहिए। ये अरबों रुपये की कीमत के विमान हैं और भारत के पास सिर्फ 35 रफाल विमान हैं, ऐसे में इनकी जानकारी दिया जाना बहुत जरूरी है। तृणमूल कंग्रेस के कल्याण बनर्जी ने चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय सिर्फ सैन्य बलों को मिलेगा, इसकी सफलता का श्रेय कोई और नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के दौरान अस्पतालों में मरीजों से डॉक्टर जूझ रहे थे लेकिन उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ले रहे थे, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय भी श्री मोदी ही लेने की कोशिश कर रहे हैं। इसका श्रेय देश के सैन्य बलों को ही मिलेगा। श्री बनर्जी ने पाकिस्तान के साथ अचानक युद्ध विराम की घोषणा पर सवाल उठाते हुये कहा कि जनता तो सोच रही थी कि इस बार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर भारत कब्जा कर ही लेगा लेकिन अचानक खबर आयी कि युद्ध विराम कर दिया गया। अचानक युद्ध विराम करके जनता की इच्छाओं पर कुठाराघात किया गया। उन्होंने सवाल उठाते हुये कहा, क्रिकेट मैच के दौरान बल्लेबाज के 99 रनों के स्कोर पर क्या कोई पारी घोषित करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भ्रम है कि वह आतंकवादी करतूतें करवाकर भारत की तरक्की को रोक पायेगा, वह गलतफहमी में है, 140 करोड़ लोगों का देश विकास पथ पर तेजी से चलता रहेगा। उन्होंने सरकार से कहा, पाकिस्तान को मारो, पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ है। श्री बनर्जी ने ● शेष पेज 11 पर

# मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादी

## पहलगाम हमले का 'मास्टरमाइंड' भी शामिल



**एजेंसी**

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के बाहरी इलाके दाचीगाम में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये तीन आतंकवादियों में एक आतंकवादी पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन का कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के दाचीगाम इलाके की ओर बढ़ने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने इलाके में तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने इसे 'ऑपरेशन महादेव' नाम दिया था। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गयी। दोनों पक्षों के बीच चली गोलीबारी ● शेष पेज 11 पर

## 21 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ। राज्य सरकार ने 21 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। अनूप कुमार एडीएम (नगर) आगरा को संयुक्त निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार लखनऊ बनाया गया है। राजेश कुमार एडीएम (वि/रा) बांदा से प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ, कुमार धर्मेंद्र प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ से एडीएम (वि/रा) बांदा, सालिक राम एसडीएम गाजीपुर से नगर मजिस्ट्रेट रामपुर, अतुल कुमार एसडीएम संबद्ध राजस्व परिषद लखनऊ से एसडीएम गाजीपुर बनाए गए हैं। शैलेंद्र प्रताप एसडीएम संबद्ध राजस्व परिषद से एसडीएम सुल्तानपुर, अरुण कुमार एसडीएम संबद्ध राजस्व परिषद से एसडीएम कौशांबी, संजय कुमार एसडीएम संबद्ध राजस्व परिषद से एसडीएम फतेहपुर, प्रवीण कुमार द्विवेदी एसडीएम संबद्ध राजस्व परिषद से एसडीएम मुजफ्फरनगर और श्रीराम यादव एसडीएम संबद्ध राजस्व परिषद से एसडीएम हापुड़ बनाए गए हैं। यमुनाधर चौहान प्रधान प्रबंधक सहाकारी चीनी मिल संघ लखनऊ से एडीएम (नगर) आगरा, रामकेश सिंह एडीएम कन्नौज ● शेष पेज 11 पर

# अवसानेश्वर मंदिर में करंट उतरने से भगदड़, दो मरे, 30 घायल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को करंट उतरने से मची भगदड़ में दो श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी जबकि 30 से अधिक घायल हो गये जिनमें पांच की हालत गंभीर बनी हुयी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुये मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सावन का तीसरा सोमवार होने के चलते श्रद्धालु प्रातः तीन बजे से मंदिर में जल अभिषेक करने के लिये कतारबद्ध थे कि इस बीच मंदिर के बाहर लगे टीन शेड पर बिजली का तार टूट कर गिर गया जिससे करंट उतर आया और भगदड़ मच गई। उन्होने बताया कि भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक घायल ● शेष पेज 11 पर

### मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाराबंकी स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर में हुए हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बाराबंकी स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं राहत कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने देवाधिदेव महादेव से दिवंगत आत्माओं को सद्गति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभप्रदान करने की प्रार्थना की है। ● शेष पेज 11 पर

# मतदाता सूची प्रारुप के प्रकाशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद आगामी एक अगस्त को मतदाता सूची के प्रारुप को प्रकाशित करने से रोकने से सोमवार को इनकार कर दिया और साथ ही यह भी कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में यदि कोई वैधता संबंधी कोई खामी पाई जाती है तो वह उसे रद्द कर सकती है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन रोकने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि यदि वैधता संबंधी कोई उल्लंघन पाया गया तो अदालत पूरी प्रक्रिया को रद्द कर सकती है।

शीर्ष अदालत ने एक बार फिर चुनाव आयोग से कहा कि वह इस उद्देश्य के लिए आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को शामिल करने पर विचार करे, क्योंकि वे वैधानिक रूप से सही हैं। अदालत ने बिहार में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में चल रही मतदाता सूची पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। शीर्ष न्यायालय ने चुनाव आयोग से कहा था कि वह पुनरीक्षण के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड-इन तीन दस्तावेज़ों पर विचारे। अदालत ने कहा था कि ये दस्तावेज़ मतदाताओं के सत्यापन के लिए चुनाव आयोग द्वारा सूचीबद्ध निवास और जाति प्रमाण पत्र सहित 11 दस्तावेज़ों में से किसी को भी प्राप्त करने के लिए आधारभूत रिकॉर्ड हैं।

अदालती आदेश पर चुनाव आयोग ने 21 जुलाई को 88 पन्नों का एक हलफनाम दाखिल किया, जिसमे उसने आधार कार्ड और राशन कार्ड को 11 दस्तावेजों की सूची से बाहर रखने का बचाव करते हुए कहा है कि यह अनुच्छेद 326 के तहत मतदाता की पात्रता की जांच में मदद नहीं करता है। साथ ही यह भी कहा कि 11 दस्तावेजों की यह सूची यह संपूर्ण नहीं है , केवल सांकेतिक है। कई याचिकाकर्ताओं ने अदालत में जवाबी हलफनामा दाखिल कर चुनाव आयोग की इन दलीलों को बेतुका करार दिया है।

विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के संबंध में चुनाव आयोग के गत जून को जारी आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं में इसे (आदेश को) अव्यावहारिक और मनमाना बताते हुए रद्द करने की मांग शीर्ष अदालत से की गई है। कंग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, तृणमूल कंग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी सांसद सुप्रिया सुले, सीपीआई के महासचिव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद सरफराज अहमद और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य ने यह मांग करते हुए याचिका ● शेष पेज 11 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से पूछे सवाल, अगली सुनवाई कल

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नगदी बरामद होने के आरोपों का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से सोमवार को पूछा कि संबंधित न्यायिक आंतरिक जांच समिति द्वारा अपनी जांच पूरी करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का इंतज़ार क्यों किया। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके अधिवक्ता से पूछा कि उन्होंने आंतरिक जांच समिति के गठन की वैधता को चुनौती क्यों नहीं दी और अगर यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत था तो उन्होंने इसके अधिकार क्षेत्र को क्यों स्वीकार किया। पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से सवाल किया, ल्जब समिति गठित की गई थी तब आपने चुनौती क्यों नहीं दी? आपने इंतज़ार क्यों किया? न्यायाधीश पहले भी इन कार्यवाहियों में शामिल होने से बचते रहे हैं। पीठ ने उनसे से पूछा कि क्या यह सच नहीं है कि आंतरिक जांच रिपोर्ट केवल एक तथ्य-खोज दस्तावेज़ है, न कि साक्ष्य और वह इससे कैसे असंतुष्ट हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के तहत जांच में मुद्दे की पड़ताल करने और शपथ के तहत साक्ष्य लेने की व्यापक शक्तियां हैं। अदालत ने यह भी बताया कि शीर्ष न्यायालय के निर्णयों ने आंतरिक प्रक्रिया की पवित्रता को बरकरार रखा है। इस पर वरिष्ठ वकील सिब्बल ने जवाब दिया, ल्लेकिन तब इसे (रिपोर्ट) मेरे खिलाफ नहीं माना जा सकता। मैं इसलिए पेश हुआ क्योंकि मुझे लगा कि समिति पता लगा लेगी कि यह नकदी किसकी है। श्री सिब्बल ने यह भी तर्क दिया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को याचिकाकर्ता को हटाने की सिफारिश करना संवैधानिक प्रावधानों के विरुद्ध है। किसी न्यायाधीश को हटाने की सिफारिश करना मुख्य न्यायाधीश के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने दलील दी कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को रिपोर्ट भेजना गलत था, क्योंकि महाभियोग प्रस्ताव सांसदों द्वारा प्रस्तुत किया जाना था, न कि सरकार द्वारा। इस पर अदालत ने कहा कि उनके मामले में नियुक्ति प्राधिकारी राष्ट्रपति थे, जिन्होंने मंत्रिपरिषद की सलाह और सहायता के अनुसार कार्य किया, इसलिए आंतरिक जाँच रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी जानी चाहिए। श्री सिब्बल ● शेष पेज 11 पर

# छांगुर कोर्ट में पेश, पांच दिन की रिमाण्ड मिली

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। अवैध धर्मातरण और विदेशी फंडिंग से करोड़ों रुपये के लेन-देन के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर की पांच दिन की रिमाण्ड ईडी के विशेष न्यायाधीश राहुल प्रकाश ने स्वीकृत कर दी है। ईडी ने छांगुर को सात दिन की रिमाण्ड देने के लिए अर्जी दी थी। रिमाण्ड अवधि एक अगस्त तक रहेगी। इस अवधि में ईडी 100 करोड़ रुपये के लेन-देन के अलावा उससे अन्य सम्पत्तियों के बारे में सवाल जवाब करेगी। इससे पहले छांगुर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कोर्ट में पेश किया गया था। रिमाण्ड स्वीकृत होने पर ईडी उसे अपनी सुपुर्दगी में लेकर चली गई। ईडी ने अपनी रिमाण्ड अर्जी में भी लिखा था कि आरोपी मनी लांड्रिंग की धारा-तीन का दोषी है और उसे कस्टडी रिमाण्ड पर लिया जाना जरूरी ताकि उससे कई बिन्दुओं पर पूछताछ की जा सकी।

❒ **100 करोड़ से अधिक लेन-देन पर होंगे सवाल जवाब**



उससे यह पता किया जाना है कि धर्मातरण में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल रहे। इन लोगों की अवैध सम्पत्तियां कहां बनाई गई है। छांगुर व उसके सहयोगियों के खाते किन-किन बैंकों में है। ईडी ने यह भी लिखा था कि यह प्रकरण देश हित से जुड़ा है। 17 जुलाई को ईडी ने छापा मारा था ईडी ने कोर्ट में बताया कि 17 जुलाई को उसने छांगुर, नवीन, महबूब, राजेश कुमार उपाध्याय, दुर्गेश कुमार संतोष कुमार, शहजाद शेख, वसीम अहमद, शमीम मलिक, मलिक अली अहमद, जुम्मन खान एवं मोहम्मद इक्तिदाखान के 15 ठिकानों पर तलाशी ली थी। एटीएस ने ● शेष पेज 11 पर

# प्रयागराज नगर निगम में जीआईएस सर्वे को लेकर उठे सवाल

**पारदर्शिता और प्रक्रिया पर गहराया संदेह, निओ जिओ को मिला है ठेका**

**पहले भी हो चुका है टैक्स को लेकर करोड़ों का घोटाला**

**सीटीओ ने कहा 2020 में शुरू हुआ जीआईएस सर्वे अभी भी है जारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । नगर निगम प्रयागराज एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पहले जहां करोड़ों के टैक्स घोटाले की गूंज सुनाई दी थी, वहीं अब संपत्ति सर्वेक्षण (क्क्ष्ट सर्वे) को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। नगर निगम प्रशासन ने दावा किया है कि अब तक 90,000 से अधिक घरों पर क्क्ष्ट सर्वे आधारित टैक्स लागू किया जा चुका है और नोटिस जारी किए जा रहे हैं, लेकिन यह प्रक्रिया पारदर्शी और समावेशी नहीं दिख रही है।सूत्रों के अनुसार, क्क्ष्ट सर्वे का जिम्मा निओ जिओ इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी को सौंपा गया था। इस कंपनी ने बताया कि सर्वे कार्य 2019 में शुरू होकर 2022 में समाप्त हो गया, जबकि नगर निगम के नए सीटीओ पी.के. मिश्रा का कहना है कि सर्वे 2020 में शुरू हुआ और अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि 2 लाख 31,149 मकानों का सर्वे पूरा हो चुका है, जिसमें से 1 लाख 26,547 का डाटा मिलान हो चुका है, जबकि शेष 80,428 मकानों का मिलान अभी बाकी है।सिर्फ पुराने 5 जोन क्षेत्र का हुआ है सर्वे, बाकी क्षेत्र उपेक्षितगंभीर बात यह है कि यह सर्वे सिर्फ पुराने 5 जोनों तक ही सीमित रहा है। वर्तमान में प्रयागराज नगर निगम में कुल 8 जोन हैं, जिनमें हाल ही में झूसी जैसे नए क्षेत्र जोड़े गए हैं। इन नए क्षेत्रों का सर्वे अब तक नहीं हुआ है। इसके बावजूद 90,000 से अधिक घरों को नोटिस जारी किया जाना यह दर्शाता है कि आधी अधूरी जानकारी के आधार पर टैक्स लागू किया जा रहा है।सर्वे की प्रक्रिया और गुणवत्ता पर सवालसर्वे की पद्धति और निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कंपनी ने डोर-टू-डोर सत्यापन का दावा किया है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो उनके पास कोई सर्वे टीम आई, न ही उनसे किसी प्रकार की जानकारी ली गई। कई जगह मकान किसी और के नाम दर्ज है, जबकि उसमें कोई और रह रहा है। लोगों को बिना जानकारी दिए टैक्स बढ़ा दिया गया है, जिससे जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है।टेंडर और भुगतान की जानकारी अस्पष्टजब कंपनी के टेंडर, अनुबंध और भुगतान की जानकारी ली गई, तो पता चला कि यह अनुबंध लखनऊ स्तर से हुआ है और नगर निगम प्रयागराज को सिर्फ एक पत्र मिला है। अधिकारी यह कहकर बचते नजर आए कि निगम ने कोई भुगतान नहीं किया है। ऐसे में सवाल उठता है कि सर्वे कार्य के लिए धन कहाँ से आया, किस स्तर पर निगरानी थी और भुगतान किसने किया?निष्कर्षः प्रयागराज नगर निगम में क्क्ष्ट सर्वे से जुड़े सवाल अब गंभीर होते जा रहे हैं। सीमित क्षेत्रों तक सिमटा सर्वे, अपूर्ण डाटा, बिना सत्यापन के टैक्स नोटिस और टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता का अभाव ऽ ये सभी बातें दर्शाती हैं कि नगर निगम में व्यवस्थागत खामियां मौजूद हैं। अब देखना यह है कि नगर आयुक्त और शासन इस पर क्या कार्रवाई करते हैं, या फिर यह मामला भी पुराने टैक्स घोटाले की तरह दबा दिया जाएगा।

# गोमती नगर में अवैध निर्माणों को फिर किया गया सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए द्वारा अवैध निर्माणों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को गोमती नगर क्षेत्र में एक बार फिर सख्त कार्रवाई की गई। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने विनम्र खण्ड एवं विभूति खण्ड में हो रहे अवैध निर्माणों को पुनः सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि लल्ली उपाध्याय व अन्य द्वारा विनम्र खण्ड के भूखण्ड संख्या 2/22 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मेसर्स भव्या क्रियेटर्स प्रा. लि. के निदेशक अम्बरीश तिवारी द्वारा विभूति खण्ड स्थित भूखण्ड संख्या टी.सी.-24वी पर लगभग 4775 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अनधिकृत निर्माण कार्य किया जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि दोनों स्थलों पर पूर्व में भी सीलिंग की गई थी, बावजूद इसके निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया था। इस पर प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर पुनः सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया।

## जनका गांव में युवक ने फांसी लगाकर दी जान



प्रयागराज । पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के जनका गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव निवासी उदय सिंह उर्फ नेता (पुत्र गोपाल, उम्र 30 वर्ष) का शव बीती रात छत के चुल्ले से लुग्गी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया।परिजनों ने जब यह दृश्य देखा तो रोना-पीटना मच गया। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।ग्रामीणों में इस दुखद घटना को लेकर शोक का माहौल है, वहीं परिजन गहरे सदमे में हैं।

## उत्तर मध्य रेलवे का यात्रियों को तोहफा, विशेष ट्रेनों के फ़ेरे बढ़ाए गए

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु दानापुर से सर एम.वि.टी. बेंगलुरु के बीच चलने वाली विशेष ट्रेनों के अतिरिक्त फ़ेरों का निर्णय लिया गया है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह फ़ेरे यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अस्थायी रूप से बढ़ाए जा रहे हैं। कुल दो गाड़ियों के संचालन की अवधि को विस्तारित किया गया है, जिनमें सप्ताह में दो दिन चलने वाली ट्रेनें और साप्ताहिक ट्रेनें शामिल हैं।गाड़ी संख्या 03251 दानापुर से सर एम.वि.टी. बेंगलुरु के लिए रविवार और सोमवार को चलेगी, जबकि वापसी में 03252 बेंगलुरु से दानापुर मंगलवार और बुधवार को चलेगी। इसका विस्तारित संचालन 3 अगस्त 2025 से 25 अगस्त 2025 तक किया जाएगा। इन ट्रेनों में कुल 24 कोच होंगे, जिनमें ट्टख्रटक2, सामान्य-6, स्लीपर-12, एसी तृतीय-2 और एसी द्वितीय-2 कोच शामिल हैं। यह ट्रेन कुल 8 फ़ेरे लगाएगी।दूसरी ओर, गाड़ी संख्या 03259 दानापुर से बेंगलुरु साप्ताहिक रूप से मंगलवार को चलेगी, जबकि वापसी गाड़ी संख्या 03260 गुरुवार को बेंगलुरु से दानापुर के लिए रवाना होगी। इसका संचालन 5 अगस्त से 26 अगस्त 2025 तक किया जाएगा और यह ट्रेन कुल 4 फ़ेरे लगाएगी।रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे ट्रेनों की समय-सारणी और अन्य जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 139, टथद्बद्य ख्रथदथद मोबाइल ऐप या वेबसाइट बबब.न्थद्बद्यद्बथदथद.द्बद्बदद्बथद्बन्थद्बद्य-बथभप.द्दथफ.द्बद्ब का उपयोग करें। यह जानकारी उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी द्वारा जारी की गई है।

## खरीफ फसलों की बुवाई का समय प्रारम्भ

उन्नाव। क्रषि अधिकारी शशांक ने निर्देशित किया कि जनपद में खरीफ फसलो की बुवाई का समय प्रारम्भ हो चुका है। जिसमें नत्रजन उर्वरक का प्रयोग अधिक किया जाता है। वर्तमान में जनपद में यूरिया 22958 मै0टन, डी0ए0पी0 3397.00 मै0टन एवं एन0पी0के0 5027.00 मै0टन उर्वरक उपलब्ध है, जिसका वितरण जनपद के समस्त निजी बिक्री केन्द्रो एवं सहकारी समितियों पर कराया जा रहा है। वर्तमान में जनपद मे उर्वरको की कोई कमी नही है। खरीफ की मुख्य फसल धान व मक्का का बुवाई कार्य प्रारम्भ हो चुका है। वर्तमान में जनपद में नत्रजन/फास्फ़ेटिंक उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आगे खपत एवं मॉग के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित कराई जायेगी । समास्त उर्वरक विक्रेताओ को निर्देशित किया जाता है कि कृषको को जोत/भूमि के अनुसार आधार कार्ड पर पी0ओ0एस मशीन के माध्यम से ही उर्वरक का विक्रय करें। उर्वरको की बिक्री करे साथ ही बोरी पर अंकित दर पर उर्वरक देते हुयें पी0ओ0एस0 रसीद अवश्य दे तथा उर्वरक के साथ में किसी प्रकार की अन्य उत्पाद की टैगिंग बिना कृषक की अनुमति के न करें। यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा अधिक दर पर ,बिना कृषक के जोत अनुसार, संस्तुत मात्रा से अधिक उर्वरक बिक्री करता है तो सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिये उर्वरक विक्रेता स्वंय उत्तरदायी होगा।साथ ही उर्वरको से सम्बन्धित कोई भी शिकायत हो तो कन्ट्रोल रूम के मो0नं0 7839882173 पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्य दिवस में अवगत करा सकते है।

## मजिस्ट्रेट व पुलिस ने रोका रोहिंग्या से चर्चित जमीन का निर्माण



गोरखपुर । उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद नगर के कबाड़ी रोड पर स्थित एक भूखंड पर रविवार को निर्माण कार्य को एसडीएम सदर के मौखिक आदेश पर मजिस्ट्रेट ने पुलिस के सहयोग निर्माण कार्य रोकवा दिया । जिससे एक बार पुनः कथित रोहिंग्या वाले मामले के जमीन पर तनाव का माहौल बन गया है। इस बारे भूस्वामी सैयद अदनान फारूख शाह के पैरोकार गणेश अग्रवाल ने बताया कि नगर का आराजी नंबर 619 सैयद अदनान फारूख अब्दुल्ला शेख की पुस्तैनी जमीन है। तथा 626 पोखरी की जमीन है । उक्त जमीन को कुछ जालसाज अपना बता अवैध कब्जा कर रहे थे। जिसके बचाव के दो माह पहले उक्त जमीन का बाऊन्ड्री वाल कराया जा रहा था। आरोप लगाया कि नगर के भूमाफिया मुरारी लाल व उनकी पत्नी पूर्व चेयरमैन अनुपमा आर्या जमीन को अपना बताकर निर्माण में लगे मजदूरों को रोहिंग्या का अफवाह फैला दिया। जिसके दबाव में एसडीएम सदर कोर्ट 5.3.25 को विवाद रोकने के लिए जमीन को 165(1) बीएनएस में जब्त कर लिया। तथा निर्माण कार्य रोकवा दिया। उन्होंने बताया कि जब्ती आदेश के विरुद्ध मा.उच्च न्यायालय में वाद योजित की गई। पक्षकार मुरारी लाल हाजिर नहीं हो रहे थे। तब मा.कोर्ट ने उक्त आदेश को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया। उसके अनुपालन में एसडीएम सदर कोर्ट ने भी 23.7.25 को अपने आदेश को स्थगित कर दिया। पूरानी स्थिति बहाल होने पर आज पुनः निर्माण शुरू किया गया। तो भूमाफियाओं के दबाव में एसडीएम सदर दूरभाष से तथा नायब तहसीलदार व थानेदार को मौखिक आदेश देकर काम रोकवा दिया। कोई लिखित आदेश देने से बच रहे हैं।इस बारे में मीडिया से बात करते हुए मुरारी लाल की पत्नी पूर्व चेयरमैन अनुपमा आर्या ने बताया कि 626/1 हमारी भूमि धरी की जमीन है। जिस पर कुछ भूमाफिया अवैध कब्जा करना चाहते हैं। सीमांकन भी कराया गया। पुनः इसकी कार्रवाई मंडलायुक्त के यहां लम्बित है। इस बारे में मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार अरविन्द पाण्डेय ने बताया कि एसडीएम सदर के मौखिक आदेश पर काम रोका गया है। एसडीएम कोर्ट के आदेश का हवाला देकर पूछने पर कहा फिर जैसा आदेश होगा उसका पालन कराया जाएगा।

# किसान और अधिवक्ता में हुई मारपीट डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के झलवा इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब अधिवक्ता किशान और शिवम चौधरी के बीच दिनदहाड़े सरेआम मारपीट की गई। घटना थाना परिसर से महज कुछ ही दूरी पर घटी, लेकिन मदद के लिए अधिवक्ता सड़क पर घायल हो गया और मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस मूकदर्शक बनी रही। अधिवक्ता शिवम चौधरी ने आरोप लगाया है कि झलवा निवासी एक किसान नेता ने उनके साथ मारपीट की। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिसमें अधिवक्ता को घायल अवस्था में जमीन पर गिर गया ।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एयरपोर्ट थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।बताया जा रहा है कि यह पहली बार नहीं है जब अधिवक्ताओं के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं। अधिवक्ताओं से मारपीट के वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे हैं, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।घटना को लेकर अधिवक्ता समुदाय में आक्रोश है और कई अधिवक्ताओं ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अब देखना होगा कि पुलिस इस बार क्या कदम उठाती है।

# बारा विधायक ने किया 16 सड़कों समेत कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

**नगर पंचायत शंकरगढ़ को मिली करोड़ों की सौगात, ग्रामीणों ने जताया आभार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने सोमवार को विकासखंड शंकरगढ़ में करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली कई अहम विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम सभा बड़गड़ी के मजरा रमना में सबरी माता आश्रम मार्ग के शिलान्यास से हुई। इसके बाद राम भवन तिराहा से सदर बाजार होते हुए रेलवे क्रॉसिंग तक सीसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में कुल 16 सड़कों के निर्माण व मरम्मत कार्यों की सौगात जनता को दी गई। चुंदवा (रानीगंज) गांव में सीसी रोड का शिलान्यास करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु हर गांव और गली तक मजबूत सड़कें बनाना प्राथमिकता है। उन्होंने वार्ड नंबर 9 और 10 में विधायक निधि से बनी सड़कों का विधिवत उद्घाटन भी किया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में कृष्णा मैरिज गार्डन में आयोजित स्वागत समारोह में डॉ. वाचस्पति का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय जनता ने जोरदार तालियों के साथ विधायक का आभार प्रकट किया।उपस्थित प्रमुख लोगःपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधुपति, डॉ. विनोद त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि फूल चंद्र पटेल, विजय कुमार निषाद, मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, अखिलेश पटेल, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, गुड्डू पटेल, आशीष पाल, रुद्र प्रताप मिश्रा, शक्ति मान पाल, राम जतन बंसल, राजकुमार पटेल, रोहित केसरवानी, संदीप पटेल, राजू द्विवेदी, जय सिंह पटेल, शेर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, धीरज सिंह, प्रकाश सिंह, पंकज गुप्ता, सुजीत केसरवानी, नितेश, राज भैया, धीरज सोनी, राकेश पाठक समेत सैकड़ों स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।जनता की मांग पर मिला जवाबस्थानीय नागरिकों ने कहा कि वर्षों से उपेक्षित सड़कों के लिए अब जाकर ठोस पहल हो रही है। क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों से जनता में भरोसा बढ़ा है।

# प्रयागराज नगर निगम का जनसंपर्क विभाग सवालों के घेरे में

**सूचनाओं को लेकर बृजेश कुमार की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । नगर निगम प्रयागराज में तैनात जनसंपर्क सूचना अधिकारी का कार्य देख रहे बृजेश कुमार इन दिनों गंभीर आरोपों के चलते चर्चाओं में हैं। उन पर लगातार लापरवाही, गैर-जिम्मेदाराना रवैये और सूचना तंत्र को नजरअंदाज करने के आरोप लगे हैं, जिससे न सिर्फ निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है बल्कि आम जनता तक पहुंचने वाली जानकारी का प्रवाह भी बाधित हो गया है।बृजेश कुमार वर्ष 2010 में नगर निगम में नौकरी पर आए और वर्ष 2012 से जनसंपर्क एवं सूचना अधिकारी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। लेकिन अब यह सवाल उठ रहा है कि वह इतने वर्षों से यह कार्य किस तरह देख रहे हैं, जबकि मूलभूत कार्य जैसे समाचार पत्रों की कटिंग, मीडिया मॉनिटरिंग और अधिकारियों को सूचित करना भी नियमित नहीं हो पा रहा है।सूत्रों के मुताबिक, जनसंपर्क कार्यालय में आने वाले समाचार पत्रों को बिना पढ़े और बिना रिकॉर्ड किए कूड़े में फेंक दिया जाता है। बृजेश कुमार द्वारा यह स्वीकार किया गया कि जो अखबार सुबह 8 बजे तक आ जाते हैं, केवल उन्हीं की कटिंग की जाती है। 8 बजे के बाद आने वाले अखबारों को न तो देखा जाता है और न ही उनसे जुड़ी कोई जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुँचाई जाती है। यह गंभीर लापरवाही नगर निगम की छवि को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही है।जब उनसे इस कार्यशैली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए कहा कि वे अक्सर नगर आयुक्त के साथ फील्ड ड्यूटी में रहते हैं, इस कारण समाचार मॉनिटरिंग नहीं कर पाते। वहीं, उनकी अनुपस्थिति में जिन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, कर्मचारी मनीष पाल, वह भी अक्सर गैरहाज़िर पाए गए हैं। उनके कक्ष में जाकर देखा गया तो ताला बंद मिला।जनसंपर्क सूचना की की जिम्मेदारी होती है कि वे मीडिया से समन्वय बनाए रखें, प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी करें, और नगर निगम से जुड़ी खबरों की समीक्षा कर अधिकारियों को समय पर जानकारी दें। लेकिन जब वर्षों से इस पद पर तैनात अधिकारी ही अपने कार्यों में उदासीनता बरत रहे हों, तो सवाल उठना स्वाभाविक है।अब ज़रूरत है कि नगर आयुक्त इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराएं और जनसंपर्क तंत्र को फिर से व्यवस्थित करें। क्योंकि यह मामला केवल एक अधिकारी की लापरवाही नहीं, बल्कि सूचना अधिकार और प्रशासन की पारदर्शिता से भी जुड़ा है, जिस पर जनता की सीधी निगरानी रहती है।

# आबकारी विभाग की बड़ी कर्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिला आबकारी विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को विभाग ने थाना गुरबख्शगंज के अंतर्गत ग्राम घाटमपुर , गम्भीरपुर, बरुवा एवं थाना बछरावा के अंतर्गत ग्राम कन्नावा, खैरानी में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों / संदिग्ध घरों पर दबिश की बड़ी कार्यवाही की। टीम द्वारा दबिश के दौरान 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कराते हुए चार अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये। जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी जारी रखी जाएगी।

# अब गुपचुप नहीं होगा बैनामा, ये सॉफ्टवेयर सबको बता देगा सच्चाई : बृजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। संपत्ति बैनामा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए निबंधन विभाग ने सॉफ्टवेयर में बदलाव किए हैं। अब गलत मोबाइल नंबर और पैन-आधार की जानकारी देने पर आवेदन आगे नहीं बढ़ेगा। खरीद-बिक्री का ब्यौरा पैन कार्ड और आधार कार्ड से लिंक होगा जिससे जानकारी छुपाना मुश्किल होगा। नया सॉफ्टवेयर जल्द ही शुरू होगा। अब गुपचुप नहीं होगा बैनामा, साफ्टवेयर सबको बता देगारायबरेली- किसी भी संपत्ति का बैनामा कराकर उसे छिपाने के लिए अभी तक आनलाइन आवेदन के दौरान आधे अधूरे मोबाइल नंबर और पैन व आधार कार्ड नंबर दर्ज कर दिए जाते थे। जिससे उक्त संपत्ति खरीद की जानकारी सरकार को नहीं हो पाती थी लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। निबंधन विभाग ने अपना साफ्टवेयर ही बदल दिया है। जिसमें कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब सभी पक्षों को अपना सही मोबाइल नंबर दर्ज कराना होगा। जिस पर प्राप्त होने वाले ओटीपी को दर्ज करके ही आगे बढ़ा जा सकेगा। इसी प्रकार पैन नंबर और आधार नंबर का भी आनलाइन सत्यापन होगा। गलत अथवा अधूरी जानकारी देने पर साफ्टवेयर बैनामे के आवेदन को आगे ही नहीं बढ़ाएगा। बैनामा पंजीकृत करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों का लागिन भी उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी से हो सकेगा। बैनामे की प्रक्रिया के दौरान खरीदार और बिक्रीकर्ता द्वारा मोबाइल नंबर और पैन व आधार कार्ड नंबर की गलत जानकारी देकर उक्त लेनदेन को छिपाने का प्रयास लंबे समय से किया जा रहा है। निबंधन विभाग ने अब इस खेल पर रोक लगाने का पक्का इंतजाम कर लिया है। इसके लिए साफ्टवेयर में बड़े बदलाव किए गए हैं। यह नया साफ्टवेयर आगामी एक दो दिन में काम शुरू कर देगा।

# डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी 'ज्योतिष शिरोमणि पुरस्कार-2025' से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। पूर्वांचल के ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु वैज्ञानिक डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी को ज्योतिष शास्त्र और वास्तु विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में इंटरडिस्प्लीनरी रिसर्च में उल्लेखनीय ज्योतिषीय योगदान के लिए 'ज्योतिष शिरोमणि पुरस्कार ऽ 2025' से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान 2025 के अंतर्गत रेडियेन्ट टैलेन्ट बुक आफ रिकार्ड्स एवं ज्ञानोदय फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया है। एस्ट्रोआचार्य डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी वर्तमान में श्री हनुमान ज्योतिष अनुसंधान योग एवं कर्मकांड संस्थान के संस्थापक हैं। उन्होंने पिछले 10 वर्षों से अधिक समय तक ज्योतिष, वेद, कर्मकांड, संस्कार विधियों एवं अध्यात्म के क्षेत्र में इंटरडिस्प्लेनरी शोध के बाद लोगों को अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान करते हैं। वे मूल रूप से जनपद कुशीनगर के निवासी हैं और सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य महर्षि परासर के शिष्य हैं। डॉ. धनंजय मणि ने अपने गुरू परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वैदिक परंपराओं को आधुनिक शोध व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़कर नया आयाम दिया है।राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित इस पुरस्कार में डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी के दीर्घकालिक ज्योतिषीय व आध्यात्मिक अनुभव व विज्ञान विषय के साथ इंटरडिसीप्लीनरी शोध, भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का संरक्षण, लोक कल्याण हेतु ज्योतिष विज्ञान का सार्थक प्रयोग, युवाओं को वैदिक ज्ञान और सनातन संस्कृति से जोड़ने की पहल जैसी उपलब्धियों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं0 | 1178–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 25.07.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | सीनियर डी०ई०एन०– VI/लखनऊ के अन्तर्गत बीघापुर एवं कुंडा हरनाम गंज स्टेशनों की कॉलोनियों में सहायक कार्य के साथ–साथ पुराने जीर्ण–शीर्ण स्टील ओ०एच० टैंक के स्थान पर दो आर०सी०सी० ओ०एच० टैंकों के प्रावधान का विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 19,55,457.40/– (उन्नीस लाख पचपन हजार चार सौ सत्तावन रूपये और चालीस पैसे) |
| 4. | बयाना राशि | रू० 39,200/– (उनतालिस हजार दो सौ रूपये) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह। |
| 6. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 18.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

नं. 1178–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता – उत्तर रेलवे – लखनऊ दिनांक– 25.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2292/25

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

प्रेष्यः निविदा दस्तावेज संख्याः डब्लू– सी.बी.– सी. सी. टी. वी. –2025–02 में संशोधन संबंधी सूचना। संदर्भः निविदा सूचना संख्याः उ.रे./आर.एस.डब्लू./जुलाई/सी. सी. टी. वी. /2025/02 दिनाँकः 11.07.2025, जिसकी निविदा खुलने की तिथि 12.08.2025 है। **कार्य का विवरणः** 850 एम.ई.एम.यू. (MEMU), डी.ई.एम.यू. (DEMU) और ई.एम.यू. (EMU) कोचों तथा 3–फेज एयर कंडीशंड ए.सी. ई.एम.यू. (AC/EMU) कोचों में IP आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (VSS) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग (SITC)।" उपरोक्त निविदा दस्तावेज में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं

| क्रम सं. | विवरण | किए गए संशोधन |
|---|---|---|
| 1 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य पूर्ण करने की अवधि –10 माह |
| 2 | निविदा दस्तावेज | संशोधित निविदा दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। |
| 3 | सी.ए.एम.सी की शर्तें | निविदा की NIT में सी. ए. एम. सी की शर्तें जोड़ दी गई हैं। |

निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। सभी संशोधन www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।

सं.: डब्लू– सी.बी. सी. सी. टी. वी. –2025–02 दिनाँकः 28.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2288/25

# सीएचसी नगराम का एसडीएम पवन पटेल ने किया औचक निरीक्षण, मिली खामियां जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । सोमवार को मोहनलाल गंज उप जिलाधिकारी पवन पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल में कई खामियां पाई , उन्होंने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मी समेत चिकित्सकों और अस्पताल प्रशासन को जल्द सुधार के सख्त आदेश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सबसे पहले अस्पताल की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, जहां गंदगी और अव्यवस्था देखी गई। लेबर रूम में वॉशरूम की अनुपस्थिति को गंभीर खामी मानते हुए उन्होंने तत्काल सुधार की बात कही। अस्पताल के शौचालय में गंदगी पाई गई और पानी की आपूर्ति बंद मिली। वहीं, बाथरूम में ताला देख कर एसडीएम ने नाराजगी जताई। हैरानी की बात यह रही कि पास में ही अस्थायी बाथरूम के तौर पर अस्पताल के फ्लश बोर्ड को दीवार पर लगाकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई थी, जिसे एसडीएम ने बेहद गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पवन पटेल ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सीय उपकरणों की भी जांच की। उन्होंने अपना स्वयं का बीपी और शुगर टेस्ट करवाया, जिसके दौरान यह पता चला कि अस्पताल में मैनुअल बीपी मशीन उपलब्ध नहीं है। इस लापरवाही पर उन्होंने मौके पर मौजूद डॉक्टरों को कड़ी फटकार लगाई। अस्पताल के किचन रूम में भी अनियमितताएं सामने आईं। एसडीएम के पहुंचने पर किचन रूम बंद मिला, जिस पर उन्होंने मौके पर ही ताला तुड़वाया और भीतर रखे राशन की जांच की। इस दौरान किचन में साफ-सफाई और रख-रखाव में भी लापरवाही पाई गई। निरीक्षण के उपरांत एसडीएम पवन पटेल ने अस्पताल प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं आम जनता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इस प्रकार की लापरवाही किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेताया कि जल्द से जल्द सभी कमियों को दूर किया जाए।

# चाकू मारकर दो युवकों को घायल करने वाला आरोपी को मोहनलालगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद, आरोपी महिला मित्र पहले ही पुलिस हिरासत में**

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भीलमपुर गांव में बीते शनिवार रात हुई चाकूबाजी की वारदात में दो युवकों को घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। इस मामले में आरोपी युवक के साथ उसकी महिला मित्र के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई थी। ज्ञात हो कि ये घटना बीते शनिवार देर रात करीब 12 बजे की है, जब मोहल्ले में वारिस उर्फ लवली शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था। मोहल्ले के निवासी अमित विमल ने जब उसे टोका और देर रात शोर मचाने से मना किया, तो लवली ने गुस्से में आकर चाकू से अमित की गर्दन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसी हरिकेश विमल ने जब अमित को बचाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल अमित की मां प्रेमा देवी की तहरीर पर पुलिस ने वारिस उर्फ लवली और उसकी महिला मित्र जूली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने रविवार को महिला आरोपी जूली को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की और मुख्य आरोपी की तलाश में दबिशें दीं। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार रात आरोपी लवली को चिनहट क्षेत्र के देवा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।दोनों घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# सिर और गर्दन के कैंसर के मामले बढ़ रहे : डॉ. अमित केसरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ स्थित संजय गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान के हेड एंड नेक सर्जरी विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रोफ़ेसर) अमित केसरी के नेतृत्व में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम और सीएमई का आयोजन किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. अमित केसरी ने बताया कि दुनिया भर में सिर और गर्दन के कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

पान-मसाला, गुटखा, तंबाकू आदि का सेवन इस बीमारी के प्रमुख कारणों में से एक है। कार्यक्रम के शुभारम्भ के मौके पर संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रोफ़ेसर आर के धीमन ने ज़ोर देकर कहा कि हमारे देश में सिर और गर्दन के कैंसर से पीड़ित रोगियों की संख्या लगभग 30 से 40 प्रतिशत है। उन्होंने सिर और गर्दन के कैंसर के रोगियों के प्रबंधन के लिए बहु-विषयक टीम दृष्टिकोण पर ज़ोर दिया, जिसमें सिर और गर्दन के सर्जन, प्लास्टिक सर्जन, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और पैलिएटिव केयर विशेषज्ञ शामिल हों। जहाँ प्रारंभिक चरण के कैंसर का उपचार मुख्य रूप से शल्य चिकित्सा द्वारा किया जाता है। प्रोफ़ेसर शालीन कुमार, प्रोफ़ेसर देवेंद्र गुप्ता और प्रोफ़ेसर पुनीता लाल ने सिर और गर्दन के कैंसर के विभिन्न पहलुओं और उनके महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. अमित रस्तोगी (एनेस्थीसिया विभाग) ने इन रोगियों से निपटने के दौरान एनेस्थीसिया संबंधी चिंताओं पर प्रकाश डाला और डॉ. अंकुर (प्लास्टिक सर्जरी और बर्न विभाग) ने स्थानीय रूप से उन्नत मुख कैंसर के जटिल पुनर्निर्माण पर प्रकाश डाला। डॉ. मनोज जैन, विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी ने इन कैंसरों के रिसेक्शन के बाद महत्वपूर्ण हिस्टोपैथोलॉजिकल विशेषताओं पर बात की। डॉ. संजय धीराज ने सिर और गर्दन के कैंसर में दर्द और राहत के बारे में बात की। अंत में कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए डॉ. इंदु शुक्ला (एसोसिएट प्रोफ़ेसर, हेड एंड नेक सर्जरी) ने आयोजक टीम और प्रतिभागियों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

# इंस्पायर लिविंग मैनेजमेंट एकेडमी ने की अपने नए बैच की शुरुआत, आयोजित किया पाक-कला इंडक्शन कार्यक्रम

**आईएलएमए अपने छात्रों को दे रहा शत प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण और प्लेसमेंट की गारंटी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। इंस्पायर लिविंग मैनेजमेंट एकेडमी(आईएलएमए) ने अपने बैच 2025-26 की शुरुआत एक जोशीले और प्रेरणादायक पाक-कला इंडक्शन कार्यक्रम के साथ की। सोमवार को विश्वप्रसिद्ध सेलिब्रिटी मास्टर शेफ शमीम कुरैशी ने विद्यार्थियों को भारतीय व्यंजनों की वैश्विक यात्रा के बारे में बताया और लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आईएलएमए के संस्थापक व निदेशक डॉ. अमित कुमार मिश्रा ने दुबई प्लेसमेंट परिसर से डिजिटल माध्यम द्वारा सीधे विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संदेश में आईएलएमए के विज़न को साझा किया, भारत की प्रतिभा को वैश्विक मानकों का लीडर बनाना और छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करना जो उन्हें ईमानदारी, व्यावसायिक कुशलता और वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करे। कार्यक्रम का थीम शानदार शुरुआत, वैश्विक उड़ान रहा। जो आईएलएमए की अनूठी सोच को दर्शाता है जहां शिक्षा सिर्फ कक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि रियल इंडस्ट्री एक्सपोजर, ग्लोबल मेंटरशिप, और इंटरनेशनल प्लेसमेंट पाथवे का समन्वय है।

# जापान के उद्यमी यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को स्थापित करेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । योगी सरकार उत्तर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी के तहत ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इससे न केवल रोजगार के नये अवसर बढ़ेंगे बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के साथ ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। जापान के उद्यमियों ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए अपनी स्वीकृति दी है। योगी सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान में टोयोटा मिराई नामक अगली पीढ़ी की हाइड्रोजन फ्यूल सेल कार के बारे में चर्चा की, जो हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से ऊर्जा उत्पन्न करती है। वहीं केवल पानी उत्सर्जित करती है। यह तकनीक उत्तर प्रदेश की शून्य उत्सर्जन परिवहन नीति के लिए एक बेहतरीन उदाहरण हो सकती है। इसके अलावा हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और ऊर्जा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संभावित साझेदारियों पर भी चर्चा की गयी। इन प्रयासों से उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद मिलेगी।

यूपीनेडा के निदेशक ने प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए वैश्विक संस्थाओं के साथ सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता जतायी। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा, जलविद्युत और बायोमास आधारित विद्युत उत्पादन जैसे ऊर्जा स्रोतों का सही उपयोग किया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने जापान के यामानाशी प्रान्त स्थित कई अत्याधुनिक स्थलों का दौरा किया, जिनमें नेसार्ड (गक्ट्टइक)ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट, संटोरी हकुशू डिस्टिलरी (जहां पॉवर-टू-गैस तकनीक संयंत्र है) और हाइड्रोजन रिसर्च सेंटर शामिल हैं। इन शोध परक यात्राओं से उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम वैश्विक प्रक्रियाओं और नवीन समाधानों को अपनाने में मदद मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल ने जापान के उद्यमियों से हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और सतत ऊर्जा एवं गतिशीलता में नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए साझेदारियों पर भी चर्चा की। योगी सरकार काा यह प्रयास प्रदेश में हरित हाइड्रोजन और अन्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के लिए एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान यूपीनेडा के निदेशक ने प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग को विस्तार देने में गहरी रुचि जताई।

# दखिना शेखपुर गांव में रूद्राभिषेक के साथ शुरू हुई शिव महापुराण कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ। क्षेत्र के दखिना शेखपुर गांव में भोलेनाथ बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में सोमवार को रुद्राभिषेक के साथ शिव महापुराण कथा की शुरुआत हुई। अध्यक्ष अनमोल तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में खुशहाली की कामना को लेकर यह आयोजन किया जा रहा । प्रतिदिन सुबह वैदिक पूजा अर्चना एवं पंचामृत से शिव परिवार का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद शाम को शिव महापुराण कथा होगी , पहले दिन शिवोपासना का महत्व बताते हुए कथा व्यास श्री जयशंकर प्रसाद शुक्ल जी महाराज ने भगवान शिव को सदैव लोक पर उपकार करने और भक्तों के हितकारी बताया । त्रिदेवों में इन्हें संहार का देवता भी माना गया है , अन्य देवताओं की पूजा अर्चना की तुलना में शिवोपासना अत्यंत सरल है ?। महादेव को सुगंधित पुष्पमालाओं और मीठे पकवानों की आवश्यकता नहीं पड़ती , तो स्वच्छ जल बिल्व पत्र , कटीले और न खाए जाने वाले पौधों के फल तथा धतूरा आदि से ही प्रसन्न हो जाते हैं ?। इनके शरण में आने वाले भक्तों को मोछ की प्राप्ति होती है इस दौरान बड़ी संख्या में शिव महापुराण कथा श्रवण करने के लिए भक्तगण शामिल हुए।

## लोको वर्कशॉप चारबाग लखनऊ की एनआरएमयू शाखा में सुधाकर मिश्र चुने गए शाखा मंत्री



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन लोको वर्कशॉप चारबाग शाखा में सुधाकर मिश्र शाखामंत्री चुने गए। नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्र के निर्णयानुसार कारखाना मंडलमंत्री अनूप बाजपेई के नेतृत्व में सुधाकर मिश्र को यह जिम्मेदारी सौंपी गई।यूनियन कार्यालय में शाखा के अन्य पदाधिकारियों और भारी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने सुधाकर मिश्र को इस पद पर नियुक्ति हेतु बधाइयां और मंगलकामनाएं भेंट कीं। इस नई उपलब्धि के लिए सुधाकर मिश्र ने नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्र एवं कारखाना मंडलमंत्री अनूप बाजपेई को धन्यवाद प्रकट किया।

## शोर शराबे के साथ बर्थडे पार्टी मनाने से मना किया तो सर फोड़ा

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के हिंद नगर निवासी अभय सिंह उर्फ रिंकू पुत्र स्वर्गीय शीतला प्रसाद सिंह ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत देकर बताया है कि दिनांक 27.7.2025 समय करीब शाम 6:15 बजे हिंद नगर शिव मंदिर पार्क में कुछ लोग इकठ्ठे होकर शोर शराबा करते हुए बर्थडे पार्टी मना रहे थे जब मैं उन लोगों के नजदीक पहुंचकर अनावश्यक शोर शराबा करने से मना किया तो मौके पर मौजूद अमन निवासी बदाली खेड़ा, सुमित कुमार उर्फ मुन्ना निवासी पुरानी चुंगी कानपुर रोड व देव सिंह अपने पांच छह अन्य साथियों के साथ एकदम से मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगे जब मैंने गाली देने से मना किया तो उन लोगों ने मुझे हाथापाई करते हुए ईंट गुममों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी, इससे मेरे सर में व शरीर पर कई जगह गंभीर चोट लगी है। सरोजिनी नगर पुलिस रविवार को ही शिकायत दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## ससुरालीजनों पर दहेज के लिए मार पीट करने का आरोप

बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके के भदोही गांव निवासी रीता पत्नी राज ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए लगातार मारपीट और अब जान से मार देने का प्रयास करने का आरोप लगाकर स्थानीय थाने पर शिकायत दर्ज कराई है। बंथरा पुलिस ने रविवार को शिकायत दर्ज कर छानबीन शुरू की है। रीता के अनुसार उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार भदोही गांव निवासी राज पुत्र संजय के साथ हुआ था। घर वालों के गरीब होने के चलते ससुराल पक्ष के मन मुताबिक दहेज नहीं दे पाए थे जिसे लेकर पति राज और ससुर, देवर, आजी सास हमेशा मारते पीटते रहते थे, कहते थे कि मुझे कलर टीवी, सोने की चेन और पांच लाख रुपए नगद नहीं दिया तो जान से मार देंगे इसे लेकर चार बार मारपीट की गई। रीता के अनुसार घर वालों के पैसा ना देने के बाद बीती 26 जुलाई को रात लगभग 9:00 बजे उसे जान से मारने का प्लान बना रहे थे तब मैंने इन लोगों की बात सुन लिया और अपने मायके में सूचना दी, इसके बाद भाई द्वारा 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गई। इधर ससुराली जनों द्वारा मौका पाकर मुझ पर जान से मार डालने की नीयत से हमला कर दिया गया किन्तु तब तक मेरे भाई और मां के साथ पुलिस पहुंच गई तब मेरी जान बच सकी। इसके बाद स्थानीय थाने पर शिकायत दर्ज कराई है। बंथरा पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं पाकिस्तान का अपमान: केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आपरेशन सिंदूर' से भारत की सेना का मान सम्मान बढ़ा है, मगर कंग्रेस को पाकिस्तान का अपमान 'बर्दाश्त नहीं' है। उन्होंने सोमवार को एक्स पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर पाकिस्तान समेत समूची दुनिया को जता दिया है कि जब भारत की सेना गरजती है, तो पाकिस्तान और उसकी खुराक पर पलने वाले आतंकी शिविरों में सन्नाटा पसर जाता है। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद अब ऑपरेशन सिंदूर की विजय ने आतंकवाद की जड़ों को हिला कर रख दिया है। लेकिन देश में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी 'सदाबहार मंडली' के मानस पर इसका 'गहरा आघात' लगा है। इससे परेशान होकर उन्होंने भारतीय सेनाओं और उनके शौर्य पर ही सवाल उठा दिया है। भारत और पाकिस्तान के किसी भी मामले में वे पाकिस्तान के पक्षकार बन जाते हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व का बारंबार अभिनंदन है। आतंकवाद के प्रति उनकी जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण अब कोई भी आतंकी कहीं भी सुरक्षित नहीं है।

# लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने लेजर एंजियोप्लास्टी तकनीक लाकर चिकित्सा क्षेत्र में नयी उपलब्धि हासिल कर ली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ के डॉ राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्डियोलॉजी विभाग में चार मरीजों की लेजर तकनीक से कोरोनरी एंजियोप्लास्टी की गई। इस सफलता के साथ ही लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान उत्तर प्रदेश का पहला व उत्तर भारत का पहला सरकारी संस्थान बन गया जहां लेज़र से एंजियोप्लास्टी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक लेजर एंजियोप्लास्टी से उन मरीजों के लम्बे समय से ब्लॉक नसों को खोला गया। वहीं, यह भी बताया जाता है कि दो मरीज ऐसे भी थे जिनके पुराने लगे हुए स्टंट सिकुड़ गए थे और उनमें कैल्सियम जम गया था।

इन मरीजों में लेजर से पुराने स्टंट को साफ किया गय, फिर दोबारा एंजियोप्लास्टी की गई। ख़ास बात यह है कि लेजर से एंजियोप्लास्टी की सुविधा भारत के कुछ चुनिंदा संस्थानों में ही उपलब्ध है। लेजर तकनीक उन मरीजों के लिए वरदान की तरह है जहां अन्य एंजियोप्लास्टी तकनीक विफल हो जाती है एवं मरीज को बाईपास सर्जरी के लिए भेज दिया जाता है। बताया जाता है कि लेजर, नसों में जमें हुए कोलेस्ट्रॉल को, हृदय रोग के मरीजों के नसों में बने खून के थक्कों को गला देती है व खून का प्रवाह ठीक करती है। पर, लेजर से एंजियोप्लास्टी एक जटिल एंजियोप्लास्टी है। वहीं, बजट के हिसाब से देखें तो लेजर एंजियोप्लास्टी में एक सामान्य एंजियोप्लास्टी की अपेक्षा अतिरिक्त खर्चा आता है। सूत्रों के मुताबिक लेजर एंजियोप्लास्टी करने वाली टीम में प्रोफ़ेसर सुदर्शन कुमार विजय, प्रोफ़ेसर अमरेश सिंह, डॉक्टर अभिजीत, डॉक्टर शिखर, डॉक्टर सैयद अकरम, व पैरामेडिकल स्टाफ में प्रियरंजन,करुणिका व नर्सिंग स्टाफ शैलजा एवं अजय शामिल रहे। यह लेजर एंजियोप्लास्टी चेन्नई से मंगाई गई। हालांकि, अभी संस्थान में एंजियोप्लास्टी की सुविधा पोर्टेबल लेजर मशीन से उपलब्ध है।

एंजियोप्लास्टी एक ऐसी प्रक्रिया है जो प्लाक जमा होने वाली धमनियों को खोलकर ब्लड के प्रवाह का आसान बनाती है। एंजियोप्लास्टी में एक छोटा मेडिकल बैलून शामिल होता है जो अवरूद्ध हो चुके स्थानों से प्लाक को बाहर निकालता है। आमतौर पर एंजियोप्लास्टी को सुरक्षित प्रक्रिया या तकनीक समझा जाता है। यह हार्ट रोग से सम्बन्धित बाइपास सर्जरी आदि प्रक्रिया की तुलना में थोड़ी आसान मानी जाती है।

कोरोनरी लेजर एंजियोप्लास्टी तकनीक को चिकित्सा प्रक्रिया में एक अत्याधुनिक विधि माना जाता है। यह प्लाक के कारण होने वाली धमनियों के रूकावटों के इलाज हेतु सीएबीजी (कोरोनरी धमनी बाइपास ग्राफ्ट) सर्जरी की आवश्यकता को समाप्त कर देती है। लेजर एंजियोप्लास्टी एक उन्नत चिकित्सा प्रक्रिया है जिसे कोरोनरी धमनियों में जटिल रूकावटों के निदान हेतु उपयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में रोगी को कम असुविधा होती है। इसे तकनीक को अन्य प्रक्रिया की तुलना में थोड़ा तेज व प्रभावी माना जाता है। मीडिया रिपोर्टों की मानें तो इस तकनीक के प्रॉसेस से मरीज को ठीक होने में अन्य दूसरे प्रॉसेस की तुलना में थोड़ा कम वक्त लगता है। कुल मिलाकर हार्ट रोग के इलाज में यह प्रक्रिया थोड़ी कम आक्रामक मानी जाती है।

मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के दावे फ़ेल

# मछरेहटा की फिरोजपुर पंचायत में जारी है भ्रष्टाचार का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार मुक्त शासन की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी स्तर पर हालात इससे ठीक उलट नज़र आ रहे हैं। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत फिरोजपुर में मनरेगा समेत कई योजनाओं में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार सामने आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी की जा रही है। यहां तो मानकों को ताख पर रख कर कार्य कराये गए है, और तो और मजदूरों की उपस्थिति में जमकर गड़बड़ी की जा रही है। कई बार एक ही फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, जबकि मौके पर वास्तविक कार्य न के बराबर होता है।




ग्राम पंचायत फिरोजपुर में हाल ही में बने अमृत सरोवर की स्थिति पहली ही बारिश में तालाब जैसी हो गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग हुआ और निगरानी व्यवस्था पूरी तरह फ़ेल रही।

यही नही ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत में हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर के नाम पर लगभग नौ बार मे 520000 रुपयों का भुगतान कराया गया जिसमें काफी भारी अनिमिताये बनी हुई है, यही नही पोलिंग बूथ पर व्यय ,

**मनरेगा योजना से लेकर वित्तीय धन राशि का हुआ बंदरबाँट**

**विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत फिरोजपुर का मामला**

आंगनबाड़ी बर्तन व फर्नीचर पर व्यय , ग्राम पंचायत में प्रसाशनिक व्यय , प्राइमरी स्कूल फिरोजपुर में टाइलीकरण आदि के नाम पर भी भुगतान कराये गए है, जिसमे काफी अनिमिताये बर्ती गयी गयी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि शासन-प्रशासन इसको कितनी गंभीरता से लेता है और क्या ग्राम पंचायत फिरोजपुर के भ्रष्टाचार पर कोई सख्त कदम उठाया जाता है या यह मामला भी बाकी मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# पुलिस ने 9 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, 2.15 लाख नकद और लूट का सामान बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




धौरहरा (लखीमपुर खीरी), 28 जुलाई 2025 बीते मंगलवार को हुई ?4 लाख की दिनदहाड़े लूट की वारदात का पुलिस ने सफल खुलासा कर लिया है। इंडियन बैंक के बीसी संचालक अमित कुमार शुक्ला से हुई लूट के मामले में पुलिस ने 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 2.15 लाख नकद समेत लूटा गया जरूरी सामान बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से ट्रांजैक्शन मशीन, आधार कार्ड, पासबुक, एक देसी तमंचा, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है। एसपी संकल्प शर्मा और एडिशनल एसपी पवन गौतम के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मात्र छह दिनों के भीतर इस बड़ी वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा कर इलाके में फिर से विश्वास का माहौल कायम किया है। एक अभियुक्त अब भी फरार है जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल हैंः सोनू, मुस्तकीम, समसुद्दीन, दीपू कश्यप, कुलदीप सिंह, नीरज पासी, अमित त्रिवेदी, दीपक तिवारी, और अमित सिंह। इन सभी का संबंध लखीमपुर खीरी, लखनऊ और सीतापुर जिलों से है। फरार अभियुक्तः राजू पुत्र जाहिद अली (बड़ागांव, थाना शारदानगर)

सराहनीय कार्यः धौरहरा थाना पुलिस, स्वाट टीम व सर्विलांस सेल ने संयुक्त रूप से इस कार्य को अंजाम दिया। पुलिस की इस सक्रियता और तत्परता से जनता में राहत की लहर है और यह एक बड़ा संदेश है कि अपराधी चाहे जितने चालाक हों, कानून के लंबे हाथ उनसे दूर नहीं हैं। इस सफलता पर क्षेत्रीय जनता ने पुलिस टीम की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी ऐसे अपराधों पर पुलिस इसी तरह प्रभावी कार्रवाई करती रहेगी।

# सवर्ण आर्मी सीतापुर इकाई की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न संगठन विस्तार और सामाजिक सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय जी एवं राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह जी से आज सीतापुर इकाई की एक गरिमामयी संगठनात्मक भेंट सम्पन्न हुई। यह बैठक संगठन की दिशा, विस्तार और सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर अत्यंत महत्वपूर्ण रही। बैठक के दौरान सीतापुर इकाई के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा जी, जिला संयोजक शिवम तिवारी जी, जिला उपाध्यक्ष दीपांशु दीक्षित जी, जिला उपाध्यक्ष समरेन्द्र सिंह जी,तहसील अध्यक्ष महोली सत्यम मिश्रा मुख्य रूप से शामिल रहे।



बैठक में संगठन की मजबूती, सवर्ण समाज की एकता, युवाओं की भागीदारी और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और सक्रियता को दोहराया। इस मुलाकात को संगठन के भावी विकास और समाज के जागरूक, सशक्त निर्माण की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

# खैराबाद में हरिशंकरी वृक्षारोपण महाअभियान का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हर वार्ड में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प**

खैराबाद । हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 28.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नगर पालिका परिषद खैराबाद जनपद सीतापुर की अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता द्वारा वार्ड नं0 02 ललियापुर में स्थित शनि देव मन्दिर प्रांगण में विधिवत पूजा अर्चना के साथ हरिशंकरी वृक्ष लगा कर अभियान का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात नगर के सभी 25 वार्डों में सम्बन्धित वार्ड सभासद एवं जन समान्य द्वारा वृक्षारोपण कार्य में उपस्थित होकर हरिशंकरी वृक्ष लगाया गया और उसको संरक्षति करने का संकल्प लिया गया। हरिशंकरी वृक्षारोपण कार्यक्रम मे उपस्थित प्रसिद्ध



समाजसेवी एवं भाजपा नेता श्री अभिषेक गुप्ता 'बब्लू भैया' द्वारा वृक्षारोपण की महत्वता पर बल देते हुए यह संदेश दिया गया कि, पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिये हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाते हुए उसको संरक्षित करने का संकल्प लें जिससे कि, आज के समय में उत्पन्न हो रहे पर्यावरणीय असंतुलन से बचा जा सके। क्योंकि वृक्षारोपण पर्यावरण, वन जीव और मानव जीवन के लिये आवश्यक है। इस अवसर पर प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, मनोज कुमार राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व सभासदगण एवं नगर के आनन्दी सहगल इण्टर कालेज के छात्र/छात्रायें एवं अध्यापकगण के साथ अन्य समाजिक संगठन, सम्भ्रांत नागरिक एंव जन सामन्य के साथ नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत सभी लोगों द्वारा वृक्ष लगाते हुए उसको संरक्षित करनें का संकल्प लिया गया।

# खैराबाद में गाजे-बाजे के साथ निकली कांवड़ यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद । खैराबाद नगर पालिका परिषद के पड़ोस चंद्रा गेस्ट हाउस से पाठक ताल तक निकाली गई श्रद्धालुओं के द्वारा कावड़ यात्रा पाठक लाल पर भगवान शिव का किया गया जलाभिषेक

खैराबाद। आज नगर क्षेत्र में प्रातः काल श्रद्धालुओं के द्वारा पूर्ण नियोजित कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के ठीक सामने स्थित चंदा गेस्ट हाउस से कावड़ यात्रा श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई जो की गाजे बाजे के साथ भगवान भोलेनाथ की जय जयकार करते हुए श्रद्धालु मोहल्ला माखुपुर से होकर ऐतिहासिक पाठक ताल पहुंचे जहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया तथा उनकी पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर नगरविकास राज्यमंत्री राकेश राठौर ''गुरु जी'' पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त प्रशांत शुक्ला अमित पुरी अक्षत पुरी अंकुर पुरी संदीप मिश्र आशुतोष शुक्ला नवनीत दीक्षित ध्रुव शुक्ल सहित अधिसंख्य श्रद्धालु मौजूद थे।

# रसोई नहीं, फावड़ा थमा दिया, लखीमपुर खीरी के स्कूलों में रसोइयों से कराई जा रही सफाई, जिम्मेदार चुप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खीरी जिले के प्राथमिक विद्यालयों में रसोइयों के साथ हो रहा बर्ताव न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि उनके आत्मसम्मान पर भी चोट है। रसोई का काम छोड़, इन कर्मचारियों से स्कूल की सफाई, घास छिलाई और अन्य गैर-प्रशिक्षित कार्य करवाए जा रहे हैं। पलिया कला क्षेत्र के विसेनपुरी कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक महिला रसोइया को खाना बनाने के बजाय जबरन घास काटने और सफाई जैसे कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। स्कूल के शिक्षक उसे नौकरी से निकालने की धमकी तक दे रहे हैं, जिससे वह मानसिक तनाव और असुरक्षा की स्थिति में है। गौरतलब है कि रसोइयों की नियुक्ति केवल मिड-डे मील योजना के तहत भोजन पकाने के लिए की जाती है, न कि स्कूल की साफ-सफाई या अन्य शारीरिक श्रम के लिए। जबकि प्रत्येक पंचायत में सफाई कार्यों के लिए सरकार की ओर से पंचायत कर्मी नियुक्त हैं, जिन्हें नियमित



वेतन भी मिलता है। इसके बावजूद विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा रसोइयों से जबरदस्ती सफाई कराना न केवल गलत है, बल्कि यह मानवाधिकारों का भी हनन है। इससे पहले भी कई ऐसे मामले सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी कार्रवाई करने की बजाय मौन साधे हुए हैं। सवाल यह उठता है कि क्या रसोइयों की मेहनत और गरिमा का कोई मोल नहीं? क्या नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर कभी जवाबदेही तय होगी? अब देखना यह है कि जिले के उच्च अधिकारी इस गंभीर मामले पर क्या संज्ञान लेते हैं और पीड़ित रसोइयों को न्याय दिलाने के लिए कौन-से कदम उठाए जाते हैं।

## हरिशंकरी पौधारोपण का किया गया आयोजन

बिसवां कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरिशंकरी पौधारोपण का आयोजन किया गया। इसमें मां शीतला देवी मंदिर प्रांगण में हवन पूजन कर नगरपालिका के सभी 25 वार्डों में पौधारोपण सम्पन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि रोपण के बाद पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा अहम होती है। इसके लिए अभियान में रोपित किए जाने वाले सभी पौधों में ट्री-गार्ड की व्यवस्था की गई है। विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि सनातन धर्म में वृक्षों की पूजा होती है। आषाढ़ मास में पीपल, बरगद, नीम, आंवला व अशोक जैसे पौधो के रोपण की परम्परा है। बारिश का मौसम होने के कारण इस समय रोपित किए गये पौधे आसानी से वृक्ष का रूप लेते हैं। नगरपालिका लोकभारती प्रांत सहसंयोजक वेदरत्न मिश्र ने कहा कि पीपल, बरगद व पाकड़ के सम्मलित रोपण को हरिशंकरी कहते हैं। तीनों के पौधों को इस प्रकार रोपित किया जाता है जिससे तीनों वृक्षों का संयुक्त छत्र विकसित हो व तीनों वृक्ष के तने विकसित होने पर एक तने के रूप में दृष्टिगोचर हो। अपने भीतर कई प्रकार की खूबियां व महत्व को समेटे हरिशंकरी वृक्ष को एक वृहद अभियान के तहत 25 वार्डों में रोपित किया गया है। इस मौके पर जय सिंह, रेनू मेहरोत्रा राजीव बाजपेयी, ईओ नीलम चौधरी, सौरभ शुक्ला, संजीव कुमार पांडे, आशीष यादव, विमलेश अवस्थी, रूपेश अवस्थी, ऋतुराज सिंह, मुकुट बिहारी बाजपेयी,संजीव बाजपेयी, विशाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, अमित कुमार, आशीष श्रीवास्तव आशीष सिंह पंकज गुप्ता अजीत कुमार वर्मा मधु कंात मौर्य रवि भल्ला नीरज श्रीवास्तव सीमा रस्तोगी वैजयंती गणेश प्रसाद रंजीत वर्मा अमित वर्मा आशीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बिजली व्यवस्था को लेकर आजाद अधिकार सेना ने ज्ञापन दिया

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आजाद अधिकार सेना ने आज राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा के नेतृत्व में एकत्र होकर उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग में घोर भ्रष्टाचार और अनियमितता के संबंध में प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के नाम जिला अधिकारी सीतापुर को प्रत्यावेदन सौंपा ।प्रत्यावेदन में कहा गया कि विद्युत विभाग के भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश का हर नागरिक बुरी तरह पीड़ित और प्रताड़ित है कष्ट का विषय है कि इन मामलों में प्रदेश सरकार की नीति ऐसी अनुचित, आपत्तिजनक और व्यावहारिक है, जिसके कारण समस्याओं का समाधान होने की जगह हालात बिगड़ते जा रहे हैं. प्रत्यावेदन में बिजली विभाग के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने के साथ आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती पर भी तत्काल रोक लगाई जाने की मांग की गई है. साथ ही पूर्व में आउटसोर्सिंग के माध्यम से की गई भर्तियों को स्थाई करने की मांग की गई है। प्रत्यावेदन में नए स्मार्ट कार्ड मीटर का मीटर नंबर तीन दिन के अंदर पोर्टल पर अपलोड किए जाने तथा बिल रिवीजन के नाम पर भ्रष्टाचार को रोकने की मांग की गई है. साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में गरीबों के लिए विद्युत दर को वर्तमान दर से तत्काल आधा किए जाने के की मांग की गई है. इसके अलावा बिजली विभाग की समस्याओं के निस्तारण के लिए अलग से शिकायत आयोग का गठन करते हुए 7 दिनों में प्रत्येक शिकायत का निराकरण कर शिकायतकर्ता को सूचित किए जाने की मांग भी की गई है। विरोध प्रदर्शन के दौरान राज कुमार श्रीवास्तव लक्ष्मी कंात बाजपेई रजत शुक्ला आदित्य प्रताप सिंह सुशील कुमार मिश्रा विजय कुमार गुप्ता बलवीर राकेश कुमार रूस्तम शौरभ आदि लोग उपस्थित रहे।

## हरिशंकरी अभियान के तहत अटल पार्क में पीपल का पौधरोपण

खैराबाद, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पनवाड़िया नई बस्ती स्थित अटल पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सभासद उमेश जायसवाल द्वारा पीपल और बरगद के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सभासद उमेश जायसवाल ने कहा कि पेड़ मनुष्य के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है और समाज के हर वर्ग को इसमें भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल शाक्य, पप्पू, दिलीप, विनोद सहित स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। इसके अलावा महेश, शैलेश, रवि जायसवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। पौधारोपण के बाद सभी प्रतिभागियों ने वृक्षों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

# राजा राज राजेश्वर सिंह ने कांवरियों को छोटी काशी के लिए किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन (खीरी)। झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह ने सावन माह की पावन परंपरा को निभाते हुए सोमवार को झंडी राज गांव में पहुंचे डाक कांवरियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। ऐतिहासिक आनंद बाग मंदिर से प्रारंभ हुई तूफानी डाक कांवर जैसे ही झंडी राज महल पहुंची, राजा ने स्वयं सभी कांवरियों का अभिनंदन किया और उन्हें फल वितरित किए। राजा राजेश्वर सिंह ने कांवरियों की श्रद्धा और ऊर्जा की सराहना करते हुए उन्हें अपने हाथों से झण्डा दिखाकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना किया। कांवरियों को विदा करते समय पूरे माहौल में 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंज उठे। इस अवसर पर राजा राजेश्वर सिंह ने कहा, ''सावन का महीना भक्ति, सेवा और समर्पण का प्रतीक है।



कांवर यात्रा हमारी संस्कृति और आस्था की पहचान है। कावरियों की सेवा करना हमारा धर्म है। साथ ही कहा कि योगी सरकार द्वारा विगत वर्षों में कांवरियों द्वारा पुष्प वर्षा एवं जगह जगह सुरक्षा एवं सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किये गये हैं। ''

राजमहल परिसर में श्रद्धालुओं और कांवरियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। गांव के संभ्रांत लोग भी इस आयोजन के दौरान मौजूद रहे। राजा की अगुवाई और सेवा भावना से कांवरियों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली।

# सावन मास के कांवड़ मेले में सिद्ध बाबा मंदिर में शिवभक्तों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिंगाही खीरी। सावन मास के कांवड़ मेले में सिद्ध बाबा मंदिर में शिवभक्तों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। तिर्तीय सोमवार को भी सिद्ध बाबा मंदिर पर हजारों शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। वहीं नैमिषारण्य से गंगाजल लेकर आने वाली तृतीय डाक कांवड़ में शिवभक्तों की रफ्तार और जुनून कमाल का है। नैमिषारण्य से सिद्ध बाबा मंदिर तक करीब 116 किलोमीटर की दूरी शिवभक्त दौड़कर 8 घंटे यात्रा पूरी कर सिद्ध बाबा मन्दिर में जलाभिषेक किया। इस डाक कांवर यात्रा में 28 शिवभक्तों की टोलियां पूरे इंतजाम के साथ शामिल रही। प्रमोद दिवाकर की टीम इस बार तीसरी बार डाक कांवड़ लाई है। 9 बजकर 20 मिनट सिद्ध बाबा मंदिर में जलाभिषेक किया। कमेटी के संरक्षक



राहूल गुप्ता ने बताया कि टीम अपने साथ लिक्विड डाइट और केले लेकर जाती है। कुछ खाकर आराम करते हैं और स्थान ध्यान कर यात्रा आरंभ की जाती है। यात्रा के दौरान बीच में कहीं रुकते नहीं है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम में प्रमोद दिवाकर, विमल जायसवाल, मनीराम, बड़े भईया, इतवारी शाक्य, राजेश सिंह सहित 28 लोग शामिल हैं।

# डीएम एवं एसपी ने फतेहपुर शरीफ नगर टिकटा रोड़ बहजोई स्थित गेस्ट हाउस का किया निरीक्षण

**निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी द्वारा व्यक्त की गयी नाराजगी**

**ठेकेदार को स्पष्टीकरण जारी कराते हुए ब्लैक लिस्टेड कराने एवं एफआईआर कराने के दिए निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहजोई, (सम्भल )। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा विकासखण्ड बहजोई के ग्राम फतेहपुर शरीफ नगर स्थित गेस्टहाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ताहीन फीनिशिंग आदि निर्माण कार्य तथा अभी तक हेंडओवर न किये जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गये तथा सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को चेतावनी जारी करने तथा नोडल प्रभारी पर कार्यवाही के भी निर्देश दिए तथा ठेकेदार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए ब्लैक लिस्टेड कराने एवं एफआईआर की कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा किचन को तैयार कराने , पौधारोपण कराने तथा चहारदीवारी पर फैंसिंग कराने को लेकर भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा अधिक्षण अभियंता विद्युत को गेस्ट हाउस के फीडर को चेंज कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा की गेस्टहाउस के निर्माण कार्य को एक माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा गेस्टहाउस की मासिक समीक्षा को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकास भवन में हुआ छह दिवसीय आकांक्षा हाट कार्यक्रम का शुभारंभ

बदायूँ । सम्पूर्णता अभियान के दौरान जनपद व विकास खण्ड स्तर तथा फ्रंटलाइन वकर्स द्वारा वोकल फॉर लोकल के अन्तर्गत स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए विविध उत्पादों व हस्तशिल्पों को प्रदर्शित करते हुए नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खण्ड अम्बियापुर एवं आसफपुर के लिए 28 जुलाई से 02 अगस्त 2025 तक चलने वाले आकांक्षा हाट कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी आसफपुर भूपेन्द्र सिंह ने सोमवार को विकास भवन बदायूँ में किया। पूर्व में आयोजित सम्पूर्णता अभियान के फलस्वरूप 42 आकांक्षात्मक विकास खण्डों में 03 अथवा 03 से अधिक इंडीकेटर्स संतृप्त हुए तथा 25 आकांक्षात्मक विकास खण्डों में 02 अथवा 02 से कम इंडीकेटर्स संतृप्त हुए हैं, जिसके दृष्टिगत अभियान में अभूतपूर्व वृद्धि के लिए सोमवार को नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खण्ड अम्बियापुर एवं आसफपुर के लिए आयोजित आकांक्षा हाट कार्यक्रम में कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, एन0आर0एल0एम0 एवं चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग का स्टॉल लगाया गया।कार्यक्रम में विकास खण्ड अम्बियापुर एवं आसफपुर के अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में जनसामान्य ने प्रतिभाग किया।

## साड़ से टकराया बाइक सवार, साड़ की मौत, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

गुन्नौर। गुन्नौर क्षेत्र के बबराला बदायूं हाईवे पर जगन्नाथपुर कोल्ड स्टोर के नजदीक शनिवार देर रात अपने गांव बिजुआ नगला से बबराला की तरफ जा रहे युवक की बाइक अचानक रोड क्रॉस कर रहे सांड़ से जा टकराई बाइक टक्कर लगने से सांड़ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में रोड पर तड़पता देख लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से गुन्नौर सीएचसी पहुंचा जहां पर डॉक्टरों ने हालात को गंभीर देखते हुए अलीगढ़ रेफर किया जहां पर अभी भी युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। गुन्नौर क्षेत्र के गांव बिजुआ नगला निवासी अबरार मलिक पुत्र कल्लू खा अपने गांव से बाइक पर सवार होकर बबराला की तरफ जा रहा था तभी अचानक बबराला बदायूं हाईवे पर जगन्नाथपुर कोल्ड स्टोर के नजदीक रोड क्रॉस कर रहे सांड से बाइक टकरा गई टक्कर से सांड की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में रोड पर तड़पता देख वहां से गुजर रहे राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को फोन कर सूचना दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा गुन्नौर सीएचसी पहुंचा जहां पर डॉक्टर ने हालात को गंभीर देखते हुए अलीगढ़ रेफर किया अलीगढ़ में युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

## अनूपशहर पुल से किशोरी ने लगाई गंगा में छलांग, तलाश जारी

गुन्नौर। तहसील क्षेत्र के गांव सिसौना डांडा निवासी 22 वर्षीय कविता पुत्री सरनाम सिंह ने रविवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे अनूपशहर पुल से गंगा में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कहासुनी और मां की डांट से क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया।सूत्रों के अनुसार शनिवार रात मां-बेटी में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी बात से आहत होकर कविता ने आत्मघाती कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही रजपुरा थाना प्रभारी निशांत राठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में तलाश अभियान शुरू कराया।उपजिलाधिकारी डॉ. वंदना मिश्रा ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया। थाना प्रभारी के अनुसार, युवती ने जिस स्थान से छलांग लगाई वह बुलंदशहर जनपद की अनूपशहर कोतवाली सीमा में आता है, लिहाज़ा अनूपशहर पुलिस को भी मामले की सूचना दी गई है।रजपुरा पुलिस भी लगातार जांच में जुटी हुई है। अभी तक युवती का कोई सुराग नहीं लग पाया है। गोताखोरों की टीम गंगा में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। पुलिस का कहना है कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## सोमवार को भगवान शिव को जलअभिषेक करेगें शिव भक्त

अनूपशहर। सावन माह के तीसरे सोमवार को भगवान शिव का जल अभिषेक करने के लिए शिव भक्त कावड़ में गंगाजल भरकर गंतव्य को कूच कर रहे हैं।श्रावण माह सनातन धर्म में भगवान शिव का माह माना जाता है, मान्यता है कि श्रावण माह के सोमवार को भगवान शिव का जल अभिषेक करने से शिव भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। इसी मान्यता को लेकर दूर-दराज से आए शिव भक्तों ने कावड़ में गंगाजल भरकर सोमवार को भगवान शिव का जल अभिषेक करने के लिए भोले की बम का जय घोष करते हुए गंतव्य को कूच कर रहे हैं।फोटो परिचय अनूपशहर से कावड़ ले जाते शिव भक्त।

## गुरु हरिराय साहिब गुरुद्वारे में सिख संगत ने किया शबद कीर्तन

अनूपशहर। गुरुद्वारा श्री हरिराय साहिब में सिख संगत द्वारा शबद, कीर्तन, अखंड पाठ का आयोजन कर उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया।रविवार को ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री हरिराय साहिब में ज्ञानी गुरमुख सिंह हापुर से आई सिख मिशन धर्म के प्रचारक दिलराज सिंह के नेतृत्व में शबद, कीर्तन, अखंड पाठ, अरदास का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के गांव से आए सिखों ने भाग लिया। दिल्ली से आए रागी जत्था के भाई बनी सिंह की मंडली ने शबद, कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारे में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजत की गई। प्रतियोगिता में 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों को कमेटी द्वारा पुरुस्कृत किया। अरदास पूर्ण होने के बाद गुरुद्वारे में लंगर के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर हरमीत कौर, वीना रावल, कमल कौर, रजनी, प्रीत कौर, गुरमीत कौर, मिथिलेश, विजय कौर, मोहित रावल, बलबीर सिंह, वीरपाल सिंह, अभिषेक सिंह, कृपाल सिंह, अमर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नत्थू सिंह आदि मौजूद रहे।

## द गुरुकुल स्कूल ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

अनूपशहर। गुरुकुल स्कूल मे हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई।गुरुकुल स्कूल में हरियाली तीज महोत्सव पर छोटे- छोटे बच्चो द्वारा हरे रंग के कपड़े पहन कर वाक तथा नृत्य किया गया। अनेक बच्चों ने सावन के गीत गाकर झूले का भी आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय मे मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगियों द्वारा सुन्दर- सुन्दर डिजाइन साथियों के हाथो पर लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कक्षा 5 मे आंशी प्रथम, नियति द्वितीय, रोली तृतीय, कक्षा 6 मे आराध्या प्रथम, देवांशी द्वितीय, पियांशी तृतीय, कक्षा 7 मे हिमांशी प्रथम, अपृणा द्वितीय, दिशा शर्मा , कक्षा 8 मे आंचल प्रथम, सिया द्वितीय, दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निणायक मंडल मे सीमा गर्ग तथा लता शामिल रही। कार्यक्रम का संचालन नेहा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधा द्विवेदी, अभिषेक वार्ष्णेय, नेहा शर्मा उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज की बैठक

अनूपशहर। ब्राह्मण समाज की बैठक में सर्व सम्मति से उमेश पंडित को अध्यक्ष चुना गया। रविवार को डीपीबीएस कालेज के सामने स्थित परशुराम धाम में ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन जेपी शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें समाज की एकता, उत्थान, विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। निर्बल ब्राह्मणों की मदद करने के लिए सभी से आगे आने का आह्वान किया गया। युवाओं से शिक्षा के प्रति जागरूक रहकर ब्राह्मण समाज के संस्कार की परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मौके पर सर्वसम्मति से पूर्व सभासद उमेश पंडित को अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर डा. के के शर्मा, महेश गौड़, ओम प्रकाश शर्मा, डालचंद शर्मा, पिंकी शर्मा, सोनू भारद्वाज, अंकुर शर्मा, विनोद शर्मा आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार के समूल नाश के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया जलाभिषेक

बदायूं। भ्रष्ट तत्वों को सद्बुद्धि के लिए देवाधिदेव से की प्रार्थना। जन दृष्टि (व्यवस्था सुधार मिशन) के तत्वावधान मे प्रदेश समन्वयक सतेंद्र सिंह गहलौत के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने रिश्वतखोरी, कमीशन खोरी, मिलावट खोरी , काला बाजारी और डग्गामारी के समूल नाश के लिए तथा भ्रष्ट तत्वों को सद्बुद्धि प्रदान करने हेतु बुर्रा फरीदपुर स्थित प्रसिद्ध शिवालय पर जलाभिषेक किया।सर्व प्रथम संगठन के पदाधिकारी भागीरथ घाट कछला पहुंचे, गंगा स्नान करने के पश्चात गंगाजल लेकर बुर्रा फरीदपुर स्थित प्रसिद्ध और प्राचीन शिवालय में जलाभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से रिश्वत खोरी, कमीशन खोरी, मिलावट खोरी , काला बाजारी और डग्गामारी के समूल विनाश एवं भ्रष्ट तत्वों को सद्बुद्धि प्रदान करने हेतु प्रार्थना की।

# पौड़ा खेड़ा मंदिर परिसर में ''हरियाली तीज'' त्यौहार पर हुआ मेले का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। नगर मेला कमेटी बिलारी द्वारा मंदिर पौडा खेड़ा परिसर में हरियाली तीजोत्सव पर्व पर मेले का आयोजन किया गया । जिसमें महिलाओं और बच्चों ने मेले में झूला झूल कर सावन के गीत गाये। मेले में खानपान की तरह-तरह की दुकान लगी हुई थी। इस मौके पर नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में कमेटी व निर्णायक मंडल द्वारा तीजोत्सव पर्व पर प्रथम पुरस्कार राशिका पत्नी हर्षित मोहल्ला शांतिपुरम, द्वितीय शिवानी गुप्ता पत्नी सुमित गुप्ता रैली चौक बिलारी, तृतीय श्रीमती रेनू चौधरी पत्नी कुलदीप सिंह मिल रोड बिलारी, इसके अलावा युवतियों में प्रथम आशी शर्मा पुत्री राकेश शर्मा द्वितीय आराध्या पुत्री भानु प्रताप सिंह व तृतीय आस्था चौहान पुत्री विकास चौहान बिलारी को नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व उनकी धर्मपत्नी एवं थाना बिलारी के प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर सुधीर अग्रवाल, संजय जैन, दुष्यंत चौहान, पंकज चौहान, ओमपाल सैनी, बिजेंदर चंद्रवंशी, शिवम गुप्ता, कपिल पाराशर, राम गुप्ता एवं पत्रकार बंधु व गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में महिला बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# डीएम ने किया बहजोई के आनंदपुर में निर्माणाधीन विद्यालय का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सम्भल ( बहजोई )। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखण्ड बहजोई के ग्राम आनंदपुर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सीमेंट एवं रोड़ी एवं अन्य व्यवस्थाओं को चेक किया तथा रोड़ी की गुणवत्ता के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड़ी को सहायक अभियंता आर ई डी को चेक कराते हुए प्रयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही प्रयोग हो यह सुनिश्चित किया जाए। निर्माण कार्य की साप्ताहिक रिपोर्ट एवं जियो टैग फोटो अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाए। ट्यूबवेल वाले स्थान को रेनवाटर हार्वेस्टिंग के रूप प्रयोग किया जाए। अधिक्षण अभियंता विद्युत विभाग एवं निर्माण कारी संस्था यूपी सिड़को को विद्युत तारों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय तक जाने वाले मार्ग को मनरेगा के माध्यम से चौडीकरण करने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल।

# स्कूल जा रहे बच्चों को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, भाई-बहन की मौत

**सड़क हादसे में एक अन्य छात्रा भी घायल हो गयी जिसमे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के सिलहरी गांव के पास सोमवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। साइकिल से स्कूल जा रहे तीन बच्चों को तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया, जिससे दो की मौत हो गई। ये तीनों सगे भाई-बहन थे। एक अन्य छात्रा घायल हुई है। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंगौला निवासी प्रेमपाल की बेटी अंशू (12 वर्ष) व बेटा अंकित (10 वर्ष) शनिवार सुबह साइकिल से प्राथमिक स्कूल जा रहे थे। हालांकि स्कूल में सावन के सोमवार के कारण अवकाश था, लेकिन प्रेमपाल को जानकारी नहीं थी। उन्होंने बच्चों को स्कूल भेज दिया। गांव के ही महीपाल की बेटी खुशबू (10) भी साइकिल पर बैठी थी। सिलहरी गांव से पहले सड़क पार करते समय किसी वाहन ने साइकिल को टक्कर मार दी। घायल छात्रा की हालत गंभीर टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों बच्चे छिटक कर सड़क किनारे दूर जा गिरे। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे में अंकित और अंशू की मौके पर ही मौत हो गई। खुशबू को सीएचसी लाया गया। यहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वही इंस्पेक्टर सहसवान राजेंद्र बहादुर ने बताया कि ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। हर पहलू से जांच की जा रही है। और वाहन प्रकाश में आ गया है। और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# विवादित बयान पर वैश्य समाज ने किया उग्र प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। संयुक्त वैश्य समाज के मंच पर आए वैश्य संगठनों एवं व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों ने भामाशाह चौक से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा,नगर विधायक, जिलाध्यक्ष भाजपा को की प्रेषित ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा द्वारा वैश्य समाज के लिए अपमानजनक टिप्पणी से क्षुब्ध वैश्य संगठनों ने प्रमुख रूप से अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद , भारतीय वैश्य महासभा, वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति, माहौर वैश्य सभा, कुमारतनय वैश्य सभा, वार्ष्णेय कल्याण समिति, अग्रवाल वैश्य सभा, रस्तोगी वैश्य सभा, माहेश्वरी वैश्य सभा, भामाशाह सेवा समिति एवं व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर संयुक्त वैश्य समाज के बैनर पर स्थानीय भामाशाह चौक पर सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर जोरदार उग्र प्रदर्शन करते हुए विरोध में गगनभेदी नारों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय की ओर पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर नगर मजिस्ट्रेट सुरेश पाल को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन देकर त्वरित करवाई की मांग की।

ज्ञापन प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री,नगर विधायक , जिलाध्यक्ष भाजपा, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा,प्रदेश अध्यक्ष भाजपा को भी प्रेषित की वैश्य प्रतिनिधि के बी गुप्ता ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने वैश्य समाज के खिलाफ घृणित टिप्पणी सोची समझी राजनीति के तहत की है अन्यथा वो माफी मांगकर और खेद जताकर उक्त विषय को खत्म कर सकते थे वैश्य प्रतिनिधि नवनीत गुप्ता शोंटू ने कहा कि ऊर्जा मंत्री द्वारा वैश्य समाज पर टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक है वैश्य समाज इसकी घोर निंदा करता हैं अपनी टिप्पणी से देश को समृद्धिशाली बनाने वाले व्यापारी व वैश्य समाज के देश के प्रति समर्पण की खिल्ली उड़ाने की मंशा जाहिर की हे साथ ही सरकार पर उनके भरोसे को तोड़ने का काम किया है श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री से उक्त प्रकरण पर त्वरित रूप से कार्यवाही कर वैश्य समाज के सम्मान को सुरक्षित करने की मांग की वैश्य प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने विरोध जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने उक्त प्रकरण को संज्ञान में नहीं लिया और न्यायोचित कार्यवाही नहीं की अभी तो संयुक्त वैश्य समाज के बैनर पर ज्ञापन दिया है जरूरत पड़ने पर ईंट से ईंट बजाने का कार्य समाज करेगा।

वैश्य प्रतिनिधि विनोद गुप्ता ने बताया कि ऐसे मंत्री को अपनी मानसिकता बदलनी होगी अन्यथा की स्थिति में आगामी चुनावों में इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा जरूरत पड़ने पर वैश्य समाज चुनाव का बहिष्कार भी करेगा। वैश्य प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने बताया कि वैश्य बीजेपी का कोर वोटर है तो इसका मतलब यह नहीं कोई भी अभद्र टिप्पणी कर देगा वैश्य समाज जितना शालीन है वक्त पढ़ने पर उग्रता के साथअपना सम्मान लेना भी आता है। वैश्य प्रतिनिधि शैलेंद्र वैश्य ने कहा कि अभी तक इस प्रकरण पर ऊर्जा मंत्री के द्वारा खेद प्रकट न किया जाना उनकी हठधर्मिता को दिखाता है।

# पुष्प वर्षा के साथ कुंवरगांव पुलिस ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सावन के पवित्र माह में हजारों श्रद्धालु कछला गंगा घाट से गंगाजल तथा कांवर लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए नगर कुंवरगांव से होकर गुजर रहे हैं। नगर पंचायत कुंवर गांव में कांवड़ियों लिये थाना परिसर के सामने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों कांवरियों ने प्रसाद ग्रहण कर पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया और अपने अपने गंतव्य को निकल गये । इस दौरान सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने फीता काटकर भंडारे का शुभारंभ किया और अपने हाथों से भोले भक्तों को प्रसाद वितरण किया। भंडारे में सब्जी-पूड़ी और सूजी का हलुआ का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजारों कांवरियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सभी आयोजकों ने शिवभक्तों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें रवाना किया।भंडारे का आयोजन पुलिस व नगर के समाजसेवी व भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से सकुशल संपन्न हुआ इस मौके विशाल भंडारे में एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी ,सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। जहां इस मौके पर थाना प्रभारी वेदपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगराज सिंह, उपनिरीक्षक रामेश्वर सिंह,नगर चेयरमैन पति अरविंद कुमार, भाजपा नेता रामशर्मा, लवि शर्मा,अनिल सिंह,लकी गुप्ता , पंकज गुप्ता ,अजय सक्सेना , विनीत जौहरी, सभासद हनी मिश्रा,ब्लाक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, बनगढ़ प्रधानपति आरिफ , पूर्व चेयरमेनपति संजय गुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## कछला मार्ग पर कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन

बदायूं। रविवार को पटेल चौक पर स्थित दादी की रसोई के संचालक सुखदेव सिंह राठौड़ नें कांवर भक्तों हेतु एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कांवर भक्तो के साथ ही साथ अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने भी भंडारे में प्रतिभाग किया। उन्होंने सभी कांवर भक्तों के उत्तम स्वास्थ तथा उनकी मनोकामनाओं को पूर्ण करने हेतु भगवान भोले नाथ से प्रार्थना की। सुखदेव सिंह राठौर ने कांवर भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए भोले नाथ से उनकी सफल, सुखद एवं मंगलकारी यात्रा की कामना की। वही आपको बता दे की खाटू श्याम मंदिर पर भी भगवान महाकाल के परम भक्त एवं समाजसेवी रवि प्रताप सिंह ने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें जनप्रतिनिधियों ने पहुंच कर भगवान महाकाल से समस्त कांवर भक्तो के अच्छे स्वास्थ्य एवं उनकी मनौती पूर्ण करने की प्रार्थना की।

## 29 जुलाई को राजकीय महाविद्यालय में होगा मोबाइल कार्ट का आयोजन

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि 29 जुलाई 2025 को दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए मोबाइल कोर्ट का आयोजन राजकीय महाविद्यालय आवास विकास कॉलोनी में प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश द्वारा अन्य अधिकारियों के साथ सहभागिता की जाएगी।उन्होंने राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण विकास अभिकरण, परिवहन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन, रेलवे विभाग, पंचायती राज, श्रम विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, परियोजना अधिकारी डूडा, लीड बैंक अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रथमा यू0पी0 ग्रामीण बैंक के वरिष्ठतम अधिकारी को मोबाइल कोर्ट के निर्धारित स्थल व समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# बदायूं क्लब में सुर संगीत कार्यक्रम ने बांधा समां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केन्द्र बदायूं क्लब में कार्यकारिणी की पहल पर संगीत प्रेमियों के लिए प्रति माह सुर संगम कराओके क्लब से प्रतिभाओं को एक सुन्दर मंच दिया है, आयोजित सुर संगम में संगीत के शौकिया कलाकारों की प्रस्तुतियों ने अपने सुरों ने समां बांध दिया, अब संगीत प्रतिभाओं के लिए एक मंच पर आयी प्रतिभाओं के लिए प्रति माह यह आयोजन होगा, आज उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता एवं राष्ट्र स्वयं सेवक संघ धर्म जागरण प्रांत प्रचारक विशाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सुरसंगम संगीत आयोजन का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बदायूं क्लब सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का केन्द्र है, ऐसे स्थान पर संगीत क्लब के गठन एवं माह में एक निरन्तर आयोजन होने से संगीत प्रतिभाओं को एक अच्छा मंच मिलेगा, और क्लब सदस्य, अधिकारी भी अपनी भाग दौड़ की जिन्दगी में कुछ पल फुरसत के निकाल कर स्वस्थ्य मनोरंजन ले सकेंगे। राष्ट्र स्वयं सेवक संघ धर्म जागरण प्रांत प्रचारक श्री विशाल ने इस पहल के लिए क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष को बधाई देते हुए कहा, संगीत, साहित्य, कला किसी भी मनुष्य के मानसिक शांति के लिए अत्यंत महत्व रखता है, इनके सहयोग से व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ और एकाग्र रहता है, इस अवसर पर पदाधिकारियों द्वारा उनका माल्यार्पण कर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में कार्यक्रम में संगीतज्ञ डॉ मदन मोहन लाल का संगीत नाटक अकादमी उत्तर प्रदेश का सदस्य बनने एवं प्रसिद्ध सितार वादक मुस्तफा हसन निसार का विशेष सम्मान क्लब की ओर से किया गया। सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने कहा, जनपद के साहित्य प्रेमी जिलाधिकारी अवनीश राय एवं संगीत प्रेमी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश सिंह सिंह जी के संरक्षण में ऐसे आयोजनों की श्रृंखला लगातार आयोजित की जायेगी। आयोजन में गायक गायिकाओं ने अनेक नये व पुराने गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने आज मौसम बेईमान है बड़ा गीत सुना कर वाह वाह लूटी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने भी अपनी प्रस्तुति से रंग जमा दिया, इससे पूर्व अश्विनी ने वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में गायक प्रतोश शर्मा, प्रशांत दीक्षित, विशाल शर्मा, अनमोल आहूजा, सनी चौहान, अवधेश महेश्वरी, धीरज सक्सेना, सपना शर्मा, अश्विनी, मोहित, उत्कर्ष चौहान ने एक से बढ़ कर एक गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में सभी गायकों को सम्मानित किया गया, सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख धीरज सक्सेना, दीपक सक्सेना, क्षितिज शंखधार, भारत शर्मा, सर्वज्ञ गुप्ता, राहुल चौबे, पंकज शर्मा, तुषार शंखधार, आदित्य श्रोत्रिय, अनु शर्मा, अलका सागर, रवीन्द्र कश्यप, सुशील शर्मा, मयंक प्रताप आदि संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

# मरगूबपुर में हुई ''अटल वन'' की स्थापना, रोपे गए 51 सौ पौधे

**कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की**

**मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन और लोक भारती संस्था के जिला संयोजक शारदाकांत पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। तहसील तरबगंज के ग्राम मरगूबपुर में ग्राम विकास विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ''अटल वन'' की स्थापना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रेम नारायण पांडेय मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की,जबकि मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन और लोक भारती संस्था के जिला संयोजक शारदाकांत पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे।''अटल वन'' की स्थापना का उद्देश्य पर्यावर ण संरक्षण, जैव विविधता को बढ़ावा देना और ग्राम स्तर पर हरित क्षेत्र को सुदृढ़ करना है।इस अभियान के अंतर्गत सैकड़ों पौधे लगाए गए, जिनमें पीपल, बरगद, नीम, आम, आंवला, गुलमो हर जैसे विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार वृक्ष शामिल हैं।कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई।इसके उप रांत विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने अपने हाथों से पौधरोपण कर वृक्षारोपण अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ल्लअटल वनङ्क न केवल पर्या वरण को संरक्षित करेगा,बल्कि आने वाली पी ढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य की नींव भी रखेगा।उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इन पौधों की सुरक्षा और देखभाल को अपने कर्तव्य के रूप में निभाएं।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह कदम अत्यंत सराहनीय है।उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से पौधों की निगरा नी करें,ताकि वे स्वस्थ रूप से विकसित हो सकें।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने ''अटल वन'' को एक प्रेरणादायी पहल बताते हुए कहा कि यदि हर ग्राम पंचायत इस प्रकार के वन क्षेत्र का निर्माण करे,तो जलवायु परिवर्त न के दुष्प्रभावों को कम किया जा सकता है।लोक भारती संस्था के जिला संयोजक शारदा कंात पांडेय ने बताया कि संस्था द्वारा इस कार्य में तकनीकी सहयोग और जनजागरूकता का दायित्व निभाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर पर्यावरण चेतना को जागृत करना समय की आवश्यकता है।इस अवसर पर हरिशंकरी वाटिका,पंचवटी वाटिका,त्रिवेणी वाटिका,औषधीय पौधों की वाटिका,फलदार एवं इमारती वृक्षों की मिश्रित वाटिका सहित अलंकृत पौधों के साथ 51सौ पौध रोपित किए गए।

# मोदी जी महाबोधि परिसर को अवैध कब्जों से कराये मुक्त : अर्थी बाबा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । राजन उर्फ अर्थी बाबा भंते जंतर मंतर धरने पर बैठ कर सरकार से मांग किया कि बोधगया में महाबोधि बुध विहार स्थित है, जो बौद्ध धर्म के चार पवित्र स्थलों में से एक है। जिसको गैर बौद्ध धर्म का कब्जा हो गया है जिसको मुक्त करवाना बहुत जरूरी है भारतीय बौद्धों के लिए महाबोधि की लड़ाई मुक्ति और न्याय की लड़ाई है। महाबोधि मुक्ति न केवल भारतीय बौद्धों बल्कि दुनिया भर के बौद्धों से पूर्ण प्रतिबद्धता की मांग करती है। यह बुद्ध का बहुत बड़ा अपमान है कि जिस स्थान पर उन्होंने सम्मा बोधि प्राप्त की और असमानता को चुनौती दी (महाबोधि मंदिर परिसर में अजपाल वृक्ष के नीचे) उन शक्तियों द्वारा शासित है जिन्हें उन्होंने जीवन भर चुनौती दी। महाबोधि की मुक्ति बौद्ध धर्म की उसके शत्रुओं से मुक्ति की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए महाबोधि को मुक्त किया जाय ।जबकि बिहार में कई राजनीति पार्टियों की सरकार रही बौद्ध का वोट लिए लेकिन किसी सरकार ने महाबोधि को मुक्त नहीं करवाया । मोदी जी महाबोधि को मुक्त करवाए ।अर्थी बाबा ने कहा कि अयोध्या में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा समझौते के तहत जितने एकड़ में बाबरी मस्जिद बनाने की जमीन को निर्माण करवाने हेतु जिन कमेटी को दी गई लेकिन किसी कमेटी ने निर्माण नहीं करवाया इसलिए प्रधानमंत्री मोदी से मांग किया है कि खुद सरकार सरकारी बजट निर्माण करवाये । अर्थी बाबा ने कहा कि बाबरी मस्जिद का निर्माण मोदी जी करवा कर अर्थी बाबा द्वारा बाबरी मस्जिद का उद्घाटन करने की अनुमति प्रदान करे ताकि बाबरी मस्जिद पर राजनीति करने वाले नेताओं को सबक मिल सके । अर्थी बाबा अगला दिल्ली के नगर निगम का चुनाव में अपना कैंडिडेट खड़ा करेंगे ।

# पुलिस थर्ड डिग्री क़र रही टॉर्चर,जुर्म कबूल कर लो दस हजार दूंगा,एसपी से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र ग्राम टिकरिया में मृतक के परिवार नें पुलिस पर गं भीर आरोप लगाए हैं।मृतक के पिता परिवार के सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुं चे।उन्होंने आरोप लगाया कि 12 जुलाई कोउनके लड़के विशाल की हत्या कर दी गई थी।इस संबंध में चार लोगों को नामजद किया गया था,जिनमें से कुछ लोगो को देहात कोतवाली पुलिस 9 दिनों से कोतवाली देहात में बिठाएहुए रखा था।उसके बाद दो लोगों को पुलिस नेंजेल भेज दिया है।वही मृतक के पिता का आरो प है कि पुलिस उल्टे पीड़ित परिवार और उनके रिश्तेदारों को आए दिन पड़कर कोतवाली ला या जाता है और उन्हें मारा पीटा तथा थर्ड डिग्री टॉर्चर किया जाता है और हमारे परिवार वालों का बयान तोड़ मरोड़ कर गलत तरीके से दर्ज किया जाता है। वहीं मृतक के पिता ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि 25 जुलाई को हमारे भतीजे को पुलिस पकड़ कर लेकर आई है ले कर आई है और उसे बुरी तरह मारा पीटा गया है और उसे टॉर्चर करके हत्या का जुर्म कबूल करने के लिए दस हजार रूपये देने के लिए कहा जाता है।यहां तक कि छोटे-छोटे बच्चों को भी पुलिस कोतवाली लाकर टॉर्चर कर रही है और उन पर परिवार के सदस्यों को हत्या में शामिल करने का बयान देने का दबाव डाल रही है।मृतक के पिता गोविंद ने आज दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पुलिस उल्टे परिवार के निर्दोष सदस्यों को मामले में जेल भेजना चाहती है।इससे मृतक का पवार काफी डरा और सहमा हुआ है।इस गंभीर आरो प ने स्थानीय स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कैरिज ब्रांच के उपाध्यक्ष अल्बर्ट पीटर सेवानिवृत पर विदाई समारोह का आयोजन



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ यांत्रिक कारखाना के कैरिज ब्रांच के उपाध्यक्ष अल्बर्ट पीटर के रिटायरमेंट के अवसर पर सोमवार को कैरिज ब्रांच के सभी कर्मचारी और अधिकारियों ने मिल कर उनका सम्मान समारोह यांत्रिक कारखाना कैंटीन में सैकड़ों एकत्रित होकर भव्य कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों अपने विचार व्यक्त किये। अल्बर्ट पीटर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के कर्मठ पदाधिकारी हैं मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं तथा आशा करता हूं कि रिटायरमेंट के बाद भी उनका मार्ग दर्शन संघ और विभाग को मिलते रहेगा।

# फल तुड़ाई के बाद आम बागों का प्रबंधन जरूरी, वरना घटेगा उत्पादन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। आम की तुड़ाई के बाद यदि बागों का समुचित समय पर प्रबंधन न किया जाए, तो भविष्य की पैदावार पर विपरीत असर पड़ सकता है। यह बात कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने किसानों को जागरूक करते हुए कही। उन्होंने कहा कि फल तुड़ाई के बाद की उपेक्षा से बागबानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जिससे आम का व्यवसाय लाभहीन हो जाता है।कृषि विज्ञान केंद्र के कृषिवानिकी विशेषज्ञ उमेश कुमार ने जानकारी दी कि आम की तुड़ाई के बाद अधिकतर किसान बागों की देखरेख से मुंह मोड़ लेते हैं, जिससे अगली फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता पर नकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि तुड़ाई के बाद से लेकर मंजर आने तक के समय को 'गोल्डन पीरियड' मानकर बागों का खास प्रबंधन करना चाहिए। डॉ. संदीप ने बताया कि तुड़ाई के बाद बाग की गहरी जुताई करें जिससे खरपतवार नष्ट हो जाएं। उसके बाद प्रत्येक 10 साल या अधिक उम्र वाले आम के पेड़ों को 2.20 किलोग्राम यूरिया, 3.12 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फ़ेट और 1.73 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश देना चाहिए। इसके साथ 50ऽ60 किलोग्राम सड़ी गोबर या कंपोस्ट खाद भी मिलाएं। खाद देने के लिए पेड़ के तने से 2 मीटर की दूरी पर 25 सेंटीमीटर गहरा व चौड़ा घेरा बनाएं। आधी मिट्टी निकालकर खाद मिलाएं और पुनः उसी घेर में भरकर सिंचाई करें। जुलाईऽअगस्त माह में आम के पेड़ों पर शूट गाल कीट का खतरा बढ़ जाता है। इसके नियंत्रण हेतु अगस्त मध्य में डाईमेथोएट 30 ईसी की 2 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। मकड़ी के जाले हटा दें और सूखी शाखाओं को काटकर जला दें। अत्यधिक वर्षा व नमी की स्थिति में रैड रस्ट व एंथ्रेक्नोज रोगों का प्रकोप हो सकता है, जिसे रोकने के लिए 3 ग्राम कापर ऑक्सीक्लोराइड प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। सितंबर में डाईमेथोएट का दूसरा छिड़काव जरूरी है। अक्तूबर में डाईबैक रोग के लक्षण अधिक दिखते हैं। इसके लिए सूखी टहनियों को हरे हिस्से से 5ऽ10 सेंटीमीटर आगे तक काटकर उसी दिन कापर ऑक्सीक्लोराइड से छिड़काव करें। 10ऽ15 दिन के अंतराल पर छिड़काव दोहराना चाहिए। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि यदि किसान इन सिफारिशों का पालन करें, तो न सिर्फ आम की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि बाग से मिलने वाला आर्थिक लाभ भी कई गुना बढ़ जाएगा।

# ऊर्ज़ा मंत्री की कथित टिप्पणी के विरोध में वैश्य महासम्मेलन ने सौंपा ज्ञापन

**अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई, बहराइच द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। ऊर्ज़ा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा वैश्य समाज को लेकर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई, बहराइच द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में संगठन ने मंत्री की कथित टिप्पणी को समाज की गरिमा के विरुद्ध बताते हुए मुख्यमंत्री से इस पर संज्ञान लेने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री एवं देवीपाटन मंडल प्रभारी महेश अग्रवाल, युवा अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अभिषेक गुप्ता, प्रदेश मंत्री संजय अग्रहरी, जिला प्रभारी अमन अग्रहरी, जिला महामंत्री विकास गुप्ता, मीडिया प्रभारी अद्वैवत शैलवरांश, जिला उपाध्यक्ष महेश अग्रहरी और ओमकार गुप्ता शामिल रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि समाज की प्रतिष्ठा के खिलाफ किसी भी बयान या रवैए को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मां वैष्णवी ज्ञान पीठ ट्रस्ट द्वारा हुआ भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर।108 ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा ज्ञानपीठ परिसरगोला गोरखपुर।श्रावण मास के तृतीय सोमवार के पावन अवसर पर गोला कौडीराम सड़क मार्ग पर स्थित बी.एस.ए. ज्ञानपीठ तीयर के परिसर में ल्लमाँ वैष्णवी वेद विज्ञान ट्रस्टङ्क (माँ का परिवार) द्वारा एक भव्य निःशुल्क सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। जिसके आयोजक मुख्य आयोजक पं. महेशानंद त्रिपाठी रहे। जिसमें 108 ब्राह्मणों ने वेद मंत्रों का का उच्चारण कर सैकड़ों श्रद्धालुओं को जलाभिषेक कराया।कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे प्रारंभ हो गया ।108 ब्राह्मणों के भगवान शिव की स्तुति और वैदिक मंत्रोच्चार से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।इस आयोजन को सफल बनाने में पंडित अच्युतानंद त्रिपाठी, पीयूष पाण्डेय, हर्ष दुबे, यज्ञेश पाण्डेय उर्फ विनीत विक्रम कुमार त्रिपाठी, उत्कर्ष दुबे उर्फ विनीत समेत अन्य लोग शामिल हुअए।

# 85 फीसदी अल्ट्रासाउण्ड सेंटरों पर नहीं है रेडियोलाजिस्ट व एमबीबीएस चिकित्सक

**रजिस्ट्रेशन में कुछ और, हकीकत में कुछ और, मरीजों के साथ किया जा रहा खिलवाड़**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां एक तरफ बेहतर चिकित्सीय के सुविधायें ग्राम्य स्तर पर करने के लिये प्रयासरत देखे जा रहे हैं। जिससे गरीब मरीजों का भी निःशुल्क इलाज व जांच हो सकें और मानक विहीन सभी पाली क्लीनिक,अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर व पैथालोजी पर सख्त कार्यवाई हो सीज किये जायें।और जांच की सभी सुविधायें चिकित्सा लय में मौजूद रहे।जिससे निःशुल्क इलाज व जांच कर दवाये निशुल्क मरीज को मिल सकें।इसके लिये प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कैबिनेट स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा अस्पतालों का औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसी के साथ लापरवाह चिकित्सकों पर कार्यवाई भी हो रही है वहीं उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में जिले में प्राइवेट अल्ट्रासाउण्ड सेंटर लूट का अडडा बनते नजर आ रहे हैं।अगर गोण्डा जिले में चल रहे विभिन्न नामों से अल्ट्रासाउण्ड सेंण्टर पर गौर करे तो यह स्पष्ट है कि रजिस्टेउशन की पत्रावली में आल इज ओके दिखेगा लेकिन हकीकत में 85 फीसदी अल्ट्रासाउण्ड सेंण्टर पर रेडियोलाजिस्ट तो दूर चिकित्सक तक नही मिलेगें।यह मरीजों के साथ खिलवाड़ नही है तो और क्या माना जाये।आश्चर्य जनक कि बात तो यह भी है कि बिना किसी चिकित्सक के परा मश के भी धड़ल्ले से अल्ट्रासाउण्ड हो रहा है। उल्लेखनीय है। जनपद मुख्यालय जिला अस्प ताल,महिला अस्पताल,परसपुर सीएचसी के सामने,बेलसर में सीएचसी के सामने,क्र्रनैल गंज,सीएचसी व तहसील के सामने,तरबगंजमें सीएचसी व कस्बे में,वजीरगंज कस्बे में और मनकापुर सहित अन्य स्थानों पर धड़ल्ले से अल्ट्रासाउण्ड सेंण्टर चल रहे हैं।वहीं नवाबगंज, मसकनवा, छपिया,बभनान, धानेपुर,बाबागंज,कटरा बजार,कुड़ासन, झिलाही बाजार,सहित अन्य स्थानों पर करीब तीन दर्जन से अधिक अल्ट्रसाउण्ड सेंण्टर चल रहे है।शायद उप्र का यह पहला जन पद होगा जहां पर रेडियो लाजिस्ट या एमबीबी एस चिकित्सक के जगह अप्रशिक्षित लोग अल्ट्रासाउण्ड कई सेण्टर पर कर रहे है।जबकि कागजी कोरम में सब आल इज ओके है।अगर स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन द्वारा औचक छापे मारी की जाये तो हकीकत सामने जरूर आ जायेगी।

## मटेरा क्षेत्र की घटना को लेकर सपाइयों ने पीड़ितों से मिलकर उठाई न्याय की मांग

बहराइच। मटेरा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर और आढ़ीपुर (दशरथपुर) में दो युवकों–मोहित मौर्य उर्फ विकास मौर्य व चंदन मौर्य उर्फ शिवम मौर्य–के साथ मारपीट और बंधक बनाए जाने की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी गंभीर दिखाई दे रही है। शनिवार को पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली और घटना की निंदा की। प्रतिनिधिमंडल में युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू (मौर्य राजवंश), पूर्व ब्लॉक प्रमुख व बाबा साहब वाहिनी के ज़िलाध्यक्ष पेशकार राव, शिक्षक सभा ज़िलाध्यक्ष जितेन्द्र मौर्य, छात्र सभा अध्यक्ष रविन्द्र मौर्य टिंकू, लोहिया वाहिनी के मटेरा विधानसभा अध्यक्ष धनीराम यादव, बाबा साहब वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष अरुण यादव, प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आशीष मौर्य तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि डॉ. पवन मौर्य सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने पीड़ितों की ओर से प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की तैयारी भी जताई है और कहा कि इस गंभीर घटना की रिपोर्ट समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजी जाएगी, ताकि पार्टी स्तर पर इसे प्राथमिकता से उठाया जा सके।प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से मांग की है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए, पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए और उन्हें आवश्यक सुरक्षा व मुआवजा प्रदान किया जाए।समाजवादी पार्टी नेताओं ने कहा कि उनका दल हर उस अन्याय के खिलाफ खड़ा है जिसमें जाति, धर्म या सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर भेदभाव किया जाता है।

# बहराइच के खिलाड़ियों ने प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में रचा इतिहास

**बहराइच के खिलाड़ियों ने प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में रचा इतिहास**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। राजधानी दिल्ली स्थित डॉ. करनी सिंह शूटिंग रेंज में 23 से 28 जुलाई तक आयोजित 28वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जनपद बहराइच के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई कीर्तिमान रचे। महसी के विधायक सुरेश्वर सिंह ने राजनीति से इतर खेल के मैदान में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने 50 मीटर प्रोन .22 राइफल (सीनियर मास्टर कैटेगरी) में गोल्ड और सामान्य वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। आज़ादी के बाद यह पहला मौका है जब कोई विधायक शूटिंग स्पर्धा में दो मेडल जीतने में सफल रहा हो। सुरेश्वर सिंह ने न सिर्फ प्रतियोगिता में भाग लिया, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम भी रोशन किया। यह उपलब्धि न सिर्फ खेल जगत के लिए, बल्कि राजनीति में सक्रिय जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणास्पद है। प्रतियोगिता में बहराइच के अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। भूपेंद्र प्रताप सिंह ने 50 मीटर प्रोन .22 राइफल में गोल्ड मेडल हासिल किया। गगनदीप सिंह ने चौथा स्थान प्राप्त करते हुए सामान्य वर्ग में संयुक्त रूप से सिल्वर मेडल जीता। मनमोहन सिंह उर्फ मोनू ने भी सामान्य वर्ग में सिल्वर मेडल हासिल किया और टॉप-10 में जगह बनाई। जबकि अखंड प्रताप सिंह ने 12 बोर ट्रैप शूटिंग में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया। वहीं अरुणेन्द्र प्रताप सिंह और गुनदीप सिंह ने प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर जिले की उपलब्धियों में नाम जोड़ा। इस प्रतियोगिता में विधायक सुरेश्वर सिंह और उनके पुत्र अखण्ड प्रताप सिंह ने क्वालीफाई कर एक अनोखा रिकॉर्ड कायम किया। साथ ही दो-दो सगे भाइयों की जोड़ी ने भी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर जिले के खेल इतिहास को और समृद्ध किया। खिलाड़ियों की इस सफलता से जनपद में गर्व और उत्साह का माहौल है। महसी क्षेत्र से लेकर जिले के कोने-कोने तक बधाइयों का तांता लगा है। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को बहराइच की शान बताया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विधायक सुरेश्वर सिंह ने राजनीति, समाज सेवा और अब खेल के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छूकर नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। करीब चार दशक से राजनीति में सक्रिय सुरेश्वर सिंह तीसरी बार महसी से विधायक चुने गए हैं। उनके पिता और माता दोनों महसी क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। 'राइफल वाले विधायक' के रूप में पहचान बना चुके सुरेश्वर सिंह ने अब शूटिंग में भी अपना परचम लहराकर यह साबित कर दिया है कि लगन, समर्पण और संकल्प से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

# जादू से समाजसेवा तक: मिस्टर इंडिया को मिला सूर्यभान रामटेके रास्ट्रीय सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का परचम लहराने वाले जादूगर मिस्टर इंडिया को सूर्य भान रामटेके राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया।यह सम्मान एकता फाउं डेशन,नागपुर द्वारा शिक्षा, रोजगार, संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके अद्भुत योगदान के लिए दिया गया।हरदिहा सीरपुरवा (परसपुर, गोण्डा) निवासी मिस्टर इंडिया वर्तमान में न्यूयॉर्क की आईबी एम संस्था में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। साथ ही विएतनाम, श्रीलंका, तुर्की और दुबई की मैजिक सोसाइटियों में भी भारत की भागी दारी निभा रहे हैं।वे अब तक 250 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके हैं।यह आयोजन सोशल वर्कर एसोसिएशन और ग्लोबल एकता मीडिया न्यूज द्वारा सूर्यभानजी रामटेके की जयंती पर किया गया,जिसमें देश भर से समाजसेवियों और युवाओं ने भाग लिया स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाइयाँ दीं।

# जिले में कागजों तक सीमित देखा जा रहा है, संचारी रोग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है।लेकिन इसका असर देखने को नहीं मिल र हा है।संचारी रोगों से बचाव के लिए सफाई सब से जरूरी बताई जाती है।लेकिन पंचायतों में स फाई को लेकर कोई प्रभावी कार्य होता नहीं दि ख रहा है।कस्बे से लेकर गांव तक हर जगह ग दगी फैली देखी जा रही है।संचारी रोग नियंत्रण के लिए सफाई अनिवार्य है।यदि नियमित सफा ई कार्य चलता रहे तो संचारी रोग फैलने के मा मलों को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा स कता है।अभियान के तहत यही नहीं हो रहा है। पंचायत के गांवों की बात करें तो शायद ही को ई ऐसा मोहल्ला होगा जहां पर्याप्त सफाई करा ई गई हो।विकासखंड के अधिकांश पंचायत के गांवों में देखा गया जहां सड़क पर नालियों का पानी फैला हुआ दिखा।स्थानीय लोगों ने बता या कि नालियों की मरम्मत व सफाई न होने से पानी सड़क पर फैल रहा है।दिनभर मच्छर लग ते रहते हैं।मच्छर संचारी रोग के वाहक हैं लेकिन न इन्हें नियंत्रित करने के लिए न तो एंटीलार्वा का छिड़काव हो रहा है और न ही फॉगिंग करा ई जा रही है।

# चेयरमैन एवं व्यापार मण्डल ने किया कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता व भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान व सर्राफा ऐसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गुप्ता व सुशील वर्मा व अन्य व्यापारियों द्वारा भव्य कावड़ यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया कावड़ यात्रा में मनमोहक झांकियां ने लोगों को काफी आकर्षित किया सबसे खास बात इसमें ये रही कि भस्म और रंगो को उड़ाकर आनन्द लिया साथ ही इस यात्रा में देशभक्ति की झलक भी देखने को मिली कांवड़ियों को गर्मी से राहत देने के लिए पानी की पूरी व्यवस्था की गई कावड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के भी चाक चौबंद व्यवस्था पुलिस द्वारा की गई थी कावड़ यात्रा मे मोहल्ला बमनपुरी के रहने वाले विकास गुप्ता उर्फ सनी ने भगवान शिव के लिए विशेष श्रद्धा जताई सनी ने 51 लीटर जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और बाबा महाकाल के प्रति अपनी श्रद्धा का प्रदर्शन करना था यह कावड़ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी है सनी गुप्ता द्वारा लाया गया गंगाजल बाबा महाकाल को समर्पित किया गया,जो उनकी भक्ति और समर्पण का प्रतीक है।कावड़ यात्रा को देखने के लिए लोग सड़कों पर, अपने घरों की बालकनी और छत पर खड़े नज़र आये। बच्चों को इस कावड़ यात्रा ने काफी आकर्षित किया यात्रा लाइनपार देवी स्थान मन्दिर से शुरू होकर धनारा घाट से जल भरकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए तकिया दिनार पर काली माता मन्दिर व दूसरी यात्रा इक्कतहर नाथ मन्दिर शिवालय पर जल अभिषेक किया ट्रैक्टर ट्राली पर सजी झांकियां लोगों को अपनी और काफी आकर्षित कर रही थी स्थानीय युवाओं ने डीजे के साथ भव्य स्वागत किया। मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्पहार पहनाकर उनका सम्मान किया कावड़ यात्रा का स्वागत करने वालो मे व्यापार मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, दीपक बंसल, विजयपाल सिंह विक्की, राहुल जायसवाल,संजीव गुप्ता, अनुज गुप्ता, सचिन गुप्ता , सर्राफा संघ के अध्यक्ष संजय गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, बजरंग दल से संजय मिश्रा, सभासद सूरज बाथम, मानस शुक्ला, रवि पाण्डेय, विशाल वर्मा, विपिन गुप्ता, युवराज वर्मा, सुशील वर्मा, आशीष गुप्ता , सुकेश खंडेलवाल, राजन गुप्ता, प्रदीप सिंह मुखिया, गौरव गुप्ता, रवि वर्मा सहित कई व्यवसाई भी मौजूद रहे ।

# उदासीन संगत आश्रम मामले में एसडीएम को दिये साक्ष्य

कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के लखनऊ नाका स्थित म.न. 512 उदासीन संगत आश्रम गुरुद्वारा की करोड़ों की संपत्ति की विक्रय किए जाने के प्रकरण में भाजपा महिला मोर्चा सुल्तानपुर की निवर्तमान जिला मंत्री मंजू सागर कसौधन ने गुरुद्वारा के समस्त किरायदारों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय में उपजिलाधिकारी विपिन द्विवेदी को प्रकरण से संबंधित सभी अभिलेख जमा किया।

विदित हो कि मंजू सागर द्वारा बीते 14 जुलाई 2025 को सुल्तानपुर सदर विधायक विनोद सिंह को सपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार उर्फ राजू चौधरी द्वारा गुरुद्वारे की संपत्ति का फर्जी बैनामा करके विक्रय किए जाने की शिकायत की थी जिसमें विधायक द्वारा जिलाधिकारी को प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी उस क्रम में डीएम साहब द्वारा एसडीएम को जांच करने के लिए आदेशित किया था उक्त के क्रम में एसडीएम द्वारा मंजू सागर कसौधन को नोटिस के जरिए 21 जुलाई को प्रकरण से सम्बन्धित सभी साक्ष्य जमा करने के लिए कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था जिसमें कुछ साक्ष्य जमा किया गया था तथा शेष साक्ष्यों के लिए 7 कार्यदिवस का समय लिया गया था जिसके क्रम में सभी साक्ष्य संकलित करके आज मंजू सागर और गुरुद्वारा के किरायदारों ने एसडीएम को जमा किया तथा एसडीएम से निष्पक्ष जांच के लिए निवेदन किया। जिसमें उन्होंने निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सतवंत कौर, भगवंत कौर, दिलीप विश्वकर्मा, सरोज देवी, मनप्रीत सिंह, हरजीत कौर आदि उपस्थित रहे।

# आज मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस

कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद के रहने वाले बिलाल मियां खान वनजीवन के लिए काम कर रहे हैं विशेष तौर पर बाघों के बारे में जानना और देशभर के बाघों की जानकारी अपने द्वारा लिखी गई हिंदी पुस्तक सफरनामा से देश दुनिया में बाघों के प्रति जागरूकता फैलाने का काम कर रहे हैं, आपको बताते चलें बिलाल ने तीन पुस्तक की वन जीवन पर लिखी है जिसमें प्रथम पीलीभीत टाइगर रिजर्व पर आधारित द्वितीय तराई अर्क लैंडस्केप तथा तृतीय भारत के 54 टाइगर रिजर्व पर आधारित है जिसमें विशेष तौर पर बाघों बारे में जानकारी दी गई है।दो मार्च वर्ष 2014 से 24 जुलाई वर्ष 2025 तक लगभग 23 बाघ रेस्क्यू किए गए जिसमें से 13 बाघ चिड़ियाघर भेजे गए चार बाघ दूसरे जनपद में और 05 बाघ को दोबारा पीलीभीत जंगल में छोड़ गया, अगर बात करें तो पिछले 10 साल में कुल 26 बाघ जनपद पीलीभीत से दूसरी जगह भेज दिए गए, और पिछले 13 सालों में जनपद पीलीभीत में कुल 26 बाघों की मृत्यु भी दर्ज की गई है, इस तरह हमने अब तक कुल 52 बाघों को खो दिया है,इधर सूत्रों की माने तो तीन बाघ रेस्क्यू ऐसे हैं जिन्हें पहली बार में पड़कर जंगल छोड़ा गया जबकि दूसरी बार में उन्हें चिड़ियाघर भेज दिया गया। 24 मई वर्ष 2012 से 01 जून वर्ष 2024 तक जनपद पीलीभीत में 26 बाघ की मृत्यु दर्ज की गई है,और बाघ की मृत्यु में दो बाघ की मृत्यु ऐसी है जो इंसानों के लिए शर्म नाक है, 24 जुलाई वर्ष 2019 को दियोरिया रेंज में लाठी डंडे एवं धारदार हथियार से पीट कर एक बाघ को मार दिया गया दूसरी घटना 03 माई वर्ष 2020 को रेस्क्यू के दौरान ग्राम ज़ारी में बाघ की मौत हो गई थी, सात बाघ कानपुर चिड़ियाघर, सात बाघ लखनऊ चिड़ियाघर एवं एक बाघ को गोरखपुर भेजा गया था जिसकी हाल ही में मौत हो गई। इधर प्रदेश सरकार एवं वन विभाग समय समय पर जंगल एवं उसमें रह रहे जानवरों को बचाने वाले को सुविधा उपलब्ध करा रही है लेकिन सीधे तौर पर जीव जंतुओं को इसका सीधा लाभ नहीं मिल पा रहा है मेरी अगर जनपद पीलीभीत में रेस्क्यू सेंटर प्रारंभ हो जाता है तो इसे हम अपनी कामयाबी समझेंगे और जीव जंतुओं के लिए सीधा लाभ।

# सैदापुर के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर ब्लाक का घेराव कर किया प्रदर्शन

अमेठी । विकास क्षेत्र अमेठी की ग्राम पंचायत नुवांवा के गांव सैदापुर के आक्रोशित ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर ब्लाक कार्यालय के सामने धरने पर बैठकर विरोध जताया। ग्रामीण गांव में जल निकासी की समस्या के लिये नाली और आवागमन के लिये खड़ंजे की मांग कर रहे हैं लेकिन इनकी व्यथा सुनने वाला कोई नही है। क्षेत्र के गांव सैदापुर के ग्रामीणों की मानें तो गांव में मूलभूत समस्याओं का अभाव है।गांव में जल निकासी के लिये नाली और आवागमन के लिये सड़क तक नही है। इसके पूर्व में ग्रामीण अपने गांव के किनारे रोड नही तो वोट नही का बैनर लगाकर विरोध जता चुके हैं लेकिन जब इनकी समस्याओं को नही सुना गया तो ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचे हैं और सोमवार को ग्रामीणों ने अमेठी कस्बा स्थित ब्लाक के गेट पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरु किया।ग्रामीणों का




कहना है कि यदि मेरी समस्याओं का समाधान नही होता है तो हम इसके बाद अब जिला मुख्यालय पर धरना देंगे फिर लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीण आज भी रोड नही तो वोट नही का बैनर लगाकर ग्रामीण धरने पर बैठे हैं। बताते चलें कि ग्रामीणों द्वारा चंदा एकत्रित कर कुछ दूर तक ईंट बिछाकर खड़ंजा लगाया गया है लेकिन इतने के बावजूद ब्लाक तहसील और जनपद के अधिकारी ग्रामीणों की मांगों को सुनने को तैयार नही है।

## सेमरौता में आवारा मवेशी से टकराये बाइक सवार दो युवक घायल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा सेमरौता के रामगंज चौराहे पर मंडरा रहे आवारा मवेशी से टकरा कर बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से सीएचसी सिंहपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों की गम्भीर हालत को देखते हुये जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया है।जनपद रायबरेली की कोतवाली महराजगंज के गांव समरहा निवासी हनुमान व संतोष कुमार रविवार की रात लगभग दस बजे अपने घर जा रहे थे तभी सेमरौता कस्बे के राजा बाजार के निकट आवारा मवेशी से टकरा कर सड़क पर गिर गये जिससे दोनों गम्भीर रुप से घायल हो गये।राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से सीएचसी सिंहपुर ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गम्भीर देखते हुये चिकित्सक सुनील चौधरी ने जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया है।

## भक्ति और व्यवस्था का सुंदर मेल सावन में नगर पालिका का विशेष सफाई व जल प्रबंधन अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही नगर पालिका परिषद ने भक्ति और प्रशासनिक व्यवस्था का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया है। नगर के प्रमुख शिवालयों और धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु स्वच्छ वातावरण में पूजा–अर्चना कर सकें। नगर में पेयजल की सुचारु व्यवस्था हेतु सार्वजनिक स्थलों पर शुद्ध पेयजल की टंकियों, प्याऊ एवं वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मोबाइल टॉयलेट, हाथ धोने के स्थान और दवा छिड़काव की नियमित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने बताया कि नगर की स्वच्छता एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। अधिशासी अधिकारी श्री संजीव कुमार ने कहा कि सावन के प्रत्येक सोमवार और शिवरात्रि के विशेष अवसर पर सफाई व्यवस्था और अधिक मजबूत की जाएगी।नगरवासियों से अपील की गई है कि वे सफाई में सहयोग करें और नगर को स्वच्छ, श्रद्धामय एवं सुंदर बनाए रखने में भागीदार बनें।

## शेरपुर कला पंचायत घर में दो घंटों तक चला धरना प्रदर्शन शेरपुर कला को नगर पंचायत बनाने की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कला पंचायत घर में सोमवार सुबह 11 बजे से भाकपा माले के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान धरना प्रदर्शन दो घंटों तक चलता रहा। जिसके बाद भाकपा माले ने ग्राम पंचायत शेरपुर कला को नगर पंचायत बनाने एवं राशनकार्ड संबंधित समस्याओं के समाधान कराने की मांग को लेकर तहसीलदार हबीबुर्रहमान को सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया वह पिछले काफी समय से शेरपुर कला को नगर पंचायत बनाने की मांग कर रहे हैं। पर शासन प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों की मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। इसी को लेकर धरना प्रदर्शन कर नगर पंचायत बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

## विभागीय ग्रुप पर समुदाय विशेष की महिला कर्मचारी के साथ दुसरे समुदाय के कर्मचारी ने की अभद्र टिप्पणी विभाग ने जारी किया नोटिस

पूरनपुर कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। रविवार को सभी पीएचसी पर जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया था। इस दौरान मेले की सभी के द्वारा लाइव लोकेशन फोटो विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप पर डाले गए थे। इस दौरान ग्रुप में जुड़ी समुदाय विशेष की महिला कर्मचारी के खिलाफ दुसरे समुदाय के कर्मचारी ने गुरुप पर अभद्र टिप्पणी की। जिसके बाद ग्रुप में जुड़े विभागीय स्टाफ ने इसका विरोध किया और मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आते ही उक्त कर्मचारी को नोटिस जारी कर दो दिन मे जबाब मांगा है। हालांकि मामला संज्ञान में आने के बाद लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। सोमवार दोपहर दो बजे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष राज शर्मा ने बताया मामला संज्ञान में आया है। उक्त कर्मचारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# फीका पड़ता नागपंचमी का त्योहार परंपराएं खो रहीं अस्तित्व



कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश के गांवों में कभी बड़े धूमधाम से मनाया जाने वाला, नागपंचमी का पर्व आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। पहले जहां गांव-गांव में खेतों में गुजरिया और कजरी गीत गूंजते थे, वहीं अब खेतों में न रौनक दिखती है और न ही लोकगीतों की वो मधुर धुन सुनाई देती है। नागपंचमी को गांव की महिलाएं सज-धज कर नागदेवता की पूजा करती थीं, बच्चे मिट्टी के सांप बनाकर खेलते और अखाड़ों में दंगल-कुश्ती का आयोजन होता था। वातावरण हर्षोल्लास मय होता था। पेड़ों की शाखाओं पर पड़े झूलों पर महिलाएं कजरी गाती थीं।

धीरे धीरे पउवां धरा हो मोरी धनिया, गोड़े घुंघुरवा बाजे ना

नैन राधिका की लड़ गयी मुरारी से, बड़ी होशियारी से ना

जैसे सुमधुर गीत सावन के महीने में चहुओर वातारण में चार चांद लगा देते थे जिससे सावनी बेला मधुमय हो जाती थी। महिलाओं के सामूहिक कजरी गीत से सावन की खुशबू बढ़ जाती थी। बुजुर्गों की मानें तो पहले नागपंचमी पर घर-घर में पूजा होती थी। लोग व्रत रखते, दीवारों पर गेरू और चूने से नाग देवता की आकृति बनाकर पूजा करते थे। लेकिन ये सब अब अतीत की यादें बनती जा रही हैं।

आज की पीढ़ी न तो इन परंपराओं को जानती है और न ही उन्हें निभाने में रुचि लेती है। मंदिरों में पूजा-पाठ अब केवल रस्म अदायगी बनकर रह गई है। वहीं, अखाड़ों की मिट्टी सूखी पड़ी है, क्योंकि ना कुश्ती होती है और ना पहलवानों का उत्साह।

सांस्कृतिक जानकारों का मानना है कि आधुनिकता की दौड़ में लोक पर्व और परंपराएं पीछे छूटती जा रही हैं। यदि यही हाल रहा, तो आने वाले वर्षों में नागपंचमी जैसा पर्व केवल किताबों में ही देखा और पढ़ा जाएगा। समाज को चाहिए कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने की जिम्मेदारी समझे और इन त्योहारों को फिर से जीवंत करने का प्रयास करे।

# अमेठी के डीएम और उनकी पुत्री ऋषिका चौहान ने शूटिंग में फिर लहराया परचम




कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता

अमेठी । दिल्ली स्थित डॉक्टर कर्णी सिंह अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग रेंज में तेइस जुलाई से अठाइस जुलाई तक आयोजित अठाइसवें प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में अमेठी के जिलाधिकारी श्री संजय चौहान (आईएएस) ने मास्टर्स और सिविल सर्वेंट श्रेणी के ट्रैप शूटिंग इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुये एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर स्टेट ट्रॉफी अपने नाम की।इसी प्रतियोगिता में उनकी पुत्री कुमारी ऋषिका चौहान जो वर्तमान में कानपुर विश्वविद्यालय की छात्रा हैं। उन्होंने ट्रैप शूटिंग इवेंट में रजत पदक जीतकर जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया।यह उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि पिता पुत्री की जोड़ी द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भी बरकरार रखी गई है।अब दोनों खिलाड़ी आगामी माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने की तैयारी कर रहे हैं।

## गालियां देने से मना करना एक व्यक्ति को पड़ा भारी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला रजागंज देहात के रहने वाले भूरा पुत्र मुख्तियार ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे बताया कि मोहल्ले का रहने वाला रजी पुत्र इमरान काफी दबंग व्यक्ति वह रोड पर खड़े होकर गन्दी गन्दी गालियां दे रहा था अश्लील शब्दो का प्रयोग कर रहा था भाई मुन्ना ने मना किया तो वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गया और जान से मारने की ऐलानिया धमकी देते हुऐ चला गया और घर पहुंच गया घर मे घुसकर तीनों युवकों ने व्यक्ति से जमकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया और बचाने आई प'ी, पुत्री और मेरे साथ जमकर मारपीट कर घायल कर दिया और जेब मे रखे 5000 रूपये भी निकाल लिये व्यक्ति ने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर सख्त करवाई करने की गुहार लगाई है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियाँ जोरों पर, तीन दिवसीय मेले का होता है आयोजन

कूरेभार/सुल्तानपुर। राम वनगमन पथ स्थित गुप्तारगंज कस्बे में इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ पर 16, 17 व 18 अगस्त को तीन दिवसीय मेले का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। समिति अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज विक्रम सिंह ने बताया कि इस वर्ष बाजार में अयोध्या के श्रीराम स्वरूप पर आधारित भव्य पंडाल सजाया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगा। मेले में दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए झूले, हस्तशिल्प वस्तुएं और धार्मिक स्टॉल विशेष आकर्षण होंगे। जन्माष्टमी प्रभारी राज जायसवाल व रवि जायसवाल ने बताया कि इस बार 75वें वर्ष को ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजन में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं, जिनकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों की समीक्षा बैठक में सौरभ वर्मा, राकेश सोनी, संदीप कसौधन, पवन केसरवानी, सौरभ कसौधन, सुजीत कसौधन, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुजीत कसौधन, राहुल यादव, डॉ. कृष्ण कुमार (वी.आई.पी.), काजलू, मनोज सिंह, महेंद्र साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन को भव्य बनाने हेतु रूपरेखा तैयार की जा रही है।

नाग पंचमी के दिन ही बाबा के पहले पुत्र की हुई थी हत्या

# बल्दी बाबा के क्षत्रिय वंशजो में नहीं मनाई जाती नाग पंचमी

कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। लवकुश की नगरी कुशभवनपुर की पश्चिमी छोर पर दो जनपदो के बार्डर पर स्थित बल्दीराय का बहुत ही पुराना इतिहास रहा है किन्तु समय के साथ साथ और बदलते परिवेश में बल्दी बाबा का गौरव शाली इतिहास अब लोग भूल चुके है।

देश के महान योद्धा राजा पृथ्वीराज चौहान के वंशज बल्दी बाबा सैकड़ो वर्ष पूर्व तहसील मुख्यालय से एक सटे गांव पटैला में कच्ची कोठी में रह कर समाज की सेवा करते थे। उनकी कोई औलाद नही थी उस कच्ची कोठी में बल्दी बाबा व उनकी पत्नी रहती थी काम काज करने के लिए एक बारिन ( आया ) आया करती थी। बताते है कि बल्दी बाबा की तपस्या से ईश्वर की कृपा से उन्हे प्रथम पुत्र के रूप में एक अति सुन्दर बालक




का जन्म हुआ बालक के जन्म होते ही चारो तरफ खुशी का माहौल छा गया, बधाइयां बजने लगी बल्दी बाबा की पत्नी ने बहुत सारा हीरा मोती जवाहरात गरीबो में बाट दिया। पांच माह बाद नाग पंचमी के दिन बाबा की कोठी में काम कर रही आया की नीयत बच्चे के गहने पर पड़ी और बच्चे को घुमाने के बहाने बाहर ले गई। आया ने कोठी के पास ही स्थित तालाब में बच्चे को डुबो दिया और उसके तन पर से सारे कीमती गहनो को उतार लिया। आया ने इतना सब करते हुए उस गहनो को मय बच्चे समेत बल्दी बाबा की पत्नी को वापस करने कोठी पर पंहुच गई उस समय बल्दी बाबा क्षेत्र में चले गए थे बाबा की पत्नी ने अपने इकलौते लाल की लाश को देखकर विलख विलख कर रोने लगी लेकिन पुत्र का वियोग त्याग उस आया को बचाने के लिए उपाय सोच कर कहा जो किया सो किया शायद ईश्वर को यही मंजूर था तुम सारा गहना लेकर भाग जाओ नही तो बल्दी बाबा आयेगें तो तुम्हे जिन्दा नही छोड़ेंगे। आया अपने किए का पश्चाताप करते हुए वहां से भाग गई धन्य है ऐसी प्रतापी मां जिसने अपने पहले पुत्र की मृत्यु के बाद भी विचलित नहीं हुई और वर्षों से कोठी पर काम कर रही आया को बचा लिया।

आज भी सैकडो वर्ष बाद भी बल्दीराय कस्बे में बल्दी बाबा के क्षत्रिय वंशजो में नाग पंचमी का त्योहार नही मनाया जाता। बताते है इस घटना के बाद बल्दी बाबा के तीन पुत्र हुए इन्ही वल्दी बाबा के नाम से बल्दीराय का नाम विख्यात हुआ। बल्दीबाबा के प्रथम पुत्र की मृत्यु के बाद उनके तीन पुत्र हुए इन्ही तीनो पुत्रो से तीन गांव में वंश की उत्पत्ति हुई तीनों गांव में सैकड़ो बल्दीबाबा के बंशज आज भी जीवन ज्ञापन कर रहे है।

## राहुल नगर मजदूर बस्ती के पास में शारदा नदी ने शुरू किया कटान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव राहुल नगर मजदूर बस्ती के पास में शारदा नदी है और इस समय शारदा नदी ने भू कटान करना शुरू कर दिया है। नदी के कटान को लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। जबकि नदी से कुछ ही दूरी पर गांव बसा हुआ है और ग्रामीणों को चिंता है कि नदी कटान कर गांव के नजदीक पहुंच रही हैं। इसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। सोमवार शाम चार बजे स्थानीय ग्रामीण नगीना जी ने जानकारी देते हुए बताया कि नदी कटान कर रही हैं। जिसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान है। स्थानीय लोगों ने वीडियो वायरल कर प्रशासन से नदी कटान रोकने के लिए कार्य कराने की मांग की है।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर सीतापुर में दो स्थानों पर लगे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

सीतापुर कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। आज जनपद सीतापुर में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर 2 स्थानों (शहरी– नारी जागरण सेवा समिति, घूरामऊ बंगला सीतापुर और ग्रामीण– ब्लॉक तंबौर के ग्राम सोनसरी) में निशुल्क स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कैंप लगाए गये, जिसमें ग्राम सोनसरी में ग्राम प्रधान श्री शैलेन्द्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष भाजपा श्री अशोक वर्मा, मंडल महामंत्री भाजपा चन्द्रशेखर, जिला प्रतिनिधि भाजपा श्री अरविंद बाजपेई और सी0एच0सी0 अधीक्षक डॉ मनोज सिंह उपस्थित रहे, वहीं शहरी कैंप में डॉक्टर दीपेंद्र वर्मा नोडल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के साथ श्री सचिन त्रिपाठी जी और जिला अस्पताल के स्टाफ मौजूद रहे, जहाँ हाई रिस्क एरिया के 50 से ज्यादा लोगों का हेपेटाइटिस बी व सी का टेस्ट किया गया तथा आम जनमानस को हेपेटाइटिस से बचने का उपाय बताया गया।

# खेती में किसान-मजदूरों का भाईचारा

इन दिनों खेती-किसानी में धान रोपाई का काम चल रहा है। साल भर में यह एक ऐसा मौका होता है जब किसान और मजदूरों में भाईचारा देखने को मिलता है। किसानों को धान रोपाई में मजदूरों की जरूरत होती है, और मजदूरों को काम की। जबकि अन्य दिनों खेती में मशीनीकरण के कारण मजदूरों की जरूरत कम हो गई है। आज खेती के इसी बदलते स्वरूप पर चर्चा करना उचित होगा, जिससे खेती को समग्रता से समझा जा सके। जब मैं बचपन की याद करता हूं, तो उस समय धान रोपाई का काम लोकगीतों के साथ होता था। कभी रिमझिम तो कभी तेज झमाझम बारिश के बीच धान रोपाई का काम होता था। है। धान रोपाई के मजदूरों की टोलियां रंग-बिरंगी क्यारियों सी बिछ गई लगती थी। प्रकृति की लय के साथ मजदूरों का उत्साह भी देखते बनता था। इससे शारीरिक श्रम का कष्ट भी कम हो जाता होगा। क्योंकि यह मेहनत का काम होता है। यह ऐसा समय होता है जिसमें सबको काम मिलता है, पुरुष, महिला, बुजुर्ग सभी काम करते हैं। यही वह मौका होता है, जब तीज-त्यौहार की शुरूआत होती है। कल ही हरियाली अमावस्या थी। अब रक्षाबंधन आने वाला है। इसके बाद लगातार त्यौहारों का सिलसिला चलता रहता है। मजदूरी के लिए पहाड़ी क्षेत्रों के लोग मैदानी क्षेत्रों में आते हैं। कई कारणों से पहाड़ी इलाकों में खेती उतनी अच्छी नहीं होती, जितनी मैदानी क्षेत्रों में होती है। धान रोपाई व फसल कटाई ऐसा मौका होता है, तब मैदानी क्षेत्र में मजदूरों की जरूरत होती है, और पहाड़ी क्षेत्र के लोग यह काम करने आते हैं। इस तरह किसान व मजदूरों दोनों की जरूरतें पूरी हो जाती हैं। ऐसा सिलसिला बरसों से चलता आ रहा है। हमारा देश कृषि प्रधान है, यह हम बरसों से सुनते-पढ़ते आ रहे हैं। लेकिन अब किसानों से ज्यादा मजदूरों की संख्या हो गई है। इसका एक कारण खेती का मशीनीकरण होते जा रहा है। हालांकि अब खेती का संकट भी किसी से छिपा हुआ नहीं है। लघु-कुटीर उद्योग भी खत्म हो गए हैं, या काफी कम हो गए हैं। लेकिन मैं यहां खेती-किसानी की मिली-जुली संस्कृति और पारंपरिक खेती की चर्चा करना चाहूंगा। बचपन में हम देखते थे कि किसान खुद से ही खेती का काम करते थे। वे फसलों में बीज के लिए अलग से अनाज रखा करते थे। इस संबंध में उत्तराखंड के बीज बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ता विजय जडधारी एक कहावत बताते हैं खाज खाणु अर बीज धरणु। यानी खाने वाला अनाज खाओ पर बीज सुरक्षित रखो। हर बार बीज रखने और हर अगली फसल बोने के साथ पीढ़ियों से लोगों ने बीज बचाकर रखे हैं। इसी प्रकार, पशुपालन से गोबर खाद होता था, जिससे खेतों की उर्वरता बढ़ती थी। और इससे पोषण की जरूरतें भी पूरी हो जाती थीं। बैलों से खेतों की जुताई होती थी। पशुपालन और खेती दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। इसके साथ, किसान खुद ही मेहनत करते थे। देसी बीज, गोबर खाद व हाथ से मेहनत से खेती होती थी। इससे खेती में लागत कम होती थी, और विविधता भी होती थी। पहले एकल फसलों की जगह मिश्रित फसलों का चलन था। छत्तीसगढ़ में मेड़ों पर अरहर, तिली, अमाड़ी, भिंडी, बरबटी, झुरगा ( बरबटी की तरह बीज) चुटचुटिया ( ग्वारफली) आदि लगाते थे। यानी एक ही खेत में चावस दलहन, तिलहन सब कुछ हो जाता था। यही छत्तीसगढ़ की खान-पान की संस्कृति व तीज-त्यौहार से जुड़ा है। यह बीज बचाना ही नहीं, बल्कि जैव विविधता, खेती और पशुपालन आधारित जीवन पद्धति और संस्कृति बचाना है। लेकिन अब हमें खेतों में कंबाईन-हार्वेस्टर का चलन दिखाई दे रहा है, इसे समृद्धि और विकास का प्रतीक मानते हैं। जबकि हकीकत में इसके कई नुकसान सामने आ रहे हैं। इसके आने से जो रोजगार कटाई और थ्रेसिंग के रूप में मजदूरों को मिलता था उससे वे वंचित हो रहे हैं। कंबाईन -हार्वेस्टर से कटाई के बाद जो ठंडल छूट जाते हैं, उनमें आग लगाने से हरे-भरे पेड़ जल रहे हैं, भूमि की उर्वर को बनाने वाले सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो रहे हैं। जैव-विविधता खत्म हो रही है। एक बड़ा असर धरती के गरम होने का भी हैं। कार्बन गैसों के उत्सर्जन से यह खतरा जुड़ा है। इस समय देश-दुनिया में जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है, इसके बावजूद ऐसी मशीनों के उपयोग पर सावधानी नहीं बरती जा रही है। हम देखते हैं कि खेतों में गेहूं की कटाई हुई है। मजदूरों की जगह अब कंबाईन हार्वेस्टर से कटाई की जाने लगी है। कटाई के बाद बचे गेहूं की नरवाई (गेहूं के ठंडलों में) आग लगाई जा रही है।

# नाग पंचमी की पूजा से होती है मनोवांछित फल की प्राप्ति

श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रतिवर्ष देशभर में नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 29 जुलाई को मनाया जा रहा है। हालांकि कुछ राज्यों में चैत्र तथा भाद्रपद शुक्ल पंचमी के दिन भी 'नाग पंचमी' मनाई जाती है। ज्योतिष के अनुसार पंचमी तिथि के स्वामी नाग हैं, इसीलिए मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन भगवान शिव के आभूषण नाग देवता की पूजा पूरे विधि-विधान से करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि के अलावा आध्यात्मिक शक्ति, अपार धन और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और सर्पदंश के भय से भी मुक्ति मिलती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार नाग पंचमी इस बार हस्त नक्षत्र के शुभ संयोग में मनाई जाएगी। नाग पंचमी के दिन कुछ स्थानों पर 'कुश' नामक घास से नाग की आकृति बनाकर दूध, घी, दही इत्यादि से इनकी पूजा की जाती है जबकि कुछ अन्य स्थानों पर नागों के चित्र या मूर्ति को लकड़ी के एक पाट पर स्थापित कर मूर्ति पर हल्दी, कुमकुम, चावल, फूल चढ़ाकर पूजन किया जाता है और पूजन के पश्चात कच्चा दूध, घी, चीनी मिलाकर नाग मूर्ति को अर्पित की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से नागराज वासुकि प्रसन्न होते हैं और पूजा करने वाले परिवार पर नाग देवता की कृपा होती है। कुछ धर्म ग्रंथों में नागों को पूर्वजों की आत्मा के रूप में भी माना गया है। हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार नागों को पौराणिक काल से ही देवता के रूप में पूजा जाता रहा है और नाग पंचमी के दिन नाग पूजन करने का तो काफी ज्यादा महत्व माना गया है। भारत में कई स्थानों पर नाग देवता के कई प्राचीन मंदिर हैं और नागालैंड, नागपुर, अनंतनाग, शेषनाग, नागवनी, नागारखंड, भागसूनाग इत्यादि देश में कई स्थानों का तो नाम ही नागों के नाम पर ही रखा गया है। नागालैंड को तो नागवंशियों का मुख्य स्थान माना गया है और कुछ ग्रंथों में कश्मीर को भी नागभूमि कहा गया है। भारत में दक्षिण भारत के पर्वतीय इलाकों के अलावा उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम इत्यादि में नाग पूजा प्रमुखता से होती है। जिस प्रकार हमारे कुल देवताओं में देवी-देवता शामिल होते हैं, ठीक उसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में नागों को भी 'स्थान देवता' माना जाता है। कई जगहों पर तो नागों को कुल देवता, ग्राम देवता और क्षेत्रपाल भी कहा जाता है। हमारे धर्म शास्त्रों के अनुसार कुल 33 कोटि देवी-देवता हैं, जिनमें नाग भी शामिल हैं। नागों की उत्पत्ति और उनके पाताललोक वासी होने को लेकर महाभारतकालीन एक कथा प्रचलित है। वराहपुराण के अनुसार, महर्षि कश्यप की तेरह पत्नियां थी, जिनमें से एक थी राजा दक्ष की पुत्री कद्रू, जिसने महर्षि कश्यप की बहुत सेवा की, जिससे प्रसन्न होकर महर्षि ने कद्रू को वरदाने मांगने के लिए कहा। कद्रू ने उनसे एक हजार तेजस्वी नाग पुत्रों का वरदान मांगा। महर्षि कश्यप के वरदानस्वरूप कद्रू से ही नाग वंश की उत्पत्ति हुई लेकिन जब इन नागों ने धरती पर लोगों को डसना शुरू किया तो नागों से रक्षा के लिए सभी ने ब्रह्माजी से प्रार्थना की। तब ब्रह्माजी ने सभी नागों को श्राप देते हुए कहा कि जिस तरीके से तुम लोगों पर अत्याचार कर रहे हो, अगले जन्म में तुम सभी का नाश हो जाएगा। यह श्राप सुनकर नाग भयभीत हो गए और उन्होंने कातर स्वर में ब्रह्माजी से प्रार्थना की कि जिस प्रकार मनुष्यों के रहने के लिए उन्हें पृथ्वी दी गई है, उसी प्रकार उन्हें भी इस ब्रह्माण्ड में कोई अलग स्थान दिया जाए, जिससे इस समस्या का भी समाधान हो जाएगा। तब ब्रह्माजी ने उन्हें रहने के लिए पाताल देते हुए कहा कि अब से तुम सभी भूमि के अंदर पाताललोक में ही रहोगे। उसके बाद सभी नाग पाताललोक में निवास करने लगे। माना जाता है कि ब्रह्माजी ने मनुष्यों की नागों से रक्षा के लिए जिस दिन उनके पाताल में रहने की व्यवस्था की, उस दिन सावन महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि थी और तभी से इसी तिथि पर नागों की पूजा के लिए नाग पंचमी त्योहार मनाया जाने लगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नाग भगवान शिव के गले का हार तो हैं ही, भगवान विष्णु भी समुद्र में शेषनाग की शैया पर विश्राम करते हैं और यह भी मान्यता है कि हमारी धरती इन्हीं शेषनाग के फन पर टिकी है। त्रेता युग में शेषनाग ने भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण के रूप में धरती पर जन्म लिया था और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम भी शेषनाग के अवतार माने गए हैं। वैसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नागों को कृषक मित्र जीव माना गया है। दरअसल ये खेतों में फसलों के लिए खतरनाक जीवों, चूहों इत्यादि का भक्षण कर फसलों के लिए मित्र साबित होते हैं लेकिन वर्तमान समय में नागों या सांपों की खाल, जहर इत्यादि चीजों से बड़े व्यापारिक लाभ के लिए बड़ी संख्या में इन्हें मारा और बेचा जाता है। इसी कारण वन्य और जीव-जंतु विभाग तथा सरकारों द्वारा नागों को संरक्षित करने के लिए सांपों को पकड़ने और उन्हें दूध पिलाने पर रोक लगाई जाती है। **-योगेश कुमार गोयल**

**ज्योतिष के अनुसार पंचमी तिथि के स्वामी नाग हैं, इसीलिए मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन भगवान शिव के आभूषण नाग देवता की पूजा पूरे विधि-विधान से करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि के अलावा आध्यात्मिक शक्ति, अपार धन और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और सर्पदंश के भय से भी मुक्ति मिलती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार नाग पंचमी इस बार हस्त नक्षत्र के शुभ संयोग में मनाई जाएगी। नाग पंचमी के दिन कुछ स्थानों पर 'कुश' नामक घास से नाग की आकृति बनाकर दूध, घी, दही इत्यादि से इनकी पूजा की जाती है जबकि कुछ अन्य स्थानों पर नागों के चित्र या मूर्ति को लकड़ी के एक पाट पर स्थापित कर मूर्ति पर हल्दी, कुमकुम, चावल, फूल चढ़ाकर पूजन किया जाता है और पूजन के पश्चात कच्चा दूध, घी, चीनी मिलाकर नाग मूर्ति को अर्पित की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से नागराज वासुकि प्रसन्न होते हैं और पूजा करने वाले परिवार पर नाग देवता की कृपा होती है। कुछ धर्म ग्रंथों में नागों को पूर्वजों की आत्मा के रूप में भी माना गया है। हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार नागों को पौराणिक काल से ही देवता के रूप में पूजा जाता रहा है और नाग पंचमी के दिन नाग पूजन करने का तो काफी ज्यादा महत्व माना गया है। भारत में कई स्थानों पर नाग देवता के कई प्राचीन मंदिर हैं और नागालैंड, नागपुर, अनंतनाग, शेषनाग, नागवनी, नागारखंड, भागसूनाग इत्यादि देश में कई स्थानों का तो नाम ही नागों के नाम पर ही रखा गया है। नागालैंड को तो नागवंशियों का मुख्य स्थान माना गया है और कुछ ग्रंथों में कश्मीर को भी नागभूमि कहा गया है। भारत में दक्षिण भारत के पर्वतीय इलाकों के अलावा उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम इत्यादि में नाग पूजा प्रमुखता से होती है। जिस प्रकार हमारे कुल देवताओं में देवी-देवता शामिल होते हैं, ठीक उसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में नागों को भी 'स्थान देवता' माना जाता है। कई जगहों पर तो नागों को कुल देवता, ग्राम देवता और क्षेत्रपाल भी कहा जाता है। हमारे धर्म शास्त्रों के अनुसार कुल 33 कोटि देवी-देवता हैं, जिनमें नाग भी शामिल हैं। नागों की उत्पत्ति और उनके पाताललोक वासी होने को लेकर महाभारतकालीन एक कथा प्रचलित है।**



# नागचंद्रेश्वर मंदिर : जिसके द्वार सिर्फ नागपंचमी पर ही खुलते हैं

**अंजनी सक्सेना**



आपने भगवान विष्णु को सर्प शैया पर विराजमान तो अनेक जगह देखा होगा लेकिन एक ऐसा भी मंदिर है जहाँ भगवान भगवान शंकर सर्प शैय्या पर विराजमान हैं। इस मंदिर को नागचंद्रेश्वर के नाम से जाना जाता है और यह मंदिर वर्ष में केवल एक बार नागपंचमी के दिन ही खोला जाता है। यह मंदिर मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में है। महाकाल मंदिर के शिखर तल पर स्थापित इस नागचंद्रेश्वर प्रतिमा के दर्शन करने के लिए उज्जैन में प्रतिवर्ष इस दिन लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन अद्भुत ,अनुपम और विलक्षण हैं। यहां भगवान महाकाल विविध स्वरुपों में विराजमान हैं। वे कहीं स्वप्नेश्वर महादेव के रुप में दर्शन देते हैं तो कहीं बृहस्पतेश्वर महादेव के रुप में। अकेले महाकाल परिसर में ही नवग्रहों से लेकर अन्य अनेक अनगिनत रुपों में भगवान महाकाल विराजमान हैं। इसी मंदिर में वे भगवान नागचंद्रेश्वर भी विराजमान हैं जो सिर्फ नाग पंचमी के दिन ही अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। लाखों करोड़ों शिवभक्तों की आस्था का केंद्र नागचन्द्रेश्वर मंदिर एक अद्वितीय मंदिर है जो भगवान शिव और नाग देवता को समर्पित है। महाकाल परिसर के गर्भग्रह में देवाधिदेव महाकाल अपने विशाल स्वरुप में स्थापित हैं। इसी मंदिर के ठीक ऊपर भगवान सदाशिव ओंकारेश्वर स्वरुप में विराजित हैं और इनके ठीक ऊपर भगवान नागचंद्रेश्वर का मंदिर हैं। नागचन्द्रेश्वर मंदिर वर्ष में केवल एक दिन, नाग पंचमी के अवसर पर खुलता है। स्कंद पुराण के अवंत्यखंड में नागचन्द्रेश्वर का उल्लेख है। पुराणों में वर्णित कथाओं और विवरणों के अनुसार, नागचन्द्रेश्वर मंदिर भगवान शिव और नागराज तक्षक से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि सर्पो के राजा तक्षक ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए घनघोर तपस्या की। नागराज की कठोर तपस्या से भगवान शंकर अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्हें अमरता का वरदान प्रदान किया। महादेव की कृपा पाकर नागराज तक्षक महाकाल वन में ही वास करना चाहते थे लेकिन वे यह भी चाहते थे कि इससे उनकी शिवाराधना में कोई विघ्न न आए। उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मंदिर के द्वार वर्ष में केवल एक दिन नागपंचमी पर ही खोले जाते हैं। परमार राजा भोज ने 1050 ईस्वी के करीब इस मंदिर का निर्माण करवाया था। इसके बाद सिंधिया परिवार के महाराज राणोजी सिंधिया ने 1732 में महाकाल मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया। श्री नागचंद्रेश्वर भगवान की यह मनमोहक प्रतिमा ग्यारहवीं सदी में नेपाल से लाकर स्थापित की गयी है। इस मूर्ति में भगवान शिव, माता पार्वती, दोनों पुत्रों गणेशजी और स्वामी कार्तिकेय सहित विराजमान हैं। मूर्ति में ऊपर की ओर सूर्य और चन्द्रमा भी है। माना जाता है कि संपूर्ण विश्व में यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां भगवान शिव पूरे परिवार के साथ नाग की शैय्या पर विराजमान हैं। इसमें नागचंद्रेश्वर सात फनों से सुशोभित हैं। मान्यता है कि उज्जैन के अलावा दुनिया में कहीं भी ऐसी प्रतिमा नहीं है। नागपंचमी के अवसर पर नागचंद्रेश्वर की त्रिकाल पूजा की जाती है। यहां भगवान नागचंद्रेश्वर की त्रिकाल पूजा की परंपरा है। त्रिकाल पूजा का मतलब होता है,तीन अलग-अलग समय पर अलग अलग पूजा। जिसमें सबसे पहली पूजा मध्यरात्रि में महानिर्वाणी होती है, दूसरी पूजा नागपंचमी के दिन दोपहर में शासन द्वारा की जाती है और तीसरी पूजा नागपंचमी की शाम को भगवान महाकाल की पूजा के बाद मंदिर समिति करती है। इसके बाद रात बारह बजे फिर से एक वर्ष के लिए कपाट बंद कर दिए जाते हैं।

## सेहत मंत्र

# रोजाना दो केले खाने से हाई ब्लड प्रेशर रहता है कंट्रोल, शरीर में नहीं होने देता खून की कमी

एक स्वस्थ आहार हमेशा स्वादिष्ट हो ये जरूरी नहीं है। लेकिन केले के संबंध में ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। यही कारण है कि केले न केवल आपकी स्वाद कलियों को संतुष्टि दिलाते हैं, बल्कि आपके स्वास्थ्य को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं। इस पृथ्?वी पर केला एक ऐसा फल है, जो सबसे अधिक पोषक तत्वों से वाले फलों में से एक है। इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। आज हम आपको इस लेख में बताएंगे कि, अगर आप रोजाना 2 केले खाते हैं तो आपके शरीर पर क्या प्रभाव पड़ते हैं। केले विटामिन बी 6 से भरपूर होते हैं। औसतन, एक केले में आपके विटामिन बी6 की दैनिक आवश्यकता का लगभग 20% होता है। यह आपके शरीर को इंसुलिन, हीमोग्लोबिन और अमीनो एसिड बनाने में मदद करता है जो स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। हालांकि, हम आमतौर पर सोचते हैं कि संतरे और स्ट्रॉबेरी में विटामिन सी की सबसे बड़ी मात्रा होती है, जबकि केले में विटामिन सी के हमारे दैनिक जरूरत का 15% होता है। विटामिन सी एक महत्वपूर्ण एंटी-ऑक्सीडेंट है जो हानिकारक मुक्त कणों को बेअसर कर देता है। यह रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है और कोलेजन का उत्पादन करता है। एनिमिया यानी रक्ताल्पता से थकान और सांस फूलना जैसी समस्या हो सकती है। यह लाल रक्त कोशिकाओं में कमी और रक्त में हीमोग्लोबिन के निम्न स्तर का परिणाम है। केले में बहुत सारा आयरन होता है, जो लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को उत्तेजित करता है। केले में विटामिन बी6 भी होता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है, एनीमिया से पीड़ित लोगों की मदद करता है। केले में फाइबर अधिक मात्रा में होता है, जो आपको लंबे समय तक तृप्त रखता है। केले में एक प्रकार का स्टार्च भी होता है जो आपकी भूख को कम करता है, जो आपके वजन को बढ़ने से रोकता है। यह आपके रक्त में शर्करा यानी ब्लड शुगर के स्तर को कम करता है और आपके शरीर की इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान विष्णु का वह धाम, जहां रक्षाबंधन पर होता है पत्थर से युद्ध

मां वाराही धाम देवीधुरा का मंदिर देश के गिने चुने वैष्णव मंदिरों में से एक है। यह देवभूमि उत्तराखंड का अद्भुत-अलौकिक धाम है। यहां पर पृथ्वी माता की वाराही स्वरूप में पूजा होती है। भगवान विष्णु का यह धाम रक्षाबंधन के दिन पत्थर युद्ध के लिए भी प्रसिद्ध है। पौराणिक कथा के अनुसार, जब हिरणाक्ष्य पृथ्वी को पाताल लोक ले जा रहा था तो पृथ्वी ने भगवान विष्णु से अपनी रक्षा के लिए करुण पुकार की। उनकी पुकार सुनकर भगवान विष्णु बैकुंठ छोड़कर पृथ्वी को बचाने चले आए। श्रीहरि ने वाराह अवतार लेकर पृथ्वी को अपने बाम अंग में ले लिया और उसे डूबने से बचाया, तभी से पृथ्वी स्वरूपा वैष्णवी वाराही कहलाईं। मां वाराही सदियों से यहां गुफा में विराजमान हैं, भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए उनके दर्शन करने आते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से गर्भ गुफा में प्रवेश कर मां वाराही का ध्यान करता है, मां वाराही उसकी समस्त मनोकामनाओं को पूरी कर देती हैं। हर साल रक्षाबंधन के दिन यहां पत्थर से युद्ध होता है। वाराही धाम में होने वाले युद्ध को 'बग्वाल' कहा जाता है। देवीधुरा के खोलीखांड़ दुबाचौड़ में वालिक, लमगडिया, चम्याल और गहड़वाल खामों यानी दलों के लोग दो भागों में बंटकर यह पत्थर युद्ध खेलते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, देवासुर संग्राम में मुचकुंद राजा की सेना ने भी भाग लिया था, जिसने असुरों को मां बाराही की कृपा से पराजित किया था। तब देव सेना ने प्रसन्न होकर प्रतीक स्वरूप बग्वाल खेली और ई-ह-हा-हा-इ-ही का वैदिक उद्घोष किया।

## पर्यटन



# भारत का सबसे पुराना स्कीइंग डेस्टिनेशन है 'नारकंडा', जहां बिखरी है बेमिसाल खूबसूरती

हिमाचल प्रदेश में स्थित नारकंडा भारत का सबसे पुराना स्कीइंग डेस्टिनेशन है, जो समुद्र तल से लगभग नौ हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां की गगनचुंबी पर्वत चोटियों की सुंदरता एवं शीतल, शांत वातावरण खूब आकर्षित करता है। अक्सर जो लोग शिमला जाते हैं, वे नारकंडा अवश्य जाते हैं। दिल्ली से कालका तक ट्रेन ली और वहां से कैब। हमें कालका से नारकंडा पहुंचने में करीब छह घंटे लग गए। छह घंटे लगेंगे, सुनकर थकान-सी महसूस हुई, पर रास्ते के ढाबों पर खाते और कुल्हड़ में चाय पीते, लहलहाते पेड़ों और घुमावदार रास्तों के नजारों में बंधे, कब लंबा सफर तय हो गया, पता ही नहीं चला। पूरे रास्ते सांप जैसी बलखाती तंग सड़कों के दोनों तरफ कहीं गहरी खाइयां, तो कहीं आकाश को छूती चोटियां देख दिल धड़क उठता है। बादलों की कोख से झांकते रोशनी के कतरे: कुदरत की रंगीन फिजाओं में बसा यह छोटा-सा हिल स्टेशन आकाश को चूमती और पाताल तक गहरी पहाड़ियों के बीच घिरा हुआ है। ऊंचे रई, कैल व तोश के पेड़ों की ठंडी हवा यहां के शांत वातावरण में रस घोलती रहती है। यहां पर लोकनिर्माण विभाग तथा राज्य पर्यटन विभाग के गेस्ट हाउस व होटल हैं, लेकिन हमारी बुकिंग पहले से ही एक रिसॉर्ट में हो चुकी थी। रिसॉर्ट में ज्यादा मेहमान नहीं थे। वैसे भी यह एकदम शांत जगह पर बना हुआ है। पहुंचते-पहुंचते शाम हो गई थी। सूरज ढल गया था, इसलिए उस दिन तो कहीं बाहर घूमने जाने का सवाल ही नहीं था। रिसॉर्ट में उस रात हमने बोनफायर का मजा लिया। वहां लगे किवी के पौधे देख बड़ी हैरानी हुई। इतने सुंदर पौधे थे। नर और मादा किवी को संयोजित कर पेड़ लगाया जाता है, यह भी पता चला। सुबह जब नींद खुली तो रिसॉर्ट की खिड़की से जो नजारा दिखा, उससे मैं मंत्रमुग्ध रह गई। सूरज की किरण या कहें रोशनी के छोटे-छोटे कतरे बादलों की कोख से धीरे-धीरे झांक रहे थे। दूर पहाड़ों की चोटियों पर पड़ती सूरज की रोशनी, पहाड़ों की परतों की तरह लग रही थी और एक अद्भुत नजारा प्रस्तुत कर रही थीं। एक पहाड़ को पार करता दूसरा पहाड़, एक चोटी दूसरी चोटी को लांघती..बलखाती चोटियां..उबड़-खाबड़ ..फिर भी गजब का समन्वय और संतुलन।

''भक्ति के बीच काल ने दी दस्तक, शिवभक्तों पर टूटा करंट का कहर''

# शिवभक्ति की रात मातम में बदली, बिजली तार गिरने से मची भगदड़, दो की मौत, कई घायल








कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । सोमवार मध्यरात्रि, सावन की पावन रात, मंदिर प्रांगण शिवभक्ति में लीन था। हजारों श्रद्धालुओं की गूंजती ''बम-बम भोले'' की पुकार अचानक चीख-पुकार में बदल गई जब रात करीब दो बजे जलाभिषेक की लंबी कतार में खड़े भक्तों के ऊपर अचानक टीनशेड पर हाई वोल्टेज बिजली का तार गिर गया। पल भर में बिजली करंट पूरे परिसर में दौड़ गया। श्रद्धा का स्थान भय का केंद्र बन गया। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दर्दनाक हादसे में लोनीकटरा थाना क्षेत्र के प्रशांत कुमार रावत और कोठी के नकटा शहरिया निवासी रमेश रावत की मौत हो गई। वहीं दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर है।

घटना के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। लोग एक-दूसरे को खींचकर बचाने लगे, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी जान बचाने के लिए दौड़ पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा , विधायक दिनेश रावत , चेयरमैन आलोक तिवारी जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहत कार्यों का निरीक्षण किया और सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचकर घायलों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

**प्रशासन रहा मुस्तैद, नेता-अधिकारी मौके पर जुटे**

घटना की सूचना मिलते ही राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधायक दिनेश रावत व नगर पंचायत चेयरमैन आलोक तिवारी पीड़ितों से मिलने अस्पताल पहुंचे। उपजिलाधिकारी मो. शम्स तबरेज खान स्वयं रातभर क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह, कोतवाल अभिमन्यु मल, चौकी प्रभारी कपिल देव यादव आदि यातायात व भीड़ नियंत्रण में लगातार लगे रहे। सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती घायलों में महिलाएं, पुरुष, किशोर और बच्चे शामिल हैं। इनमें से अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया जबकि कुछ की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ व बाराबंकी जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अस्पताल व लखनऊ रेफर किए गए:

अर्जुन पुत्र रामशंकर (20 वर्ष), निवासी मझीसा, थाना शिवगढ़, रायबरेली अन्य गंभीर घायलों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है।

सूचीबद्ध घायलों में शामिल नामों में प्रमुख

गीता (28), ज्योति (13), काजल (08), वैष्णवी (07), रंजना (27), गुलशन (19), शुभम (24), शिवशरण (19), अमर कुमार (15), अजय प्रताप (14), देवेंद्र (15), रूपेंद्र (20), शिवकुमार (26), साहब चरण (24), श्रवण कुमार (22), शंकर (30), सोनी (13), सोनम (13), मधु (32), कंाति (18), शिवानी (13), विवेक (18), अनोज (18), सुभाष (18), समरजीत (20), हर्षित (16), रीता (30), अनन्या (13), शिवा (18) आदि। यह हादसा सावन के शुभ सोमवार की रात को भुला देने वाला एक काला अध्याय बन गया। जिस रात मंदिर प्रांगण गूंजना था ''हर-हर महादेव'' के जयघोष से, वो गूंज उठी थी चीखों से। यह केवल एक हादसा नहीं, व्यवस्था पर सवाल है। क्या भीड़ प्रबंधन, क्या विद्युत सुरक्षा, क्या स्थानीय निगरानी – सब कुछ सवालों के घेरे में है।

प्रशासन की तत्परता काबिल-ए-तारीफ रही, परंतु यह घटना चेतावनी भी है कि भविष्य में इस तरह की त्रासदी को टालने के लिए तैयारी और सतर्कता दोनों ज़रूरी हैं।

## अवसानेश्वर मंदिर हादसा: लापरवाह मंदिर प्रशासन कटघरे में, दो की मौत से उठे कड़े सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। अवसानेश्वर मंदिर परिसर में सावन की भीड़ के बीच हुआ हादसा न केवल दो जिंदगियों को लील गया, बल्कि मंदिर प्रशासन की लापरवाहियों की परतें भी उधेड़ गया। रविवार रात्रि घटित इस दर्दनाक घटना में जहां दर्जनों श्रद्धालु घायल हुए, वहीं अब यह सवाल तेजी से उठ रहे हैं कि क्या यह केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी या फिर मंदिर प्रबंधन की ढिलाई का परिणाम?

**बिजली का तार टीन शेड पर कैसे गिरा?**

घटना की शुरुआती वजह मंदिर के टीन शेड पर गिरे बिजली के तार को बताया जा रहा है। कुछ लोगों के अनुसार यह हादसा बंदर के कारण हुआ, लेकिन प्रत्यक्षदर्शी इस दावे को सिरे से नकार रहे हैं। स्थानीय सूत्रों की मानें तो मंदिर परिसर में वेल्डिंग का कार्य चल रहा था, जहां एक हाई वोल्टेज तार को काटकर लावारिस छोड़ दिया गया था। भीड़ के दौरान मची भगदड़ में यही तार टीन शेड से टच हो गया और करंट प्रवाहित हो गया। हालांकि, तकनीकी तौर पर यह जांच का विषय है, लेकिन प्राथमिक दृष्टि से यह मंदिर प्रशासन की घोर लापरवाही का मामला प्रतीत होता है। क्या यह मंदिर प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं थी कि संभावित जोखिमों को पहले से पहचानकर समुचित सुरक्षा प्रबंध करता?

**बुनियादी व्यवस्थाओं का अभाव क्यों?**

सावन के महीने में लाखों श्रद्धालु मंदिर में कांवड़ यात्रा और परिक्रमा के लिए आते हैं। इसके बावजूद श्रद्धालुओं के ठहरने, बैठने, प्राथमिक चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं नदारद थीं। न कोई अस्थायी शिविर, न प्राथमिक उपचार केंद्र – यह किस तरह की व्यवस्थापरक तैयारी का उदाहरण है? बताते है यदि बारिश होने लगे तो कावड़ियों को भीगना है परेशान होना है कोई उचित व्यवस्था नहीं है ।

मंदिर खुलने और बंद होने का कोई तय समय नहीं

स्थानीय श्रद्धालु बताते हैं कि मंदिर कभी सुबह 2 बजे तो कभी 5 बजे खुलता है। इस अनिश्चितता के चलते भीड़ नियंत्रण मुश्किल हो जाता है और अफरा-तफरी की स्थिति बनती है। प्रशासन ने इस संबंध में कोई स्पष्ट सूचना या समय सारणी सार्वजनिक नहीं की है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी रहती है।

**पुलिस और राजस्व टीम ने बखूबी निभाई जिम्मेदारी**

पुलिस और राजस्व प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी निभाई, यह बात चश्मदीद भी स्वीकार करते हैं,उपजिलाधिकारी मो शम्स तबरेज खान स्वयं देर रात तक कावड़ियों के मार्ग पर भ्रमणशील रहे उनका हाल जानते रहे । चप्पे चप्पे पर खाकी का सख्त पहरा देखा गया पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल मंदिर परिसर , एवं आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा पर सतर्क दृष्ट रखे रहे लेकिन केवल कानून-व्यवस्था के भरोसे इतनी विशाल भीड़ को नियंत्रित करना संभव नहीं। मंदिर प्रशासन को भी अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी होगी और पारदर्शिता के साथ संवेदनशीलता दिखानी होगी।

**जांच जरूरी, ताकि लापरवाही न दोहराई जाए**

सूत्रों की मानें तो हादसे की जड़ में अधूरी तकनीकी कार्यवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी है। यदि इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।यह आवश्यक है कि आस्था की यह भूमि अव्यवस्था का प्रतीक न बने। मंदिर प्रशासन को न केवल सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जवाबदेही भी तय करनी चाहिए। मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों को पांच पांच लाख की आर्थिक सहायता ने का ऐलान किया है ।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025: प्रशिक्षण ,बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत प्रशिक्षण एवं बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 18 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को किया जाएगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि– 18 जुलाई से 18 अगस्त 2025 तक बीएलओ और पर्यवेक्षकों को कार्य क्षेत्र आवंटन, प्रशिक्षण, स्टेशनरी वितरण तथा ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के विलोपन अथवा किसी अन्य ग्राम पंचायत/नगरी निकाय में समाहित होने की स्थिति में आवश्यक संशोधन एवं मतदाता सूची की छपाई की कार्रवाई पूर्ण की जाएगी।

19 अगस्त से 29 सितंबर के मध्य बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता गणना एवं सर्वेक्षण किया जाएगा, जिसमें 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र नागरिकों के नाम शामिल किए जाएंगे।

ऑनलाइन आवेदन की अवधि 19 अगस्त से 22 सितंबर तक निर्धारित की गई है। 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्तन, संशोधन एवं विलोपन से संबंधित हस्तलिखित पांडुलिपियाँ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में जमा की जाएंगी।

5 दिसंबर को मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन होगा, जिसके पश्चात 6 से 12 दिसंबर तक दावे और आपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी।

प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 13 से 19 दिसंबर के बीच किया जाएगा।

15 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन जन सामान्य के लिए किया जाएगा।

बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता श्री आशीष पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने जिले के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी के नाम एक मांगपत्र सोमवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ल को सौंपा। इस मांगपत्र में विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त समस्याओं और व्यापारिक बाधाओं का विवरण दिया गया है। मांगपत्र में औद्योगिक विकास के लिए प्रस्तावित निजी औद्योगिक पार्क की न्यूनतम भूमि सीमा को 10 एकड़ से घटाकर 5 एकड़ करने का अनुरोध किया गया है। इससे अधिक उद्यमी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। बिजली आपूर्ति की अव्यवस्था पर भी आपत्ति जताई गई है। लगातार ट्रिपिंग, अनियमित आपूर्ति, बिल सुधार के नाम पर अवैध वसूली और विजिलेंस टीम की मनमानी जैसी समस्याओं को उजागर किया गया है। साथ ही अधिकारियों की लापरवाही और दुर्व्यवहार पर भी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई है। फूड विभाग से जुड़ी समस्याओं का भी ब्यौरा दिया गया है। फूड इंस्पेक्टर द्वारा व्यापारियों को बेवजह परेशान करने, प्राइवेट व्यक्तियों को साथ लेकर चलने और उन्हीं के माध्यम से सुविधा शुल्क मांगने की शिकायत की गई है। लाइसेंस फीस में विसंगति और अपमानजनक व्यवहार की शिकायत करते हुए शासन से पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है। नगर पंचायतों और बाजारों में जलभराव की समस्या को भी चिन्हित किया गया है। बारिश के दौरान जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण उत्पन्न जलभराव की समस्या का समाधान मांगा गया है। नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी हेतु स्टाफ की तैनाती और स्थायी समाधान के लिए प्लेज ड्रेन प्रस्तावित करने का आग्रह किया गया है।

## सावन के तीसरे सोमवार को शिवभक्ति का महासैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, श्रद्धालुओं ने किया बेलपत्र अर्पण व भंडारा आयोजन**

सकरन (सीतापुर) । सावन मास के तीसरे सोमवार को सकरन क्षेत्र के प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिरों जंगलीनाथ महादेव, सिद्धेश्वर महादेव (कौवाखेरा) व चकले बाबा मंदिर में भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गांव की गलियाँ गूंज उठीं। श्रद्धालुओं की आस्था का जनसैलाब मंदिरों की ओर उमड़ पड़ा। महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने श्रद्धाभाव से बेलपत्र, धतूरा, दूध और गंगाजल अर्पित कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। जगह-जगह लगे भंडारे और शिवभक्ति में सराबोर गीतों ने धार्मिक वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया। जंगलीनाथ महादेव मंदिर (देवतापुर) परिसर में विशाल मेले का आयोजन हुआ, जिसमें दूरदराज से आए भक्तों ने भाग लिया। वहीं चकले बाबा मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विशेष पूजन व आरती का आयोजन हुआ। सिद्धेश्वर महादेव (कौवाखेरा) में भी भव्य मेले के साथ ग्रामवासियों मुरारी पोरवाल एवं उमेश पोरवाल के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि मनोकामना पूर्ण होने पर कांवर लेकर आने वाले भक्त शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं, जिससे महादेव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। सावन के इस पुण्य अवसर पर शिवभक्ति का जो दृश्य इन तीर्थस्थलों पर दिखाई दिया, वह श्रद्धा, आस्था व समर्पण का अनुपम उदाहरण बन गया।

## सावन माह का तीसरा सोमवार, शिव तीर्थों में उमड़ा आस्था श्रद्धा का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता





रामनगर बाराबंकी। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को सुप्रसिद्ध महादेवा मंदिर में आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। रविवार की रात से ही शिवभक्तों की भीड़ मेला परिसर में जुटने लगी थी।जैसे-जैसे समय बीता भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। 12:15बजे मध्यरात्रि जैसे ही मंदिर के कपाट खुले हर हर महादेव के जयकारों सेवातावरण गुंजायमान हो उठा।मध्यरात्रि से शुरू हुआ जलाभिषेक का पावन क्रम सोमवार देर शाम तक निरंतर जारी है।गर्भगृह में पहुंचकर भक्तों ने जल बेलपत्र अक्षत दूध और गंगाजल से महादेव का अभिषेक किया।श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि पुलिस प्रशासन को कतार नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।प्रशासन के अनुमान के मुताबिक करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।भीड़ के दृष्टिगत प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।एस.पी अर्पित विजयवर्गीय रविवार देर रात स्वयं लोधेश्वर महादेवा पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए।मंदिर परिसर में एएसपी नॉर्थ विकास चंद्र त्रिपाठी एसडीएम विवेकशील सीओ गरिमा पंत तहसीलदार विपुल सिंह नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी सहित अन्य अधिकारी लगातार ड्यूटी पर तैनात रहे।सावन में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है।इनमें सबसे रोचक और चुनौतीपूर्ण परंपरा है डाक कंावड़।डाक कंावड़ लाने वाले श्रद्धालु युवा अपनी श्रद्धा और उत्साह का परिचय देते हैं।युवा श्रद्धालु पवित्र नदियों से जल भरते हैं और फिर तेज रफ्तार में दौड़ लगाते हुए मंदिर तक पहुंचाते हैं। एक टोली में कई युवक शामिल होते हैं।एक युवक जल से भरा पात्र लेकर लगभग 50 से 100 मीटर तक दौड़ता है, फिर तुरंत दूसरा युवक उसके हाथ से जल ले लेता है और दौड़ना शुरू कर देता है।पीछे से आने वाली बाइक पर टीम के अन्य सदस्य होते हैं जो थके हुए धावक को तुरंत बाइक पर बैठाकर आगे भेज देते हैं।इसी तरह यह आस्था की रिले रेस कई किलोमीटर तक चलती रहती है।युवाओं के चेहरे पर उमंग और भक्ति का अद्भुत मेल देखने को मिलता है।मंदिर पहुंचने पर ये सभी मिलकर शिव का जलाभिषेक करते हैं।मंदिर परिसर और आसपास का इलाका हर-हर महादेव के नारों से गूंजता रहा।सैकड़ों की संख्या में डीजे की धुनों पर झूमते भगवा वस्त्र पहने शिवभक्त आकर्षण का केंद्र बने रहे।

''सिद्धौर'': कस्बा सिद्धौर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सावन माह के तीसरे सोमवार को भोर पहर से ही शिवभक्त श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।श्रद्धालुओं ने बड़े ही भक्ति भाव से जलाभिषेक कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मध्य शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना असंद्रा व सिद्धौर चौकी पुलिस कर्मी मुश्तैद रहे ।

''सिरौलीगौसपुर''सावन के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। टिकैतनगर मार्ग पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। कुंतेश्वर महादेव मंदिर, दुग्धेश्वर महादेव मंदिर और जागेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने भांग, धतूरा, बेलपत्र और दूध से जलाभिषेक किया।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राजस्व विभाग और पुलिस की टीम कुंतेश्वर महादेव मंदिर पर तैनात की गई है। पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को व्यवस्थित कतार में लगवाकर दर्शन करा रहे हैं। सपा के क कद्दावर नेता पूर्व मंत्री राकेश वर्मा भी कुंतेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

### करंट से पत्रकार की दर्दनाक मौत, शोक की लहर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के तेलवारी ग्राम निवासी पत्रकार अजय कुमार सिंह की करंट लगने से मौत हुई।वे खेत में मोटर से पानी लगाने गए थे तभी करंट की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें सीएचसी रामनगर ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अजय सिंह की असमय मौत से ग्रामीणों और पत्रकारों में शोक की लहर है।

### नहीं रहे हर दिल अजीज अधिवक्ता अवधेश बाबू

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकप्रिय वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जिला शासकीय अधिवक्ता रहे अवधेश प्रताप सिंह का हृदयाघात से देहावसान हुआ। उनके दर्शन अंतिम दर्शन को भारी भीड़ में पड़ी। अवधेश बाबू जिले के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं भाजपा नेता ठाकुर केदारबख्श सिंह के ज्येष्ठ पुत्र थे। अवधेश जी अपने पीछे दो पुत्र एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में अपार भीड़ उमड़ी थी। अधिवक्ता अधिकारी व सभी सियासी दल के लोग कमरिया बाग श्मशान घाट पहुंचे और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### महादेवा आए श्रद्धालुओ को बंद बोतल का ठंडा पानी बांटा गया

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील पत्रकार परिवार ने सावन के तीसरे सोमवार को महादेवा आए श्रद्धालुओं को पानी बांटा ।हर हर बम बम के जयघोष से शुरु हुआ पानी वितरण रात डेढ़ बजे तक चला।प्यासे को पानी पिलाने का यह कार्य काफी पसंद किया गया। वितरण कार्य में जंहा रात 11 बजे से डेढ़ बजे तक राम शंकर वर्मा,संत कुमार उपाध्याय, निरंकार त्रिवेदी,विशाल अवस्थी,विवेक शुक्ला नीरज शुक्ला लगे रहे वंही चंद्र प्रकाश चौरसिया,मुकेश शुक्ला,ललित पांडेय, अनूप पांडेय, आर एन साहनी,हरि ओम अवस्थी,के के शुक्ला,पिंटू शुक्ला,अनिल शुक्ला,एस पी शुक्ला का भी सहयोग रहा। लाइन में लगे शिव भक्तो से पूँछ पूँछ कर पानी की बोतलें दी जा रही थी।भक्त पानी पीकर हर हर महादेव का नाम ले आशीर्वाद दे रहे थे।इस कार्य की कई समाजसेवियों ने तारीफ कर सभी सहयोगी पत्रकारों को धन्यबाद दिया।

### दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, चार लोग घायल

**घायल पति ने पत्नी को ठेले पर लादकर थाने पहुंचाई फरियाद**

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र अमसेरुवा टिकरिया गांव में रविवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। सोमवार को एक घायल व्यक्ति अपनी पत्नी को ठेले पर लादकर थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।ग्राम पंचायत अमसेरुवा टिकरिया निवासी बीपति राम का लंबे समय से मंसाराम के परिवार से विवाद चल रहा था। रविवार रात किसी बात को लेकर फिर कहासुनी हुई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान बीपति राम और उसकी पत्नी कंचन तथा मंसाराम का बेटा आशीष व उसकी पत्नी मालती घायल हो गए।घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिद्धौर भेजा। अगले दिन बीपति राम अपनी घायल पत्नी कंचन को ठेले पर बैठाकर कोठी थाने पहुंचा और लिखित शिकायत दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी कोठी भेजा।इस मामले में कोठी थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### किसान संगोष्ठी का आयोजन

सिंगाही खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। के अग्रवाल बीज भंडार पर दयाल फर्टिलाइज़र के सहयोग से एक प्रभावशाली किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा मेरठ से पधारे कृषि विशेषज्ञ डॉ. भूदेव सिंह ने बढ़ाई। दयाल टीम के कृष्ण यादव और मानवेंद्र सिंह ने आधुनिक खेती के तौर-तरीकों, मृदा स्वास्थ्य की महत्ता और खादों के वैज्ञानिक उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। अग्रवाल बीज भंडार के प्रोपराइटर सचिन अग्रवाल ने बताया कि यह संगोष्ठी न केवल जानकारी का आदान-प्रदान रही, बल्कि किसानों को प्रेरित करने वाला एक सार्थक मंच भी साबित हुई।इस दौरान तरजिदर सिंह, दिनेश अग्रवाल,शिशिर गुप्ता, लवजित सिंह, सुखदेव यादव, महेश अग्रवाल, राधेश्याम, विक्रमजीत सिंह, बलविंदर सिंह स्थानीय क्षेत्र के भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### जनवारी नाथ धाम मे किया फल वितरण

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज सवान के तीसरे सोमवार के उपलक्षय मे लम्भुआ बिधानसभा का प्रशिद्ध शिवालय ल्लबाबा जनवारी नाथ महादेवल्ल मंदिर पर संगठन परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक रजि. के माध्यम से सभी पदाधिकारियों के सहयोग से फल बितरण कार्यक्रम का आयोजन भादइया ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष हरेन्द्र मिश्र भदैया के नेतृत्व मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर नगर अध्यक्ष पं अरविन्द राय, सत्यप्रकाश तिवारी, विपिन पाण्डेय, जयमुकुंद मिश्रा, संतोष मिश्रा, हर्ष पाण्डेय, सचिन मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, जय प्रकाश पाण्डेय, सचिन तिवारी, डॉ अंकित मिश्रा, भोजप्रताप तिवारी, विपिन तिवारी, कपिलदेव शर्मा, मोनू मिश्रा, शिवम पाठक, व दर्जन भर ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे। हजारों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर संगठन की सराहना किया।

### इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर स्टेबलाइजर सही कराने पहुंचे युवक के साथ गाली गलौज कर की मारपीट एसपी से शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के गांव लोहरपुरा के रहने वाले विकास भारती पुत्र पुत्तू लाल भारती ने सोमवार दोपहर दो बजे बताया कि। रविवार को समय लगभग पाँच बजे वह नगर की एक दुकान पर स्टेबलाइजर सही कराने के लिए पहुंचा। इस पर दुकानदार ने कुछ देर के बाद सही करने की बात कहीं इस पर पीड़ित युवक बाजार चला गया और एक घंटे के बाद दोबारा से दुकान पर पहुचा। आरोप है कि दुकानदार गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उक्त दुकानदार ने अपने साथियों को बुला लिया और युवक को जाति सूचक गालियां देते हुए पीड़ित युवक की पिटाई कर दी। पिटाई की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैंद हो गई।

# योगी आदित्यनाथ उप्र में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने

## योगी आदित्यनाथ ने तोड़ा गोविंद बल्लभ पंत का 8 साल 127 दिन का रिकॉर्ड

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए राज्य के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। यह कार्यकाल केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक युग परिवर्तन की गाथा है।

योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्येक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है।



अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने 'नए उत्तर प्रदेश' में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है।

विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। इनमें गोरखपुर से एम्स की स्थापना, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। योगी आदित्यनाथ न केवल उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री बने हैं, बल्कि एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित हुए हैं, जिन्होंने 'राज्य को राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत' बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि उप्र में जिस दिन से मुख्यमंत्री के पद पर योगी आदित्यनाथ बैठे हैं, तब से प्रदेश का उत्तरोत्तर चहुंमुखी विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ने देश के अन्य राज्यों के लिए मिशाल बन गई है।

### राज्य के अन्य मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल

गोविन्द वल्ल्भ पंत 8 वर्ष 127 दिन- मायावती 7 वर्ष 127 दिन- मुलायम सिंह यादव 6 वर्ष 274 दिन- संपूर्णानंद 5 वर्ष 345 दिन- अखिलेश यादव 5 वर्ष 4 दिन- नारायण दत्त तिवारी 3 वर्ष 314 दिन

## हिमंत सरमा मिले मोदी से राज्य में विकास कार्यों की जानकारी दी

नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें सामाजिक-आर्थिक मापदंडों में राज्य की प्रगति तथा प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। असम के मुख्यमंत्री ने भी इस मुलाकात के बारे में अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ल्ल आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मुलाकात का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्हें सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में असम की उल्लेखनीय प्रगति और प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने असम के लोगों की ओर से आठ सितंबर को प्रधानमंत्री के स्वागत की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा क्षण होगा जो हमारे राज्य की विकास यात्रा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री आठ सितंबर को असम की यात्रा पर जायेंगे जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री सरमा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की और उन्हें गोहपुर में बनने वाले कनकलता बरुआ विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने के लिए असम आने का निमंत्रण दिया।

## धार्मिक आज़ादी के हनन पर चुप नहीं रहेंगे : राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में दो ननों के साथ हुआ व्यवहार अत्यंत निंदनीय है और कांग्रेस धार्मिक आजादी के हनन की ऐसी घटनाओं को सहन नहीं करेगी। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा ''छत्तीसगढ़ में दो कैथोलिक ननों को उनकी आस्था के कारण निशाना बनाकर जेल भेज दिया गया -यह न्याय नहीं बल्कि भाजपा- आरएसएस का गुंडाराज है। यह एक खतरनाक पैटर्न को दर्शाता है और इस शासन में अल्पसंख्यकों का व्यवस्थित उत्पीड़न है। उन्होंने कहा ''यूडीएफ सांसदों ने आज संसद में विरोध प्रदर्शन किया। हम चुप नहीं बैठेंगे। धार्मिक स्वतंत्रता एक संवैधानिक अधिकार है। हम उनकी तत्काल रिहाई और इस अन्याय के लिए जवाबदेही की मांग करते हैं।

## भारत-जापान साझेदारी हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण

नयी दिल्ली। भारत और जापान ने दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी और वैश्विक साझेदारी को हिन्द प्रशांत तथा अन्य क्षेत्रों में शांति, समृद्धि तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बताया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को यहां जापान के विदेश उप मंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बाद में विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि वार्ता के दौरान विदेश सचिव और उनके समकक्ष ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में शांति, समृद्धि तथा स्थिरता के लिए भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के बढ़ते महत्व पर बल दिया। दोनों पक्षों ने राजनीतिक संबंधों, रक्षा और सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा, व्यापार और निवेश, बुनियादी ढाँचा सहयोग, प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयामों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## भारत में छह वर्ष में 65,000 करोड़ रुपये से अधिक संख्या में डिजिटल भुगतान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय डिजिटल भुगतान क्षेत्र में पिछले छह वर्ष में 12,000 लाख करोड़ रुपये के 65,000 करोड़ रुपये से भी अधिक संख्या में डिजिटल भुगतान किए गये।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोक सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान अपनाने के रुझान के बढ़ने से खास कर उन लोगों तक वित्तीय सेवाओं को पहुंचाने के मामले में क्रांति आयी है जिनकों पहले सेवाएं कम मिल रही थीं या वे इनसे वंचित थे।

उन्होंने कहा कि सरकार सभी हितधारकों के साथ मिल कर छोटे और मझोले कस्बों में लोगों के बीच टिडिजट भुगतान के तरीकों को अपनाए जाने को प्रोत्साहित कर रही है। इस काम में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), नेशनल पेमन्ट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई), फिनटेक, बैंक और राज्य सरकारों के सहयोग लिया जा रहा है। रिजर्व बैंक ने भुगतान अवसंरचाना विकास कोष (पीआईडीएफ) बनाया है जो 2021 से काम कर रहा है। यह कोष टीयर 3 से लेकर टीयर 6 शहरों और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में डिजिटल भुगतान की अवसंरचाना सुविधाओं के विस्तार के लिए है। इसके माध्यम से इस वर्ष मई के अंत तक ऐसी जगहों में 4.77 डिजिटल टच प्वाइंट लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि 2019-20 से 2024-25 के बीच छह वर्ष में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 65,000 से अधिक डिजिटल सौदे किए गए।

श्री चौधरी ने बताया कि आरबीआई ने देश भर में जगह-जगह डिजिट भुगतान के विस्तार के एक सूचकांक आरबीआई-डीपीआई बना रखा है।

## उच्च न्यायालयों के लिए 19 न्यायाधीश,अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार उच्च न्यायालयों के लिए 19 न्यायाधीश और अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। केंद्रीय विधि एवं न्याय की ओर से सोमवार को जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार मध्य प्रदेश, तेलंगाना और गुवहाटी के लिए उनकी नियुक्ति की गई है। अधिसूचना के अनुसार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद पर अधिवक्ता पुष्पेंद्र यादव, आनंद सिंह बहरावत, अजय कुमार निरंकारी, जय कुमार पिल्लई और हिमांशु जोशी की नियुक्ति की गई , जबकि न्यायिक अधिकारी रामकुमार चौबे और राजेश कुमार गुप्ता को पदोन्नत कर न्यायाधीश बनाया गया है। इसी प्रकार न्यायिक अधिकारी आलोक अवस्थी, रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, भगवती प्रसाद शर्मा और प्रदीप मित्तल को पदोन्नत कर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। तेलंगाना उच्च न्यायालय के लिए अधिवक्ताओं- गौस मीरा मोहिउद्दीन, चलपति राव सुदाला उर्फ एस चलपति राव, वाकीति रामकृष्ण रेड्डी और गादी प्रवीण कुमार को अतिरिक्त न्यायाधीश बनाया गया है। अधिसूचना के अनुसार, अधिवक्ता अंजन मोनी कलिता, राजेश मजूमदार, न्यायिक अधिकारी प्रांजल दास और संजीव कुमार शर्मा को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की नयी ओबीसी सूची पर रोक लगाने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की नयी सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि इस मामले में यथास्थिति बनाए रखना आवश्यक है। पीठ ने यह कहते हुए कि आरक्षण कार्यपालिका की कार्यप्रणाली का एक हिस्सा है, उच्च न्यायालय के उस आदेश को प्रथम दृष्टया गलत बताया और उस पर रोक लगा दी। पीठ ने कहा, यह आश्चर्यजनक है! उच्च न्यायालय इस तरह कैसे रोक लगा सकता है? आरक्षण कार्यपालिका के कार्यों का हिस्सा है। पीठ ने आगे कहा, जो भी हो, आयोग (ओबीसी) ने कुछ कार्यप्रणाली अपनाई है, जो सही हो सकती है या गलत, इसका फैसला उच्च न्यायालय करेगा। प्रथम दृष्टया आदेश गलत है। हम आदेश पर रोक लगाते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उच्च न्यायालय को 6-8 सप्ताह के भीतर इस मामले पर फैसला सुनाने का निर्देश दे सकती है। पीठ ने कहा, हम मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करेंगे कि वह एक विशेष पीठ का गठन करें, जिसमें विद्वान न्यायाधीश, (अध्यक्षता करने वाले को छोड़कर) सभी शामिल हों। पश्चिम बंगाल सरकार ने नयी ओबीसी सूची पर रोक लगाने वाले 17 जून के उच्च न्यायालय के आदेश की वैधता को चुनौती दी है। राज्य ने यह नयी सूची मई 2024 में उच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी सूची में 77 समुदायों को शामिल करने के फैसले को रद्द करने के बाद तैयार की थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन के खिलाफ दर्ज मुकदमा रद्द किया

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जानेमाने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन और अन्य के खिलाफ जन्म प्रमाण पत्र में हेराफ़ेरी करने के आरोप में दर्ज आपराधिक कार्यवाही और मुकदमा सोमवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने आरोपियों में शामिल सेन के अलावा उनके भाई, माता-पिता और एक कोच को भी राहत दी। पीठ ने पाया कि नागराजा एम जी की ओर से दायर की गई शिकायत में 'बदले की भावना स्पष्ट रूप से दिखती है' और इसकी वजह यह कि उनकी बेटी को 2020 में अकादमी में प्रवेश देने से मना कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता, विशेष रूप से चिराग और लक्ष्य, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों और बीडब्ल्यूएफ अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक सहित कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। पीठ ने कहा, ल्लऐसे व्यक्तियों को, जिन्होंने बेदाग रिकॉर्ड बनाए रखा और निरंतर उत्कृष्टता के माध्यम से देश के लिए प्रतिष्ठा अर्जित की है, प्रथम दृष्टया साक्ष्य के अभाव में आपराधिक मुकदमे की कठिन परीक्षा से गुजरने के लिए मजबूर करना न्याय के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं करेगा। ऐसी परिस्थितियों में आपराधिक कानून का सहारा लेना प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा, जिसे यह अदालत बर्दाश्त नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्राथमिकी 2022 में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के निर्देश पर बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी।

# पेज एक का शेष

### ऑपरेशन सिंदूर...

किया, लेकिन भारत ने इन सभी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई पूरी तरह संतुलित और आत्मरक्षा के तहत की गई। पाकिस्तान की ओर से सात मई से लेकर 10 मई की रात तक मिसाइल और लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया। उनके निशाने पर हमारे सैन्य अड्डे थे, लेकिन हमारी रक्षा प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने हर हमले को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान एक भी लक्ष्य को हिट करने में सफल नहीं हो पाया। पाकिस्तान की आक्रामकता के जवाब में भारत की कार्रवाई न सिर्फ साहसिक बल्कि निर्णायक भी थी। हमारे सैनिकों ने इस मिशन को पूरी सफलता के साथ अंजाम दिया और राष्ट्र की सुरक्षा को सुनिश्चित किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि शेर अगर मेंढकों को मारे तो उसका बहुत अच्छा संदेश नहीं जाता। भारत के सैनिक शेर हैं। पाकिस्तान जैसा, जो अपने अस्तित्व के लिए दूसरों पर आश्रित हो, उससे मुकाबले का मतलब है अपना स्तर कम करना। हमारी नीति है, आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना। हमारा पाकिस्तान विरोध उनकी आतंकवाद की नीति के कारण है। उन्होंने भगवान राम और कृष्ण का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी प्रवृत्ति भगवान राम और भगवान कृष्ण से प्रेरित है, जो हमें शौर्य भी सिखाती है और धैर्य भी सिखाती है। हमने भगवान कृष्ण से सीखा शिशुपाल की 100 गलतियां माफ की जा सकती हैं, लेकिन अब हमने सुदर्शन चक्र उठा लिया है। इस सीख का हम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी विदेश और रक्षा नीति में प्रयोग कर रहे हैं। भारत पहले दोस्ती का हाथ बढ़ाता है, लेकिन अगर कोई देश उसे धोखा दे, तो वह उसकी कलाई भी मरोड़ना जानता है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर हमारे सामर्थ्य का प्रतीक था, जिसमें हमने दिखाया कि अगर कोई हमारे नागरिकों को मारेगा तो भारत चुप नहीं बैठेगा। हमारा राजनैतिक तंत्र और नेतृत्व बिना किसी दबाव के काम करेगा। हमारी मिसाइलें भौतिक सीमाओं को पार करेंगी, वीर सैनिक दुश्मन की कमर तोड़ देंगे। हम आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। रक्षा मंत्री ने भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और साहस की सराहना करते हुए कहा कि छह-सात मई की रात हमारी सेना ने एक ऐतिहासिक ऑपरेशन को अंजाम दिया। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को अमानवीयता की चरम सीमा बताते हुए कहा कि हमलावरों ने लोगों की पहचान उनके धर्म के आधार पर की और उन्हें निशाना बनाया।

### आपरेशन सिंदूर...

का अमेरिका के साथ व्यापार से कोई संबंध नहीं था। श्री जयशंकर ने लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कहा कि ?श्री मोदी और श्री ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से 17 जून के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। दोनों नेताओं की बातचीत प्रधानमंत्री की कनाडा यात्रा के दौरान फोन पर हुई थी। श्री मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने कनाडा गये थे और अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें फोन करके अमेरिका आने का निमंत्रण दिया था। विदेश मंत्री ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान कुछ देशों ने कहा था कि पाकिस्तान युद्ध विराम चाहता है तो भारत की ओर से कहा गया कि यह आग्रह पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) की ओर से आना चाहिए। पाकिस्तान की ओर से डीजीएमओ की फोन कॉल आने के बाद ही सैन्य कार्रवाई रोकने पर विचार किया गया और इस पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से सिर्फ तीन देशों ने ही ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया था। यह भारत की सफल कूटनीति का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न देशों में गये भारतीय प्रतिनिधिमंडलों की बातों पर जिस तरह ध्यान दिया गया, उसे भी कूटनीति की उपलब्धियों में शुमार किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में विभिन्न मोर्चों पर भारत की कूटनीति सफल रही है और इसी का नतीजा है कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को अमेरिका ने वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। श्री जयशंकर ने कहा कि मुम्बई आतंकवादी हमले में संलिप्त कुख्यात आतंकवादी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाने में सफलता मिली है,यह भी देश की कूटनीति की सफलता का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि क्वाड और ब्रिक्स देशों ने भी भारत पर हुये आतंकवादी हमले की निंदा की है। फ्रांस, जर्मनी तथा यूरोपीय देशों ने कहा है कि भारत को आतंकवाद से अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। विदेश मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से कुछ बातें एकदम स्पष्ट हो गयी हैं,.... भारत को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है, भारत पाकिस्तान के मामले में किसी अन्य देश की मध्यस्थता नहीं होगी, भारत परमाणु हथियारों के हमले की धमकी के दबाव में नहीं आयेगा और आतंकवाद तथा वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि जहां तक सीमा सुरक्षा का सवाल है पिछले 10 वर्षों में सीमावर्ती इलाकों में अवसंरचनाओं के विकास में चार गुना वृद्धि हुई है।

### पहलगाम हमले, ऑपरेशन...

कहा कि पहलगाम में 26 आतंकवादियों को मारने वाले आतंकवादी वहां पहुंचे कैसे, सीमा सुरक्षा बल ने ध्यान क्यों नहीं दिया। हमले के बाद आतंकवादी भाग निकले और वे अब तक पकड़े नहीं गये। गृह मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इतना बड़ा आतंकवादी हमला हो गया तो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोबाल क्या कर रहे थे। समाजवादी पार्टी के रमाशंकर राजभर ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले जैसी घटनायें रोकने के लिए देश की सुरक्षा व्यवस्था को बहुत मजबूत करना होगा। श्री राजभर ने कहा कि कहावत है, ल्ल आकाश बांधो, पाताल बांधो और अपनी टाटी भी बांधो। ङ्क इसका मतलब है कि अपने घर को मजबूत करना भी बहुत जरूरी है, तभी पुख्ता सुरक्षा हो सकती है। उन्होंने कहा कि दावा किया जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 आतंकवादियों को मार दिया गया लेकिन पहलगाम हमले में शामिल चार आतंकवादी कहां गये? ये चार आतंकवादी कब मारे जायेंगे? श्री राजभर ने पहलगाम हमले के बाद देश की जनता की सराहना करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों के धर्म पूछ कर पर्यटकों की हत्या करने के बावजूद देश में कोई साम्प्रदायिक तनाव नहीं हुआ। पाकिस्तान यह हरकत देश में दंगा भड़काने की थी, जिसे देश की जनता ने एकजुटता दिखाते हुए विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 26 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाया। श्री ट्रम्प ने यह भी कहा है कि उस युद्ध के दौरान पांच जेट विमान गिराये गये, इन बयानों पर सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका की पाकिस्तान के साथ घनिष्ठता है और पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आमिर मुनीर को श्री ट्रम्प निमंत्रण देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को किसी देश के दबाव में नहीं आना चाहिए और किसी देश के सामने झुकना भी नहीं चाहिए। चर्चा हिस्सा लेते हुए तेलुगू देशम पार्टी के लावू श्रीकृष्ण देवरायलु ने पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि उसने दुनिया को आतंक दिया है और भारत ने अहिंसा दी। हालात यह है कि पाकिस्तान में आजादी के बाद कभी किसी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। जहां हमने दलाई लामा जैसी शख्सियत को शरण दी, वहीं पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन जैसे खूंखार आतंकवादी को शरण दी। पाकिस्तान में आतंकवादी खुलेआम घूम रहे हैं। वहां की सरकार आतंकवादियों को संरक्षण देकर अन्याय कर मानवता के खिलाफ काम कर रहा है। उन्होंने भारत सरकार से रक्षा क्षेत्र में और प्रभावी तरीके से काम करने का आह्वान करते हुए सरकार से रक्षा क्षेत्र में देसी तकनीकी को बढ़ावा देने का आग्रह किया और कहा कि स्वदेश में निर्मित रक्षा प्रणाली पर फोकस किया जाना चाहिए। पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि आतंकवाद हमारे लिए हमेशा संकट बना रहा है और आतंकवादियों ने मुंबई से लेकर देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी हमले किये है। उनका कहना था कि इस मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहाने की बजाय सभी दलों के नेताओं को आतंकवाद खत्म करने को लेकर अपने सुझाव रखने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवादियों को उनके घर पर ही मारने का संकल्प लिया और इस दिशा में पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक जैसी निर्णायक कदम उठाया। एक और कदम से पाकिस्तान की आतंकवादी प्रशिक्षण केंद्रों को हवाई हमले कर ध्वस्त किया गया। इधर 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमला हुआ और प्रधानमंत्री बीच में ही विदेश यात्रा छोड़कर स्वदेश लौट आये और बिहार के मधुबनी में पंचायती राज दिवस पर उन्होंने कहा था कि इसका करारा जवाब दिया जाएगा। फिर छह और सात मई की देर रात हमारी सेना ने नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गये और कई आतंकवादी ठिकाने नष्ट किये गये। पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी आतंकवादियों के जनाजे में गए। जवाब में पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई सामने आयी तो हमारी सेना ने उसके 11 एयरबेस को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि जिस ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता को पूरी दुनिया ने देखा वह सफलता इस देश की विपक्षी दलों को नजर नहीं आ रही है। भारत ने साबित किया कि वह सटीक कार्रवाई करते समय किसी की नहीं सुनता है। उनके खिलाफ दुष्प्रचार होता है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का तबाह होने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन श्री मोदी झूठ की परवाह किये बिना सच को महत्व देते हैं और उसी के अनुरूप कार्रवाई करते हैं। जब पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई हो रही थी तो किसी देश ने भारत का साथ नहीं दिया उल्टे इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड में पाकिस्तान को कर्ज दे दिया जिसका वह आतंकवाद को बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करता है, लेकिन हम इस मुद्रा कोष के सीधी जा रही मदद को नहीं रोक पाए। शिवसेना के उद्धव गुट के अरविंद सावंत ने ऑपरेशन सिन्दूर में सेवा के शौर्य को नमन किया, लेकिन कहा कि खोखली राजनीति कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय लेने के लिए की जा रही है। सवाल यह है की पहलगाम में इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक जाते हैं, लेकिन वहां कोई पुलिस का जवान नहीं होता है। उन्होंने सवाल किया कि उस दिन हमारे जवान कहां थे और खुफिया तंत्र क्या कर रहा था जब आतंकवादियों ने हमारे निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या की। ऑपरेशन सिन्दूर चलाया गया, लेकिन पहलगाम हमले के दोषी आतंकवादियों को अब तक नहीं पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना बंद किया जाना चाहिए जो पाकिस्तान हमारे खिलाफ साजिश करता है उसके साथ क्रिकेट नहीं खेला जा सकता। भाजपा के बैजयंत पांडा ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवाद के साथ लंबा इतिहास रहा है। भारत ने हर बार शांति का हाथ बढाया लेकिन पाकिस्तान ने हर बार आतंकवाद का रास्ता अपनाया। पाकिस्तान लगातार आतंकवादियों को पनाह देता रहा। उन्होंने कहा ल्ल पाकिस्तान ने पर्यटकों को निशाना बनाया जबकि हमने आतंकवादियों को निशाना बनाया। ऑपरेशन सिंदूर में हमारा मकसद नागरिकों को नुकसान पहुंचाना नहीं था हमने सिर्फ आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया है

### मुठभेड़ में मारे...

में तीन आतंकवादी ढेर हो गये। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी आतंकवादी सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मूसा है, जो गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का कथित मास्टरमाइंड था। पहलगाम हमले में एक स्थानीय निवासी और 25 पर्यटक मारे गए थे और भारत तथा पाकिस्तान एक पूर्ण युद्ध के कगार पर पहुंच गए थे। पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुलेमान और दो अन्य के बारे में जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान एक एम4 और एके-47 राइफल, ग्रेनेड और अन्य हथियार और गोला-बारुद भी बरामद किया है।

### 21 पीसीएस...

से प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ बनाए गए हैं। बृजेश कुमार त्रिपाठी एडीएम (वि/रा) अमरोहा से संयुक्त निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय लखनऊ, गरिमा सिंह अपर आयुक्त मेरठ मंडल से एडीएम (वि/रा) अमरोहा बनाई गई हैं। राकेश कुमार पटेल एडीएम (वि/रा) कासगंज से अपर आयुक्त लखनऊ मंडल, दिग्विजय प्रताप सिंह नगर मजिस्ट्रेट इटावा से एडीएम (वि/रा) कासगंज बनाए गए हैं। राजेंद्र बहादुर एसडीएम इटावा से नगर मजिस्ट्रेट इटावा, अंबरीश कुमार बिंद एडीएम (वि/रा) रामपुर से अपर आयुक्त मेरठ मंडल बनाए गए हैं। संदीप कुमार वर्मा नगर मजिस्ट्रेट रामपुर से एडीएम (वि/रा) रामपुर, रेशमा सहाय एसडीएम यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से एसडीएम कन्नौज, रेणुका दीक्षित एसडीएम यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से एसडीएम इटावा बनाई गई हैं।

### अवसानेश्वर मंदिर...

हो गए जिन्हें तत्काल हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां इलाज के दौरान एक और श्रद्धालु की मौत हो गई। पांच लोगों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भेजा गया है जहां पर उनकी हालत चिंता जनक बताई जाती है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मौके में पहुंच गये और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरु किया गया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार बंदर के बिजली के तार पर कूदने से तार टूट गया जिससे टीन शेड में करंट दौड़ गया। मृतकों में एक की पहचान थाना लोनीकटरा क्षेत्र के गांव मुबारकपुरा निवासी प्रशांत (22) के तौर पर की गयी है जबकि एक अन्य श्रद्धालु के शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। हादसे के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया जिसे प्रशासनिक अफसरों ने मौके पर पहुंच कर संभाल लिया। घटना के बाद मंदिर में आए लोग नियमित तरीके से दर्शन-पूजा कर रहे हैं।

### मृतकों के परिजनों को ...

साथ ही प्रत्येक मृतक के परिजन को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

### मतदाता सूची प्रारुप के प्रकाशन...

दायर की है। इसी प्रकार गैर सरकारी संगठनों - एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल और सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव समेत अन्य ने इस संबंध में चुनाव आयोग के फैसले की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। चुनाव आयोग के उक्त आदेश के खिलाफ याचिका दायर करने वालों ने दावा किया कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र बाधित हो सकता है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति यशवंत...

ने यह भी दावा किया कि नकदी की खोज के संबंध में न्यायाधीश के खिलाफ कोई दुर्व्यवहार सिद्ध नहीं हुआ है। इस पर पीठ ने कहा कि उन्होंने (याचिकाकर्ता) नकदी की मौजूदगी या आग लगने की घटना से इनकार नहीं किया। तब अधिवक्ता ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि नकदी किसकी थी। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई बुधवार को करेगी। अपनी याचिका में न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर नगदी मिलने के मामले में अदालत की आंतरिक जांच प्रक्रिया को चुनौती दी है। उन्होंने दिल्ली से इलाहाबाद उच्चन्यायालय स्थानांतरण करने और संबंधित जांच समिति द्वारा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को भी चुनौती दी है।

# मनसा देवी सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शक क्षमता में वृद्धि कर व्यवस्था सुगम बनाई जाए: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से मनसा देवी मंदिर परिसर सहित अन्य प्रमुख मंदिर परिसरों के सुनियोजित विकास, धारण क्षमता में वृद्धि और व्यवस्थित दुकान प्रबंधन पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की व्यवस्था सुदृढ़ करने, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में एक उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री धामी ने हरिद्वार स्थित मनसा देवीऽचंडी देवी मंदिर, टनकपुर स्थित पूर्णागिरि धाम, नैनीताल के कैंची धाम, अल्मोड़ा के जागेश्वर मंदिर, पौड़ी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर सहित अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालु पंजीकरण, पैदल मार्गों और सीढ़ियों का चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री धामी ने दोनों मंडलों के आयुक्तों की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करने के निर्देश दिए। इस समिति में संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष, एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं का पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए तथा दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या नियंत्रित करते हुए चरणबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### मनसा देवी भगदड़स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण, कल होगी मंदिर पदाधिकारियों के साथ बैठक

हरिद्वार। मनसा देवी मंदिर सीढ़ी मार्ग पर भगदड़ की घटना के बाद हरिद्वार जिला और पुलिस प्रशासन दोनों जांच में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में आज एसएसपी और जिलाधिकारी ने मनसा देवी मंदिर मार्ग का निरीक्षण किया। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने चंडी देवी मंदिर में व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को मनसा देवी और चंडी देवी दोनों मंदिर के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक रखी गई है। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। साथ ही कुछ व्यवस्थाओं को फिलहाल प्रयोग के तौर पर मनसा देवी और चंडी देवी में किया जाएगा। इसके बाद उन्हें स्थायी करने का विचार किया जाएगा। जिलाधिकारी दीक्षित ने कहा फिलहाल मनसा देवी और चंडी देवी दोनों ही मंदिरों में टेंपरेरी डिस्पेंसरी की शुरुआत की जाएगी। साथ ही सीढ़ी वाले मार्ग को फिलहाल श्रद्धालुओं के लिए बंद रखा जाएगा। इसके अलावा पैदल मार्ग पर यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था की जाएगी। जूता केन्द्र को भी वहां से शिफ्ट करने का प्लान किया जा रहा है।

# श्रावण माह के तीसरे सोमवार को बाबा सोमेश्वर महादेव को लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। उमस भरी भीषण गर्मी के बीच श्रावण मास की तीसरी सोमवारी पर जिले के अरेराज स्थित सुप्रसिद्ध मनोकामनापूरक पंचमुखी बाबा सोमेश्वरनाथ महादेव को जलाभिषेक के लिए मंदिर में लाखो श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।देर रात्रि पूजा के बाद करीब दो बजे ही श्रद्धालुओ के जलाभिषेक के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया। मंदिर प्रबंधन के अनुसार दोपहर तक करीब डेढ लाख से ज्यादा लोग जलाभिषेक कर चुके हैं।वही अब भी जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर के बाहर कई किलोमीटर तक श्रद्धालुओ की लंबी कतार लगी हुई है। पूरा वातावरण ''बोल बम'' और ''हर-हर महादेव'' के जयघोष से गूंजायमान हो रहा है। मंदिर के महंत महा मंडलेश्वर रविशंकर गिरि ने बताया कि श्रद्धालुओ की भारी भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइनें लगाई गई हैं। सुरक्षा को लेकर प्रशासन के स्तर पर भी व्यापक प्रबंध किये गये है।

अरेराज डीएसपी रवि कुमार स्वयं भीड़ पर नजर बनाएं दिखे। उन्होने बताया कि श्रद्धालुओ के भीड़ को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में महिला व पुरूष बल की तैनाती की गई है।इसके साथ ही सादे लिबास पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है,ताकि संदिग्ध लोगो पर पैनी नजर रखी जा सके। पूरे मंदिर परिसर को सीसीटीवी कैमरों से लैस कर कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है।इसके साथ ही मंदिर परिसर में मेडिकल कैंप भी लगाया गया है।जहां डॉक्टरों की टीम किसी भी आपात स्थिति से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे है।

# जालंधर के सिविल अस्पताल के आईसीयू में हुई मौतों की जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डा. बलबीर सिंह ने शहीद बाबू लाभ सिंह सिविल अस्पताल, जालंधर में आई.सी.यू. में तीन मरीजों की मौत के मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए है। ऑक्सीजन की आपूर्ति में गड़बड़ी की रिपोर्टें मिलने के बाद मंत्री ने रविवार रात 12:55 बजे डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल के साथ अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

डा. सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए सोमवार को स्पष्ट किया कि तकनीकी खराबी के कारण ऑक्सीजन प्लांट में दबाव कम होने की समस्या आई, जिसे तुरंत बैकअप सिस्टम द्वारा बहाल कर लिया गया और प्लांट ऑपरेटर द्वारा पूरे सिस्टम को वैकल्पिक कंप्रेसर पर ट्रांसफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सीनियर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस मामले की गहराई से जांच कर 48 घंटों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार दुख की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों की मृत्यु हुई, वे पहले से ही गंभीर स्थिति में थे ऽ एक मरीज के कई अंग पहले से ही काम नहीं कर रहे थे और दूसरा मरीज किसी पुरानी बीमारी से पीड़ित था। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में स्टाफ की कोई कमी नहीं थी और मरीजों की देखभाल के लिए 46 इंटर्न, 14 हाउस सर्जन और डीएनबी विद्यार्थी तैनात किए गए थे। इस मामले की जवाबदेही पर ज़ोर देते हुए मंत्री ने कहा कि यदि अस्पताल स्टाफ की कोई गलती या लापरवाही पाई जाती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दो घंटे की बारिश में राजधानी पटना हुआ पानी-पानी रेल परिचालन सहित हवाई यातायात प्रभावित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है रविवार-सोमवार हुई दो घंटे की बारिश से राजधानी पटना में सड़कें जलमग्न हो गई है। रेलवे स्टेशन की पटरी समेत कई प्रमुख इलाकों में जलभराव के कारण रेलवे परिचालन यातायात बाधित हो गया है। पटना एयरपोर्ट पर भी बारिश का बुरा प्रभाव पड़ा है जिससे कई उड़ानों में देरी हुई है। इसके साथ ही उड़ानों को रद्द भी किया गया है। राजधानी के कई मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील हो गए हैं। अटल पथ, गोविंद मित्रा रोड, वीरचंद पटेल पथ, किदवईपुरी, राजेंद्र नगर, कंकड़बाग, और विधानसभा परिसर समेत कई इलाकों में भारी जलजमाव के कारण लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जलभराव के कारण कई घरों में भी पानी घुस गया है, जिससे आम जनता का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश और खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कटिहार में आयोजित प्रगति यात्रा कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। मुख्यमंत्री कटिहार जाकर स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के चलते यह संभव नहीं हो पाया। पटना एयरपोर्ट पर बारिश के कारण आधा दर्जन से अधिक उड़ानें विलंबित हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली से पटना आने वाली विमान को बारिश और खराब विजिबिलिटी के कारण दो बार चक्कर लगाना पड़ा। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में तेज बारिश के कारण एक पेड़ भी गिर गया, जिससे क्षेत्र में अवरुद्धता हुई। पटना नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी जलभराव को निकालने में जुटे हुए हैं। कई जगहों पर जल निकासी के लिए पंप लगाकर पानी को बाहर निकाला जा रहा है। वीरचंद पटेल पथ में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दीवार पर पेड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया, जिससे क्षेत्र में खतरे का माहौल है। बारिश और जलजमाव के कारण स्कूली बच्चे और रोजाना के काम-काज के लिए बाहर जाने वाले लोग गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कंकड़बाग, राजेंद्र नगर, किदवईपुरी, एयरपोर्ट क्षेत्र समेत कई इलाकों में गाड़ियां जाम और धीमी गति से चल रही हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे के लिए पटना और आसपास के जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। लोगों को नदी-नाले के किनारे जाने से बचने और सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# बीएसएफ ने पंजाब सीमा पर हेरोइन व पिस्तौल से लदे चार ड्रोन किए जब्त

चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने अमृतसर और तरनतारन सीमा पर अलग-अलग घटनाओं में हथियारों और नशीले पदार्थों की सीमा पार तस्करी पर अंकुश लगाने के अपने अथक प्रयासों को जारी रखते हुए एक पिस्तौल और हेरोइन से लदे चार ड्रोन जब्त किए। बताया जाता है कि रविवार की मध्यरात्रि के दौरान ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने अमृतसर के पुलमोरन गाँव से सटे इलाके से तीन डीजेआई माविक-3 क्लासिक ड्रोन, एक पिस्तौल और दो हेरोइन के पैकेट (कुल वजन- 1.150 किलोग्राम) को सफलतापूर्वक निषक्रिय कर बरामद किया। ड्रोन से एक-एक पैकेट जुड़ा हुआ पाया गया। कल ही विशेष सूचना के आधार पर एक संयुक्त तलाशी अभियान में, बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने तरनतारन के डल गाँव से सटे एक खेत से एक डीजेआई एआईआर तीन ड्रोन बरामद किया।

# स्वच्छ और हरित दिल्ली हमारी साझा जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर वनों, नदियों और समृद्ध जैव विविधता की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ और हरित दिल्ली केवल एक आकांक्षा नहीं है, यह हमारी साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने ग्रह की रक्षा और संरक्षण के लिए एकजुट होने की अपील की है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सभी को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज पर्यावरण संरक्षण को एक जन-आंदोलन में बदल रहा है। मंत्री प्रवेश साहिब ने कहा कि आइए इस अवसर पर हम भी प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाएं।

# बादल ने 'आप' की भूमि अधिग्रहण नीति की आलोचना की

कैनविज टाइम्स संवादाता

■ नौकरशाहों को जांच की धमकी दी

मोहाली। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की विवादास्पद भूमि अधिग्रहण नीति को 'भूमि हड़पने की योजना' करार देते हुए शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने सोमवार को यहां एक विशाल रैली में कहा कि शिअद राज्य के किसानों की 'एक इंच' जमीन भी नहीं लेने देगा।

श्री बादल ने किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष का वादा करते हुए आप सरकार पर तीखा हमला बोला और उस पर 18 महीने में 25,000-30,000 करोड़ रुपये कमाने के लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने संकल्प किया कि उनकी पार्टी राज्य की 'एक इंच' ज़मीन भी नहीं लेने देगी। श्री बादल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब के किसानों और उनकी ज़मीन के बीच बहुत गहरा नाता है और इसकी अनदेखी करने के लिए आप की कड़ी आलोचना की और इस नीति को विकास के नाम पर ज़मीन हड़पने की योजनाङ्क बताया।

उन्होंने सरकार पर 1995 के एक पुराने कानून को लागू करके पर्यावरणीय आकलन और सामाजिक प्रभाव अध्ययन सहित ज़रूरी क़ानूनी जरूरतों को दरकिनार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ल्लदिल्ली के लुटेरे पंजाब की आत्मा या उसके लोगों की चाहत को नहीं समझते।ङ्क उन्होंने आरोप लगाया कि आप की धन इकट्ठा करने की होड़ उसकी आसन्न चुनावी हार से उपजी है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने नौकरशाहों को भी कड़ी चेतावनी देते हुए उनसे अपने कर्तव्यों को याद रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ल्लचुनाव के बाद ये नेता दिल्ली भाग जायेंगे, लेकिन अधिकारी यहीं रहेंगे। जो लोग इस योजना का समर्थन करके मुख्य सचिव या आयुक्त जैसे पदों को पाने के प्रयास कर रहे हैं, उन्हें अकाली दल सरकार में जाँच का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने सत्ता परिवर्तन की बात कही, आज जो पुलिस आप को सलाम कर रही है, वही 18 महीने बाद जब हम सत्ता में वापस आएंगे, तो अकालियों को सलाम करेगी। श्री बादल ने अकाली दल की विरासत का जिक्र करते हुए राज्य के बुनियादी ढाँचे में पार्टी के योगदान का उल्लेख किया जिसमें सड़कें, अस्पताल, फ्लाईओवर और विश्वविद्यालय शामिल हैं। उन्होंने इसकी तुलना कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार और वर्तमान आप सरकार की 'निष्क्रियता' से की और दिल्ली की पार्टियों पर दशकों से पंजाब का शोषण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अकाली दल मेरी जागीर नहीं है। यह हमारे बुजुर्गों के बलिदान पर बना है। यह एकमात्र ऐसी पार्टी है जो वास्तव में पंजाबियों की परवाह करती है। उन्होंने पार्टी को मज़बूत करने के लिए एकजुटता का आह्वान किया।

श्री बादल ने मुख्य सचिव अनुराग कुंडू और नीति की निगरानी करने वाली समिति में नामित अन्य अधिकारियों–शौकत राय, विभव माहेश्वरी और सीमा बंसल को सीधी चुनौती देते हुए इस योजना को रोकने का साहस दिखाने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों से इस नीति को लागू करने से रोकने का आग्रह करते हुए दावा किया, ल्लयहाँ तक कि मुख्यमंत्री भी मानते हैं कि अगर वह इस पर हस्ताक्षर करते हैं तो वे फंस जायेंगे।

# भगत ने सिविल अस्पताल का किया दौरा शोक संतप्त परिवारों को मदद का आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब के बागवानी एवं रक्षा सेवाए कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने शहीद बाबू लाभ सिंह सिविल अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड का दौरा किया और वहाँ भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। साथ ही रविवार शाम आई.सी.यू. में तीन मरीजों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के संबंध में स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान, कैबिनेट मंत्री ने अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ इस दुर्घटना के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल गंभीर कदम उठाने के निर्देश दिए। श्री भगत ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार अस्पताल में हुई मौतों को लेकर बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा कि पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डा. बलबीर सिंह ने रविवार देर रात व्यक्तिगत रूप से अस्पताल का दौरा किया और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जाँच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सिविल अस्पताल पहुँचकर जाँच शुरू कर दी है और निर्धारित समय के भीतर रिपोर्ट पंजाब सरकार को सौंप दी जाएगी। सरकारी अस्पताल में हुई इस घटना को पहली घटना बताते हुए श्री भगत ने ज़ोर देकर कहा कि सुरक्षा मानकों को और मज़बूत किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो। उन्होंने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब सरकार इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ है और उन्होंने आश्वासन दिया कि जाँच के बाद जवाबदेही तय करने के अलावा सुधार के अन्य उपाय भी लागू किए जाएँगे।

# स्वच्छ भारत संकल्प के साथ रक्सौल सीमा शुल्क विभाग ने किया छठ घाट की सफाई व सौंदर्यीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत संकल्प के तहत सोमवार को रक्सौल सीमा शुल्क विभाग ने बेहतरीन पहल की शुरूआत की है। विभाग के अधिकारियों ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित छठ घाट की सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य किया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक आयुक्त रामानंद सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क विभाग केवल सीमा की सुरक्षा ही नहीं करता, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करता है। उन्होंने बताया कि छठ घाट पर काफी समय से गंदगी फैली हुई थी। इसे देखते हुए विभाग ने निर्णय लिया कि इस घाट को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा। सहायक आयुक्त ने बताया कि यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत किया जा रहा है, और भविष्य में घाट को प्रकाश व्यवस्था से सुसज्जित कर और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग तन-मन से इस कार्य को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़ाएगा। अभियान में सीमा शुल्क रक्सौल के अधिकारी अजय गुप्ता, संतोष कुमार, हरे कृष्ण प्रसाद, सुशील कुमार सिन्हा, अमन कुमार, विभव कुमार, श्रवण कुमार, प्रकाश कुमार, राजेश कुमार, ओंकार कुमार समेत अन्य अधीक्षक व निरीक्षक पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय वार्ड पार्षद जितेन्द्र दत्ता और रंजीत श्रीवास्तव ने भी अपनी नगरपरिषद टीम के साथ पूरा सहयोग प्रदान किया। इस स्वच्छता अभियान ने यह संदेश दिया कि सरकारी संस्थाएं न केवल प्रशासनिक कार्यों में बल्कि सामाजिक विकास में भी बराबरी से भाग ले रही हैं। स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर रक्सौल की दिशा में यह एक प्रेरणादायक पहल मानी जा रही है।

# नगर निगम डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है: सत्या शर्मा

नई दिल्ली। नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सोमवार को दिल्ली में डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए विभिन्न कदम उठाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिन्दूराव अस्पताल, स्वामी दयानन्द अस्पताल और कस्तूरबा अस्पताल को सेंटिनल सर्विलांस अस्पताल घोषित किया गया। सत्या शर्मा ने बताया कि दिल्ली नगर निगम मच्छरजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए निगम ने विभिन्न अस्पतालों में विशेष व्यवस्थाएं की हैं। ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों का उपचार हो सके। सत्या शर्मा ने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों के इलाज हेतु हिन्दूराव अस्पताल, स्वामी दयानन्द अस्पताल और कस्तूरबा अस्पताल को सेंटिनल सर्विलांस अस्पताल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इन अस्पतालों में मरीजों के इलाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063